

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर, सोमवार, 06 अप्रैल 2026 ■ चैत्र कृष्ण पक्ष-4 ■ वर्ष- 42 ■ अंक-008 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 07 अप्रैल 2026 ■ मूल्य 2.00 रु.


## हाई कोर्ट ने किया सजा का ऐलान, एक हजार का जुर्माना भी

# जग्गी हत्याकांड में अमित जोगी को उम्र कैद

**बिलासपुर, 6 अप्रैल।** एनसीपी के नेता स्व रामअवतार जग्गी हत्याकांड में छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाई कोर्ट के डिवीजन बेंच ने बड़ा फैसला सुनाया है। निचली अदालत के फैसले को रद्द करते हुए हाई कोर्ट ने हत्याकांड के प्रमुख आरोपी अमित जोगी को उम्र कैद की सजा सुनाई है। आजीवन कारावास के साथ ही एक हजार रुपये जुर्माना किया। जुर्माने की राशि ना पटाने पर छह महीने अतिरिक्त कठोर कारावास की सजा दी है। फैसले की खास बात ये कि डिवीजन बेंच ने सतीश जग्गी की याचिका को खारिज कर दिया है। 78 पेज में डिवीजन बेंच का यह फैसला आया है।



### डिवीजन बेंच ने अपने फैसले में ये कहा

आरोपी अमित जोगी उर्फ अमित ऐश्वर्या जोगी को आईपीसी की धारा 302 के साथ धारा 120-बी के तहत दंडनीय अपराध का दोषी ठहराया जाता है और उसे आजीवन कारावास के साथ 1,000 रुपये का जुर्माना लगाया जाता है, और जुर्माना न भरने पर छह महीने का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा।

**अपीलकर्ता-** सीबीआई द्वारा दायर अपील स्वीकार की जाती है। शिकायतकर्ता सतीश जग्गी द्वारा दायर पुनरीक्षण याचिका का भी निपटारा किया जाता है। चूंकि हमने 4 अप्रैल 2024 के निर्णय के माध्यम से अन्य संबंधित अपीलों में अन्य आरोपियों/दोषियों को दी गई दोषसिद्धि और सजा की पुष्टि पहले ही कर दी है, इसलिए शिकायतकर्ता सतीश जग्गी द्वारा दायर पुनरीक्षण याचिका निष्प्रभावी होने के कारण खारिज की जाती है।

**आरोपी-** अमित जोगी उर्फ अमित ऐश्वर्या जोगी जमानत पर है। उनकी जमानत आज से तीन सप्ताह की अवधि तक प्रभावी रहेगी, इस दौरान उन्हें संबंधित ट्रायल कोर्ट के समक्ष आत्मसमर्पण करना होगा, ऐसा न करने पर ट्रायल कोर्ट उन्हें हिरासत में ले लेगा और इस न्यायालय द्वारा दी गई सजा को पूरा करने के लिए उन्हें जेल भेज देगा। रजिस्ट्री को निर्देश दिया जाता है कि वह इस फैसले की एक प्रति, आरोपी अमित जोगी उर्फ अमित ऐश्वर्या जोगी को भेजे, और उन्हें सूचित करे कि उन्हें सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष इस फैसले को चुनौती देने का अधिकार है, चाहे वे स्वतंत्र रूप से चुनौती दें या कानूनी सहायता से। रजिस्ट्रार (न्यायिक) को यह भी निर्देश दिया जाता है कि इस निर्णय की प्रमाणित प्रति, मूल निचली अदालत के अभिलेखों के साथ, संबंधित निचली अदालत को सूचना और आवश्यक कार्रवाई, यदि कोई हो, के लिए आज से एक सप्ताह की अवधि के भीतर भेजी जाए।

### हाई कोर्ट ने अपने फैसले में ये खास टिप्पणी की

जब सभी आरोपियों पर एक ही अपराध में सहभागिता का आरोप हो, तो किसी विशेष आरोपी के पक्ष में कृत्रिम भेदभाव नहीं किया जा सकता। जहां अभियोजन पक्ष का मामला सभी आरोपियों के खिलाफसमान साक्ष्यों पर आधारित हो, वहां एक आरोपी को बरी करते हुए अन्य को उसी साक्ष्य के आधार पर दोषी ठहराना अनुचित होगा, जब तक कि उस आरोपी के पक्ष में बरी करने का कोई ठोस और निर्णायक मामला स्वतंत्र रूप से सिद्ध न हो जाए।

### 23 साल पहले रामअवतार जग्गी की गोली मारकर की गई थी हत्या

4 जून 2003 को एनसीपी नेता रामअवतार जग्गी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने 31 लोगों को आरोपी बनाया था। बाद में बलटू पाठक और सुरेंद्र सिंह सरकारी गवाह बन गए थे। अमित जोगी को छोड़कर बाकी 28 लोगों को दोषी करार दिया गया था। हालांकि बाद में अमित जोगी को बरी कर दिया गया था।

### अमित पर 20 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट में होगा अंतिम फैसला

**रायपुर, 6 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित राम अवतार जग्गी हत्याकांड मामले में आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई, जहां छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के दो निर्णयों 25.03.2026 (जिसमें अपील दायर करने की अनुमति दी गई) और 02.04.2026 (जिसमें अपील को स्वीकार किया गया) को एक साथ जोड़ते हुए 20 अप्रैल 2026 को संयुक्त सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया।

इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संजीव मेहता की पीठ ने की। अमित अजीत जोगी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, मुकुल रोहतगी, विवेक तन्खा और सिद्धार्थ दवे उपस्थित हुए। उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय को बताया कि उच्च न्यायालय द्वारा पारित उपरोक्त दोनों निर्णयों में प्राकृतिक न्याय के मौलिक सिद्धांतों का पालन नहीं किया गया है और सर्वोच्च न्यायालय के 6 नवंबर 2025 के स्पष्ट आदेश का उल्लंघन करते हुए अमित जोगी को बिना सुनवाई का कोई अवसर दिए दोनों निर्णय पारित किए गए।

न्यायालय को यह भी अवगत कराया गया कि 02 अप्रैल 2026 का उच्च न्यायालय का निर्णय, जिसमें पैरा 37 में यह दर्ज है कि यह बिना अमित जोगी को सुने पारित किया गया, आज ही सुबह उच्च न्यायालय की वेबसाइट में अपलोड किया गया। इस संबंध में रजिस्ट्रार (न्यायिक) ने उनके अधिवक्ता को दूरभाष पर सूचित किया था। सर्वोच्च न्यायालय ने अमित जोगी को अंतिम निर्णय के विरुद्ध अपील 20 अप्रैल 2026 से पहले दायर करने के निर्देश दिए, ताकि सभी मामलों की उसी दिन संयुक्त रूप से अंतिम सुनवाई की जा सके।

## संक्षेप

### विधायक के गद्दार वाले बयान पर बवाल

**रायपुर, 6 अप्रैल।** अभनपुर क्षेत्र के चंपारण मंडल अंतर्गत भिलाई गांव में आयोजित भाजपा के



प्रशिक्षण शिविर के दौरान उस वक्त माहौल गरमा गया, जब विधायक इंद्र कुमार साहू का एक बयान विवाद का कारण बन गया। वायरल हो रहे वीडियो में विधायक यह कहते नजर आ रहे हैं कि जो लोग पार्टी में गद्दारी करते हैं, वे प्रवक्ता बनकर जाते हैं। उनके इस बयान के बाद कार्यक्रम स्थल पर मौजूद कार्यकर्ताओं अपनी जगह से उठ गए और फिर विधायक से तीखी बहस शुरू हो गई। बताया जा रहा है कि देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और हल्की धक्का-मुक्की की स्थिति भी बन गई। हालांकि मौके पर मौजूद वरिष्ठ नेताओं ने स्थिति को संभाल लिया। इस विवाद का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। विधायक इंद्र कुमार साहू ने अपने संबोधन में संगठन में अनुशासन और निष्ठा पर सख्त संदेश दिया था, लेकिन उनका यह बयान कार्यकर्ताओं को राश नहीं आया। वहीं विधायक के समर्थकों का कहना है कि उनके बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया जा रहा है।

### रेलवे ट्रैक पर अज्ञात महिला का शव मिला

**रायपुर, 6 अप्रैल।** आज सुबह ग्राम हथबंद और रिंगनी के बीच रेलवे ट्रैक पर खंभा क्रमांक 781/5 के पास लगभग 50 वर्षीय अज्ञात महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही संबंधित विभाग और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रथम दृष्टया जांच में महिला की मृत्यु ट्रेन की चपेट में आने (रनओवर) से होना प्रतीत हो रहा है। हालांकि, वास्तविक कारणों की पुष्टि विस्तृत जांच और आवश्यक वैधानिक कार्यवाही के बाद ही हो सकेगी। शव को पंचनामा कार्रवाई के उपरांत पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतका की पहचान सुनिश्चित करने के लिए आसपास के ग्रामों के सरपंचों और कोटवारों के माध्यम से सूचना प्रसारित की जा रही है।

### ऑटो पार्ट्स दुकान में आग, लाखों का नुकसान

**बलौदाबाजार, 6 अप्रैल।** जिले के कटगी में एक बड़ी आगजनी की घटना हुई है। यहां स्थित रमेश ऑटो पार्ट्स की दुकान में अचानक भीषण आग लग गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि आग की लपटें इतनी तेज थी कि करीब 3 घंटे तक धधकती रही। इस भीषण आग में दुकान में रखे ऑटो पार्ट्स के लाखों रुपये के सामान के साथ-साथ दूसरे कमरे में रखी नगदी रकम भी जलकर पूरी तरह राख हो गई। वहीं आग पर काबू पाने के लिए आसपास के लोग व फायर ब्रिगेड की टीम जुटी और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। घटना की सूचना मिलते ही कसडोल थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। इस आगजनी की घटना में करीब 10 से 15 लाख रुपये से अधिक के नुकसान हुआ है। फिलहाल, आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

### तेंदुए की खाल के साथ अंतरराज्यीय गिरोह के 9 सदस्य गिरफ्तार


**बलरामपुर, 6 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में दो तेंदुओं की खाल के साथ एक अंतरराज्यीय गिरोह के नौ सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपितों ने तेंदुओं की खाल कहां से प्राप्त की, इसकी जानकारी साझा नहीं की गई है। आरोपितों से मिली जानकारी के आधार पर वन विभाग की संयुक्त टीम फरार संदिग्धों की तलाश कर रही है। आशंका जताई गई है कि आरोपितों ने तेंदुओं का शिकार किया था। खाल की बिक्री के लिए ग्राहकों की तलाश कर रहे थे। ये सभी छत्तीसगढ़, झारखंड और उत्तर प्रदेश के निवासी हैं। वन विभाग की संयुक्त टीम संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्तियों को रोका। तलाशी के दौरान उनके बैग से एक तेंदुए की खाल बरामद की गई। पूछताछ में अन्य आरोपितों की संलिप्तता सामने आने पर टीम ने कार्रवाई बढ़ाते हुए कुल नौ आरोपितों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से भी एक तेंदुए की खाल बरामद की गई।

## सबरीमाला सहित धार्मिक स्थलों में महिलाओं के प्रवेश और मान्यताओं पर होगा फैसला

**त्रिवेंद्रम, 6 अप्रैल।** केरल के सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश को लेकर वर्षों से चल रहा विवाद अब एक निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है. भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने इस संवेदनशील मामले में दाखिल पुनर्विचार याचिकाओं की सुनवाई के लिए 9 जजों की संविधान पीठ का गठन किया है. यह नौ जजों की पीठ 7 अप्रैल 2026 से उन मामलों की सुनवाई शुरू करेगी, जो सीधे तौर पर महिलाओं के धार्मिक स्थलों में प्रवेश के अधिकार और परंपरागत मान्यताओं के टकराव से जुड़े हैं, जिसकी अध्यक्षता खुद सीजेआई सूर्यकांत करेंगे.

सुप्रीम कोर्ट ने सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश से जुड़े विवाद पर बड़ी सुनवाई की तैयारी कर ली है. चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुआई में गठित नौ जजों की संविधान पीठ 7 अप्रैल 2026 से पुनर्विचार याचिकाओं पर सुनवाई करेगी.

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने धार्मिक स्थलों में महिलाओं के प्रवेश और आस्था के बीच लंबे समय से चले आ रहे विवाद को सुलझाने के लिए 9 जजों की बेंच का गठन किया है. यह नौ जजों की संविधान पीठ 7 अप्रैल से सुनवाई शुरू करेगी, जिसमें मस्जिदों में महिलाओं



» सीजेआई की अध्यक्षता में बनी 9 जजों की बेंच

के प्रवेश, दाऊदी बोहरा समुदाय में 'खतना' (महिला जननांग विकृति) की प्रथा को खत्म करने और पारसी महिलाओं को अगियारी (फायर टेंपल) में प्रवेश देने जैसे मुद्दे शामिल हैं.

उन्होंने नौ जजों की एक विशेष संविधान पीठ का गठन किया है, खास बात यह है कि इस पीठ में अलग-अलग धर्मों के न्यायाधीशों के साथ एक महिला जज को भी शामिल किया गया है, ताकि फैसले की निष्पक्षता और व्यापकता पर कोई सवाल न उठे. इस संविधान पीठ में जस्टिस बी.वी. नागरत्ना, जस्टिस एम.एम. सुंदरेश, जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह, जस्टिस अरविंद कुमार, जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह, जस्टिस प्रसन्न एम वराले, जस्टिस आर. महादेवन और जस्टिस जॉयमाल्य बागची शामिल हैं.

## सोने के हर गहने को अब मिलेगी अलग पहचान संख्या

**नई दिल्ली, 6 अप्रैल।** सोने की शुद्धता में गड़बड़ी और हॉलमार्क के गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए सरकार हॉलमार्किंग व्यवस्था को और सख्त करने की तैयारी कर रही है। नए प्रस्तावित नियमों के तहत अब हर सोने के गहने को एक अलग पहचान संख्या दी जाएगी, जो केवल उसी गहने के लिए होगी और दोबारा किसी दूसरे गहने पर इस्तेमाल नहीं की जा सकेगी। इससे ग्राहकों को असली और सही शुद्धता वाला सोना मिलने में मदद मिलेगी। फिलहाल देश के 400 जिलों में हॉलमार्क यूनिक आईडी (HUID) सिस्टम लागू है, जिसमें हर गहने को एक विशेष नंबर दिया जाता है। लेकिन सरकार को शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ मामलों में एक ही नंबर कई गहनों पर इस्तेमाल किया जा रहा है। इससे ग्राहक को जिस शुद्धता का सोना बताया जाता है, जांच में कई बार उतना शुद्ध नहीं पाया गया। इस तरह के कई मामले सामने आ चुके हैं। यह ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी मानी जाती है। इसी समस्या को रोकने के लिए सरकार अब नई और सख्त व्यवस्था लागू करने जा रही है। सरकार ने इस नई व्यवस्था का परीक्षण पहले 25 जिलों में किया था। इस दौरान हॉलमार्क वाले हर गहने की फोटो, वजन और अन्य जानकारी ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज की गई थी।

### घर बैठे ऐसे चेक करें सोना असली है या नकली

**हॉलमार्क जरूर देखें:** सोना खरीदते समय हमेशा भारतीय मानक ब्यूरो का हॉलमार्क चेक करें। असली हॉलमार्क पर बीआईएस का तिकोना निशान, शुद्धता (जैसे 22K/916) और हॉलमार्किंग सेंटर का कोड साफलिखा होता है। बिना हॉलमार्क वाला सोना खरीदने से बचें।

**एसिड टेस्ट:** सोने की सतह पर हल्का सा खरोंच लगाकर उस पर नाइट्रिक एसिड की एक बूंद डालें। अगर रंग हरा हो जाए तो सोना नकली हो सकता है। असली सोने पर कोई असर नहीं पड़ता।

**चुंबक टेस्ट:** असली सोना चुंबक की ओर आकर्षित नहीं होता। अगर आपका सोना मैग्नेट से चिपकने लगे, तो उसमें मिलावट होने की संभावना है।

**पानी में डालकर जांचें:** सोना पानी में डालने पर हमेशा डूब जाता है। अगर वह तैरने लगे या ऊपर रहे, तो समझ लें कि सोना शुद्ध नहीं है।

**कीमत और कैरेट से पहचानें:** सोने की कीमत उसके कैरेट पर निर्भर करती है। 24 कैरेट सबसे शुद्ध होता है, जबकि 22 कैरेट ज्वैलरी के लिए इस्तेमाल होता है। बहुत सस्ता सोना मिलने पर सावधान रहें। यह नकली या कम शुद्धता वाला हो सकता है।

**विश्वसनीय दुकान से ही खरीदें:** हमेशा भरोसेमंद ज्वैलर्स से ही सोना खरीदें। अच्छे शोरूम बिल, हॉलमार्क व जरूरी प्रमाण देते हैं, जिससे बेचते समय नुकसान नहीं होता।

### भाजपा स्थापना दिवस पर सीएम ने किया ध्वजारोहण

**रायपुर, 6 अप्रैल।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भाजपा के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश भाजपा मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने विधिवत ध्वजारोहण किया और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। पत्रकारों से चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री साय ने भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर प्रदेश के सभी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि पार्टी की विचारधारा और संगठन की ताकत ही उसे लगातार आगे बढ़ा रही है। इस मौके पर उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री और बीजेपी के वरिष्ठ नेता रहे अटल बिहारी वाजपेयी को नमन करते हुए कहा कि उनका आशीर्वाद छत्तीसगढ़ पर हमेशा बना रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस कल्पना और दृष्टि के साथ अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया था, उनकी सरकार उसी दिशा में काम करते हुए उनके सपनों को पूरा करने का प्रयास करेगी। पत्रकारों से चर्चा के दौरान ही मुख्यमंत्री साय ने अमित जोगी को आजीवन कारावास की सजा पर भी प्रतिक्रिया दी।



## कांग्रेस के पास विकास का विजन नहीं : मोदी

**गुवहाटी, 6 अप्रैल।** पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के प्रचार के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को असम पहुंचे हैं। आज यानि सोमवार को उनकी ताबड़तोड़ 3 रैलियां हैं। बरपेटा में उन्होंने चुनावी सभा को अंबोधित करते हुए कहा कि असम में नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस की जीत की हैट्रिक लगेगी, वहीं कांग्रेस की हार की सेंचुरी होगी। बीजेपी जो कहती है करके दिखाती है। कांग्रेस के पास विकास का विजन नहीं है। इसके अलावा कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी पुडुचेरी पहुंचे हैं। उन्होंने लॉस्पेट में कहा- पुडुचेरी सरकार सभी अरकारी कॉन्ट्रैक्ट पर 30त्न कमीशन लेती है। उसने मंदिर की जमीनों पर भी कब्जा कर लिया है। राहुल ने वादा किया कि, कांग्रेस सरकार बनने पर बेरोजगार युवाओं को हर महीने ?2 हजार की मदद दी जाएगी। इसके अलावा महिलाओं को फ्री बस सर्विस मिलेगी। असम में बड़ी संख्या में हमारे सैनिक परिवार रहते हैं। कांग्रेस सेना के शौर्य को भी नीचा दिखाने की कोशिश करती है। हमेशा दुश्मनों को एजेंडे को हवा देने की कोशिश की। कांग्रेस ने वही गीत गाया, जो पाकिस्तान ने लिखा था और जिसकी धुन पाकिस्तान ने तैयार की थी। जो उसे पसंद है। कांग्रेस नेताओं का पाकिस्तान कनेक्शन हमेशा देश पर भारी पड़ता है। कांग्रेस ने हमारी फौज से कैसे विश्वासघात किया है, उसका एक उदाहरण वन रैंक वन पेंशन भी है। सत्ता के लिए कांग्रेस कुछ भी कर सकती है और असम को इसका बहुत नुकसान हुआ है। सरकारी और निजी क्षेत्रों में 30 हजार नई नौकरियां जनरेट करेंगें। सरकारी नौकरियों में भर्ती के लिए उम्र की सीमा 40 साल तक बढ़ाएंगे। हर परिवार को ?20 लाख का हेल्थकेयर बीमा मिलेगा। पुडुचेरी में कानून-व्यवस्था बिगड़ रही है। लोग रात में बाहर निकलने से डरते हैं। महिलाओं-बच्चों को असुरक्षा महसूस होती है। खुद उपराज्यपाल ने यह स्वीकार किया है कि राज्य में स्कूली छात्रों के बीच नशे की लत तेजी से बढ़ रही है। उन्हें पता है कि यह समस्या मौजूद है।



■ राहुल बोले- सभी कॉन्ट्रैक्ट में 30% कमीशन लेती है पुडुचेरी सरकार

### गुजरात के लोग अनपढ़, केरल के समझदार : मल्लिकार्जुन खरगे

**नई दिल्ली, 6 अप्रैल।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के एक बयान ने देश की राजनीति में उबाल ला दिया है। बयान को लेकर बीजेपी के कई नेताओं ने मल्लिकार्जुन खरगे और कांग्रेस पर निशाना साधा है। दरअसल केरल में चुनावी सभा के दौरान मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि गुजरात के लोग अनपढ़ हैं। केरल के लोग अधिक समझदार और शिक्षित हैं। बीजेपी ने इस बयान को कांग्रेस की सोची-समझी रणनीति का हिस्सा बताया है। बीजेपी ने इसे कांग्रेस की विभाजन नीति करार देते हुए 6 करोड़ गुजरातियों का अपमान करार दिया है। बीजेपी ने इसे गुजरात और उत्तर भारत के लोगों का अपमान कहा और कांग्रेस पर विधानसभा चुनावों से पहले 'फूट डालो और राज करो' की राजनीति करने का आरोप लगाया› बीजेपी ने कहा कि जनता चुनावों में इसका जवाब देगी। दरअसल, खरगे ने बीजेपी पर निशाना साधते यह कह दिया था कि गुजरात के लोग अनपढ़ हैं। वे इसीलिए बीजेपी को बार बार जिताते हैं।



## स्कॉर्पियो की चपेट में आने से तीन महिलाओं की मौत

**अंबिकापुर, 6 अप्रैल।** अंबिकापुर-बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर शहर सीमा से लगे ग्राम भिट्ठीकला में बेकाबू स्कॉर्पियो ने सड़क पर पैदल जा रही महिलाओं को कुचल दिया।दुर्घटना में तीन महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। कई लोग घायल हुए हैं। इसमें एक युवती की हालत गंभीर बताई जा रही है। दुर्घटना के बाद अनियंत्रित स्कॉर्पियो सामने से आ रही ट्रक से टकरा गई। हादसे के बाद गुस्साई भीड़ ने स्कॉर्पियो चालक को जमकर पीटा। सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।घटना के बाद से गांव में आक्रोश का माहौल है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लगा हुआ है। घायल चालक को लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार, अंबिकापुर से लगे भिट्ठीकला में रविवार को साप्ताहिक बाजार लगता है। बाजार आना-जाना करने वाले लोग सड़क किनारे फुटपाथ का उपयोग करते हैं।रविवार शाम को महिलाएं बाजार से लौट रही थी। सड़क के दोनों ओर भीड़भाड़ थी। भिट्ठीकला चौराहे के पास लोगों की संख्या अधिक थी। उसी दौरान अंबिकापुर की ओर से स्कॉर्पियो जा रही थी। स्कॉर्पियो की गति तेज थी।अचानक सड़क पर लोगों की भीड़ देख चालक का वाहन पर से नियंत्रण हट गया। तेज गति की स्कॉर्पियो लोगों को कुचलते हुए सामने से आ रही ट्रक से जा टकराई। स्कॉर्पियो से कुचलने के कारण महिलाएं सड़क पर इधर-उधर गिर गई।

### बोलेरो और कार में टक्कर, पिता-पुत्र की मौत

**जांजगीर।** जिले के बलौदा क्षेत्र के बुचीहरदी गांव में बड़ा सड़क हादसा हुआ है. बोलेरो और कार की टक्कर हुई है और कार सवार पिता-पुत्र की मौत हो गई है, वहीं हादसे में बहु और एक अन्य युवक को चोट आई है, जिन्हें बलौदा के राजकेशर हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है। बोलेरो में सवार 9 लोगों को मामूली चोट आई है। टक्कर के बाद कार, सड़क से नीचे उतरकर पलट गई थी। हादसे की सूचना के बाद मौके पर बलौदा पुलिस पहुंची और मामले की जांच कर रही है। दरअसल, अकलतरा क्षेत्र के अमोरा गांव से रूपेश निर्मलकर, अपने बेटे राहुल निर्मलकर, बहु और एक अन्य युवक के साथ सराईश्रृंगार डोंगरी गांव रिश्तेदार आए थे। यहां कार्यक्रम के बाद वे कार से अमोरा गांव लौट रहे थे। वे बुचीहरदी के पेट्रोल पंप, पुल के पास पहुंचे थे कि विपरीत दिशा से आ रही बोलेरो से कार की टक्कर हो गई और सड़क से नीचे कार उतरकर पलट गई।

## चुनावी कार्य में लगे अधिकारी का बिना अनुमति ट्रांसफर अवैध

**बिलासपुर, 6 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के प्रशासन से जुड़ी एक बेहद ताज़ा और अहम न्यूज़ सामने आई है। ताज़ा छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ऑर्डर न्यूज़ अपडेट के अनुसार, बिलासपुर हाईकोर्ट ने चुनाव आयोग के सख़्त अधिकारों को लेकर एक बड़ा फ़ैसला सुनाया है। अदालत ने साफ़कर दिया है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लगे किसी भी अधिकारी का चुनाव आयोग की पूर्व अनुमति के बिना किया गया ट्रांसफर पूरी तरह से अवैध है। प्रशासन के इस मनमाने क़दम को ख़ारिज कर अदालत ने चुनावी प्रक्रिया में राजनीतिक बाज़ार के हस्तक्षेप को सख़्ती से रोक दिया है।



यह पूरा मामला बेमेतरा ज़िले के जनपद पंचायत बेरला में पदस्थ एक अधिकारी से जुड़ा है, जिन्हें असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफ़िसर की ख़ास ज़िम्मेदारी दी गई थी। चुनाव कार्य के दौरान ही सरकार ने उनका सख़्त ट्रांसफर कर दिया था। इसके ख़िलाफ़ अधिकारी ने हाईकोर्ट का दरवाज़ा खटखटाया। राज्य शासन ने अदालत में ज़ोर देकर कहा कि रोज़ के प्रशासनिक कार्यों के तहत यह आदेश लागू हो चुका है और अधिकारी ने पदभार भी ग्रहण कर लिया है। चीफ़ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रवींद्र कुमार अग्रवाल की डिवीज़न बेंच ने मामले की तेज़ और सख़्त सुनवाई करते हुए शासन के तर्कों को ख़ारिज कर दिया। अदालत ने जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 13छछ का हवाला देते हुए कहा कि चुनाव कार्य में लगा हर अधिकारी उस अवधि में सीधे चुनाव आयोग के नियंत्रण में होता है।

**ईरान-अमेरिका-इजराइल युद्ध** | संघर्ष धीमा होने के कोई आसार नहीं, हालात हर घंटे और होते जा रहे हैं गंभीर

## हवाई हमले में ईरान के खुफिया प्रमुख की मौत

**तेहरान, 6 अप्रैल।** अमेरिका, इज़राइल और ईरान के बीच संघर्ष 38वें दिन में प्रवेश कर चुका है और इसके धीमा होने के कोई आसार नहीं हैं। हालात हर घंटे और गंभीर होते जा रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने तेहरान को दी गई समय सीमा 24 घंटे बढ़ा दी है और चेतावनी दी है कि अगर ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को दोबारा नहीं खोलता है तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। ट्रंप ने मंगलवार को लिखकर यह स्पष्ट कर दिया कि समय कम होता जा रहा है। इससे पहले, उन्होंने कड़ी चेतावनी जारी करते हुए कहा था कि ईरान को नरक का सामना करना पड़ सकता है, जिसमें बिजली संयंत्रों और पुलों पर अमेरिकी हमले भी शामिल हैं। ईरान ने तुरंत जवाब देते हुए कहा कि वह किसी भी हमले का जैसे को तैसा जवाब देगा। इसी बीच, जमीनी हालात और भी बिगड़ते जा रहे हैं। अमेरिका ने पुष्टि की है कि ईरान में एक लड़ाकू विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद उसने दूसरे पायलट को बचा लिया है, हालांकि खबरों के मुताबिक उस इलाके में हुए हमलों में कई लोग मारे गए हैं। इज़राइल में, हाइफ़ा में एक मिसाइल ने एक रिहायशी इमारत को निशाना बनाया, जिसमें कई लोग घायल हुए और कुछ लापता हो गए। खाड़ी क्षेत्र में, कुवैत में प्रमुख ऊर्जा सुविधाओं को भी निशाना बनाया गया है, जिससे भारी नुकसान हुआ है।



### ईरान का हाइफा पर मिसाइल अटैक, दो लोगों की मौत

तेहरान। ईरान ने इजरायल के हाइफा शहर पर मिसाइल से हमला किया है। इस हमले में इजरायल को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा है। ईरान द्वारा हाइफा शहर पर किए हमले में दो लोगों की मौत हो गई है, जबकि दो लोग लापता हैं। ईरान के नए हमलों के बाद पूरे मध्य इजरायल में सायरन गूंज रहे हैं। दरअसल, रविवार को ईरान इजरायल में चार मिसाइलें दागी, इसमें से एक भारी मिसाइल हाइफा शहर में स्थिति एक अपार्टमेंट ब्लॉक पर गिरी, जिससे इमारत का आधा हिस्सा ढह गया। इस दौरान जो हिस्सा खड़ा था, वह भी असंतुलित हो गया था, जिससे उसके ढहने का खतरा बढ़ गया और बचाव कार्य और भी मुश्किल हो गया। राहत बचाव दल पूरी रात काम करते रहें। सोमवार सुबह तक चले बचाव अभियान में मलबे से दो लोगों के शव बरामद किए गए हैं, जबकि दो अन्य अब भी लापता हैं।

### एक और भारतीय जहाज ने सफलतापूर्वक पूरा किया मिशन

ईरान द्वारा शत्रुतापूर्ण माने जाने वाले जहाजों, विशेष रूप से क्षेत्र के विभिन्न देशों से एलपीजी और कच्चे तेल का परिवहन करने वाले जहाजों पर बार-बार किए गए हमलों के कारण जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही चुनौतीपूर्ण हो गई है। इससे वाणिज्यिक जहाजों के लिए इस क्षेत्र से गुजरना जोखिम भरा हो गया है। मध्य पूर्व में जारी तनाव के बावजूद, भारतीय ध्वज वाले जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य को सफलतापूर्वक पार कर रहे हैं, जिससे जहाजरानी और ऊर्जा आपूर्ति संबंधी चिंताओं में कुछ राहत मिली है। नवीनतम जहाज, ग्रीन आशा, ने अपनी यात्रा पूरी कर ली है और 28 फरवरी को क्षेत्र में संघर्ष बढ़ने के बाद से इस रणनीतिक जलमार्ग से गुजरने वाला यह आठवां भारतीय ध्वज वाला जहाज बन गया है। ईरान द्वारा शत्रुतापूर्ण माने जाने वाले जहाजों, विशेष रूप से क्षेत्र के विभिन्न देशों से एलपीजी और कच्चे तेल का परिवहन करने वाले जहाजों पर बार-बार किए गए हमलों के कारण जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही चुनौतीपूर्ण हो गई है।


# चार दशक का लाल आतंक समाप्तः छत्तीसगढ़ सशस्त्र नक्सल मुक्त होने पर कवर्धा में गृह मंत्री विजय शर्मा का ऐतिहासिक अभिनंदन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 6 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ सहित देश के लिए ऐतिहासिक क्षण तब आया जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 31 मार्च को सदन में शस्त्र नक्सलवाद की समाप्ति की घोषणा की। लगभग चार दशकों से इस समस्या से जूझ रहे छत्तीसगढ़ ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व और प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा के दृढ़ संकल्प, रणनीति और सतत प्रयासों से यह बड़ी सफलता हासिल की।इस अभियान में भारतीय सेना, पुलिस और समस्त सशस्त्र बलों के जवानों के अदम्य साहस, समाज की जागरूक भागीदारी, राजनीतिक नेतृत्व की इच्छाशक्ति, पत्रकार बंधुओं की भूमिका और सबसे बढ़कर बस्तर के नागरिकों के सहयोग का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सभी के समुचित प्रयासों से ही सशस्त्र नक्सलवाद का अंत संभव हो सका और अब बस्तर में खुशहाली की नई शुरुआत हो रही है।

नक्सल मुक्त छत्तीसगढ़ बनने के बाद गृह मंत्री विजय शर्मा के कवर्धा प्रथम आगमन पर स्थानीय महामाया चौक में ऐतिहासिक नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। हजारों की संख्या में लोग बाजा-गाजा, ढोल-नगाड़ों और उत्सवी माहौल के साथ उपस्थित रहे। पूरे शहर में जश्न का वातावरण नजर आया।कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज, यादव समाज, ठाकुर समाज, कुर्मी समाज, साहू समाज, सतनामी समाज, निर्मलकर समाज, गुप्ता समाज, अहिरवार समाज, लोधी समाज, पटेल समाज, गोंड समाज, केसरवानी गुप्ता समाज, सेन समाज, गंधर्व समाज, स्वर्णकार समाज, जैन समाज, वैष्णव समाज सहित सभी समाजों की भागीदारी रही।साथ ही जिला प्रेस क्लब, यूथ क्लब, हरीतिमा परिवार, प्राइवेट स्कूल संघ, नाथ योगी समाज, फाइटर क्लब, जिला क्रिकेट संघ, ज्वाइन हैंड ग्रुप, ट्रक मालिक संघ, पतंजलि योग समिति, सीनियर सिटीजन समिति एवं भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही।इस अवसर पर गृह मंत्री विजय शर्मा को लड्डुओं से तौलकर भव्य सम्मान दिया गया, जो जनभावनाओं का प्रतीक बना। गृहमंत्री विजय शर्मा ने बताया की जब बस्तर के पीड़ितों ने दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की, तब उन्होंने संकल्प लिया कि 31 मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त किया जाएगा। और जब गृह मंत्री संकल्प लेते हैं, तो वह तय समय में पूरा होता है। विजय शर्मा ने पूरे अभियान का श्रेय साझा करते हुए कहा की यह सफलता किसी एक व्यक्ति की नहीं है। इसमें सेना, पुलिस और सभी सुरक्षा बलों के जवानों का साहस, समाज का सहयोग, राजनीतिक नेतृत्व की इच्छाशक्ति, पत्रकार बंधुओं का योगदान और सबसे बड़ा श्रेय बस्तर के नागरिकों को जाता है। सभी के सामूहिक प्रयास से ही यह संभव हो पाया है।आज बस्तर के गांवों में लोग अपने आंगन में खुलकर हंस रहे हैं। अब वहां डर नहीं, विकास की बातें हो रही हैं। गांवों के मेले और बाजारों में रौनक लौट आई है । अंत में गृहमंत्री ने इस भव्य सम्मान के लिए कवर्धा की जनता का हृदय से आभार व्यक्त किया। कवर्धा की जनता ने अपने लाड़ले विधायक एवं प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा के प्रति गर्व व्यक्त करते हुए इस ऐतिहासिक उपलब्धि को छत्तीसगढ़ के उज्ज्वल, सुरक्षित और विकसित भविष्य की दिशा में निर्णायक कदम बताया।



## पोड़ी गांव को नगर पंचायत का दर्जा मिले , डिप्टी सीएम से अपेक्षा

**कवर्धा।** चाय बेचने वाले ओर गन्ना रस बेचने वाले प्रकाश कुंभकार से सुबह सुबह तरुण छत्तीसगढ़ ने सवाल किया की उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से क्या अपेक्षा है । प्रकाश कुंभकार ने कहा की पोड़ी गांव को नगर पंचायत का दर्जा मिले यह अपेक्षा डिप्टी सीएम विजय शर्मा भैया से है ।

## एक नजर

### मोबाइल से सट्टा खेलाने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**भिलाई, 6 अप्रैल (तछसं.)।** भिलाई मोबाइल के माध्यम से सट्टा संचालित करने वाले एक आरोपी को पुरानी भिलाई थाने पुलिस ने गिरफ्तार किया वहीं एक अन्य आरोपी को मौके से सट्टा खेलते भी पकड़ा है पुरानी भिलाई टीआई अंबर सिंह भरद्वाज ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि पुरानी भिलाई स्टेडियम के अंदर सीढ़ी के पास एक व्यक्ति मोबाइल के माध्यम से सट्टा अंकों पर रुपये का लेनदेन कर रहा है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर कार्रवाई की। वहीं मौके पर आरोपी को मोबाइल के माध्यम से सट्टा संचालित करते पकड़ा गया साथ ही मौके पर सट्टा खेलते एक अन्य आरोपी को भी रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया?इस मामले में पुरानी भिलाई पुलिस ने आरोपी गुलाब चंद (37 साल ) निवासी नेहरू नगर, भिलाई-03, दिनेश कुमार सिन्हा (50 साल ) निवासी वर्मा चौक, पदुमनगर, भिलाई-03 पर कार्रवाई की है।

### चेन स्नेचिंग कर भाग रहा युवक गिरफ्तार

**भिलाई, 6 अप्रैल (तछसं.)।** भिलाई नगर थाना क्षेत्र के सेक्टर-6 जुबली पार्क के पास दोपहिया वाहन सवार युवक पता पूछने के बहाने महिला के गले से चेन झपटकर भागने लगा? गनीमत इतनी रही की उस क्षेत्र में पुलिस की पेट्रोलिंग और सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी दौरे पर थे तो आरोपी हर्ष चंद्राकर को पकड़ में आ गया उसके कब्जे से सोने की चेन को जब्त कर ली गई भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि घटना सेक्टर-6 जुबली पार्क के पास रहने वाली महिला घर से निकलकर मेडिकल स्टोर दवाई खरीदने जा रही थी? उसी दौरान आरोपी खुर्सीपार संगम चौक निवासी हर्ष चंद्राकर पैदल पहुंचा। उस महिला से पता पूछने लगा महिला ने उसे पता बताने लगी उसी समय हर्ष ने उसे गले पर झपट्टा मारा और सोने की चेन खींचकर भागने लगा महिला चिल्लाने लगी?इसी समय भिलाई पेट्रोलिंग टीम उसी रास्ते से गुजर रही थी?महिला को चिल्लाते देख पुलिस रूकी?देखा युवक भाग रहा था पुलिस जवानों और सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया ।



### पंचायत सचिव भर्ती के लिए वरीयता सूची जारी

**कांकेर,6 अप्रैल ।** जिले में 18 ग्राम पंचायतों सचिवों के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए पात्र पाए गए अभ्यर्थियों की गत कम्प्यूटर कौशल परीक्षा आयोजित की गई तथा कौशल परीक्षा के बाद ग्राम पंचायतों सचिव पद के लिए वरीयता सूची जारी कर दी गई है। जिसे जिला पंचायत कांकेर के सूचना पटल के साथ ही मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कांकेर, चारामा, नरहरपुर, भानुप्रतापपुर, दुर्गूकोंदल, अंतागढ़ एवं कोयलीबेड़ा के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। जिला कांकेर के वेबसाईट www.kanker.gov.in पर भी अपलोड किया गया है, जिसका अवलोकन किया जा सकता है।


### सड़क दुर्घटना में मृत्यु एवं घायल होने के प्रकरण में आर्थिक सहायता स्वीकृत

**कांकेर, 6 अप्रैल ।** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) भानुप्रतापपुर श्री जी.डी. वाहिले द्वारा सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के प्रकरण में उनके निकटतम परिजन के लिए 25 हजार रूपए और सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों के लिए 10-10 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया गया है।

भानुप्रतापपुर तहसील के ग्राम भैंसमुण्डी, चौकी कच्चे निवासी धर्मेन्द्र कोला की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनकी पत्नी श्रीमती सोहन्तिन के लिए 25 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया गया है। इसी प्रकार सड़क दुर्घटना में घायल भानुप्रतापपुर तहसील के ग्राम कराठी निवासी शत्रुघन जैन और पखांजूर तहसील के ग्राम डोण्डे निवासी राजू मण्डल को 10-10 हजार रूपये की सहायता राशि स्वीकृत किया गया है।

# चंद्रशेखर वर्मा बने अखिल भारतीय कूर्मी क्षत्रिय महासभा के प्रदेश मुख्य संरक्षक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 6 अप्रैल।** 132 वर्षों के गौरवशाली इतिहास को समेटे 'अखिल भारतीय कूर्मी क्षत्रिय महासभा' ने संगठन की मजबूती के लिए एक बड़ा निर्णय लिया है। महासभा के प्रदेशाध्यक्ष चंद्रभूषण वर्मा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वेश कटियार की सहमति से चंद्रशेखर वर्मा को छत्तीसगढ़ प्रदेश का 'मुख्य संरक्षक' नियुक्त किया है।समाज के प्रति उनके लंबे समर्पण, अटूट निष्ठा और सांगठनिक कौशल को देखते हुए उन्हें यह अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन को विश्वास है कि उनके मार्गदर्शन में 132 साल पुरानी यह प्रतिष्ठित संस्था नई ऊंचाइयों को छुएगी। आर एस एस से लेकर विश्व हिंदू परिषद तक- लंबा रहा है सांगठनिक सफर । सामाजिक दायित्व संभालने से पहले चंद्रशेखर वर्मा का सार्वजनिक जीवन बेहद प्रभावशाली रहा है। चंद्रशेखर वर्मा न केवल एक कुशल संगठनकर्ता हैं, बल्कि एक मेहनतकश व्यक्तित्व के धनी भी हैं। । उनकी ईमानदारी और कार्यशैली समाज के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। 132 साल पुराने इस समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने उनकी नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त किया है। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से-अखिल भारतीय कूर्मि क्षत्रिय महासभा के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष चंद्रभूषण वर्मा, प्रदेश महासचिव डॉ जयप्रकाश वर्मा, राष्ट्रीय सचिव अंबिका चंद्रवंशी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (पूर्व राज्य मंत्री) पूनम चंद्राकर, राष्ट्रीय सचिव गोपाल वर्मा, राष्ट्रीय सचिव जगन्नाथ वर्मा, भूपेन्द्र वर्मा, अखिल भारतीय कूर्मि क्षत्रिय महासभा महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष चंद्रिका चंद्राकर, प्रदेश महासचिव सरिता वर्मा, महिला प्रकोष्ठ राष्ट्रीय सचिव डॉ. सरोज चंद्राकर, महिला चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.जश्मी चंद्राकर, प्रदेश सचिव रवि वर्मा, प्रदेश प्रवक्ता अशोक चंद्रवंशी,महिला राष्ट्रीय सचिव गीता वर्मा, महिला राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पटेल, महिला राष्ट्रीय महासचिव लक्ष्मी वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार कश्यप,प्रदेश सचिव स्वाति कौशिक , प्रदेश मीडिया प्रभारी शुभम वर्मा, सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिलाध्यक्ष रेवती चंद्रा, महिला प्रकोष्ठ महासमुंद जिलाध्यक्ष निरंजना चंद्राकर, प्रदेश सचिव वतन चंद्राकर,बलौदाबजार जिलाध्यक्ष डोमन वर्मा, मुंगेली जिला अध्यक्ष विद्यानंद चंद्राकर,बिलासपुर जिला अध्यक्ष राजीव रतन सिंह महासमुंद जिला अध्यक्ष द्रोण चंद्राकर, कवर्धा जिला अध्यक्ष मुरली चंद्राकर, कवर्धा युवा संगठन के जिला अध्यक्ष रामगोपाल वर्मा, कवर्धा जिला अध्यक्ष (महिला प्रकोष्ठ) सदभावना वर्मा, युवा संगठन महासमुंद जिला अध्यक्ष प्रांशु चंद्राकर, बेमेतरा जिला युवा अध्यक्ष प्रज्जवल वर्मा, युवा संगठन महासमुंद जिला महासचिव ईश्वर चंद्राकर, लता चंद्राकर, उषा वर्मा, विजय वर्मा, आलोक वर्मा, गीता वर्मा, भारती वर्मा, मृत्युंजय वर्मा, मुकेश टिकरिहा, जयवर्धन वर्मा, ललित चंद्राकर, नरसिंग चंद्राकर, गोपाल वर्मा आदि ने चंद्रशेखर वर्मा को अखिल भारतीय कूर्मि क्षत्रिय महासभा के प्रदेश के मुख्य संरक्षक बनने पर बधाई दी एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की है ।



### अपराध रोकने की जा रही पेट्रोलिंग

**भिलाई, 6 अप्रैल (तछसं.)।** जिला दुर्ग में अड्डेबाजी, धारदार हथियार लेकर घूमकर भय उत्पन्न करने, नशा सेवन करने तथा सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने जैसी असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए दुर्ग पुलिस ने थाना स्तर पर विशेष टीम का गठन कर विशेष पेट्रोलिंग और निगरानी कर कार्रवाई की है। ग्रामीण एएसपी मणिशंकर चन्द्रा ने बताया कि 4 अप्रैल की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में सघन पेट्रोलिंग की कार्रवाई की ।

# पाइपलाइन लीकेज से सुपेला क्षेत्र में जलभराव, निगम की तत्परता से स्थिति नियंत्रित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 6 अप्रैल।** नगर निगम भिलाई के वैशाली नगर जोन-2 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 16 के सुपेला बाजार क्षेत्र में जलापूर्ति पाइपलाइन की टेस्टिंग के दौरान अचानक हुए बड़े लीकेज से इलाके में जलभराव की स्थिति बन गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुपेला रावण भाटा, शीतला तालाब के समीप तथा हार्डवेयर लाइन क्षेत्र में पाइपलाइन से भारी मात्रा में पानी बहने लगा। एक ही समय में अत्यधिक पानी नालियों में जाने के कारण लक्ष्मी नगर के पास शीतला तालाब मार्ग की पुलिया जाम हो गई। पुलिया में पेयजल की तीन बड़ी पाइपलाइनें गुजरती हैं, जिनमें प्लास्टिक और कचरा फंस जाने से जल निकासी बाधित हो गई, जिससे सड़क पर पानी भर गया और लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नगर पालिक निगम भिलाई की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। कर्मचारियों ने बांस की सहायता से जाम पुलिया को खोलकर उसमें फंसे कचरे को बाहर निकाला, जिसके बाद जल निकासी सुचारु हो सकी। इसके साथ ही सड़क पर फैले कीचड़ और कचरे की सफाई कर संक्रमण से बचाव के लिए चूना पाउडर का छिड़काव भी किया गया। निगम प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से स्थिति जल्द ही नियंत्रण में आ गई और क्षेत्र में सामान्य जनजीवन बहाल हो गया।

# तेलुगु समाज ने बोर्ड अध्यक्ष पांडेय से की सौजन्य मुलाकात



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 6 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ शासन में कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राकेश पाण्डेय के साथ तेलुगु कल्याण समिति के अध्यक्ष सी. अप्पाराव ने सौहार्दपूर्ण मुलाकात की। इस दौरान अप्पाराव ने समाज से जुड़ी विभिन्न समस्याओं से बोर्ड अध्यक्ष को अवगत कराया तथा उनके निराकरण के लिए आवश्यक पहल करने का आग्रह किया। मुलाकात के दौरान दोनों के बीच सामाजिक मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुई।

### अनुसूचित जाति तथा जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना के अंतर्गत 'रूचि की अभिव्यक्ति' आमंत्रित

**कांकेर,6 अप्रैल ।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति तथा जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना के क्रियान्वयन के संबंध में वर्ष 2026-27 हेतु संस्थाओं के इम्पैनलमेंट के लिए सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग कांकेर द्वारा 23 अप्रैल तक 'रूचि की अभिव्यक्ति' आमंत्रित की गई है। योजना से संबंधित मापदण्ड एवं विस्तृत जानकारी आदिवासी विभाग की वेबसाइट www.tribal.cg.gov.in का अवलोकन कर प्राप्त किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि इस योजना का उद्देश्य अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के ग्रामीण प्रतिभावान विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना, नयी सोच के साथ बेहतर कॅरियर के अवसर प्रदान करना तथा उन्हें बहुमुखी व्यक्तित्व विकास के लिए अवसर प्रदान करना है। योजना के अंतर्गत कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ राज्य के उत्कृष्ट आवासीय विद्यालयों में निःशुल्क अध्ययन की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।

# ईद मिलन में विभिन्न समाजों की रही सहभागिता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**भिलाई, 6 अप्रैल।** जमात-ए-इस्लामी हिन्द की ओर से ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों एवं संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। प्रमुख रूप से गायत्री परिवार, कैथोलिक चर्च सेक्टर-6 भिलाई, गुरुद्वारा नेहरू नगर, बौद्ध आश्रम सेक्टर-6 तथा सतनाम भवन सेक्टर-6 सहित अनेक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि समाज में बढ़ती दूरियों और गलतफहमियों को दूर करने के लिए संवाद और आपसी मेल-जोल अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ईद जैसे पर्व प्रेम, करुणा और एकता का संदेश देते हैं, जिसे समाज में व्यापक रूप से अपनाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम को गुरुद्वारा नानकसर के मुख्य ग्रंथी ज्ञानी प्रवीण सिंह, भारतीय बौद्ध महासभा के अध्यक्ष शीलरतन, कैथोलिक चर्च सेक्टर-6 के पेरिश प्रीस्ट रेव्हेरेंट फादर साबू जोसेफ, सतनाम भवन सेक्टर-6 के अध्यक्ष बीएल कुर्रे तथा गायत्री परिवार के सब जोन कोऑर्डिनेटर एसपी सिंह ने संबोधित किया। इस अवसर पर जमात-ए-इस्लामी हिन्द ने समाज में आपसी सौहार्द एवं एकता को मजबूत करने के अपने संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नौशाद उस्मान (इस्लामिक इंफॉर्मेशन सेंटर, महाराष्ट्र) ने की, जबकि उद्घाटन भाषण शब्बीर खान, पूर्व अध्यक्ष जमात-ए-इस्लामी हिन्द छत्तीसगढ़ ने दिया। अंत में जेआईएच भिलाई के अध्यक्ष एजाज अहमद ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# निम्न दबाव क्षेत्र सक्रिय, मौसम का बदला रहेगा मिजाज



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 6 अप्रैल।** मौसम लगातार करवट बदल रहा है। सुबह धूप, दोपहर बदली और फिर बादलों का डेरा ! इसी में उमस और बेचैन करने वाली गर्मी। पिछले 24 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 3 से 4 दिनों तक उत्तर एवं मध्य छत्तीसगढ़ में मौसम का मिजाज बदला रहेगा। इस दौरान एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ तेज हवाएं चलने, बिजली गिरने तथा 5 अप्रैल को ओलावृष्टि की संभावना जताई गई है। साथ ही अगले तीन दिनों तक अधिकतम तापमान में 1 से 3 डिग्री सेल्सियस तक और गिरावट हो सकती है, इसके बाद मौसम में विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई। मौसम प्रणाली के तहत गंगा के पश्चिम बंगाल से लेकर तेलंगाना तक, छत्तीसगढ़ होते हुए एक निम्न दबाव क्षेत्र सक्रिय है, जो समुद्र तल से लगभग 0.9 किलोमीटर ऊपर स्थित है। इसके प्रभाव से प्रदेश में मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। पूर्वानुमान के अनुसार अगले 24 घंटों में प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। वहीं एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात तथा 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। आज 6 अप्रैल को आकाश आंशिक रूप से मेघमय रहने तथा गरज-चमक के साथ वर्षा होने का अनुमान है। यहां अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है।

# राष्ट्रीय बजरंग दल की बैठक में नए पदाधिकारियों की नियुक्ति



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 6 अप्रैल।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल की प्रांत स्तरीय पदाधिकारी बैठक विगत 5 अप्रैल को संपन्न हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। बैठक के दौरान संगठन के कार्य, उद्देश्यों तथा जमीनी स्तर पर कार्यशैली को और सशक्त बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तैयार की गई। इस अवसर पर हनुमान जन्मोत्सव के दौरान विभिन्न जिलों में भव्य शोभायात्रा निकालने वाले पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। बैठक में संगठन विस्तार के तहत नई नियुक्तियां भी की गईं। दुर्ग से राजा केमे को विभाग अध्यक्ष, भिलाई से मनोज साव को विभाग उपाध्यक्ष तथा विजय कुमार उईके को दुर्ग जिला महामंत्री के पद पर नियुक्त किया गया। संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए अपेक्षा जताई कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ करेंगे।

# व्यापार प्रकोष्ठ की प्रदेश टीम ने डॉ. रमन सिंह से मुलाकात कर व्यापार विकास पर की सार्थक चर्चा

■ इस अवसर पर व्यापार प्रकोष्ठ के पदाधिकारी मौजूद रहे, मार्गदर्शन से टीम में नई ऊर्जा का हुआ संचार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 6 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में व्यापार प्रकोष्ठ की प्रदेश टीम ने एक महत्वपूर्ण मुलाकात के दौरान प्रदेश की राजनीति के वरिष्ठ नेता और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से उनके निवास पर भेंट की। यह मुलाकात केवल औपचारिक नहीं रही, बल्कि प्रदेश के व्यापारिक भविष्य, नवाचार और व्यापारियों के हितों से जुड़े मुद्दों पर एक सार्थक और प्रेरणादायक संवाद का माध्यम बनी।

राजनांदगांव में आयोजित इस विशेष मुलाकात के दौरान व्यापार प्रकोष्ठ की प्रदेश टीम ने छत्तीसगढ़ के वर्तमान व्यापारिक परिदृश्य, उद्योगों में नवाचार की संभावनाओं और छोटे-बड़े व्यापारियों के हितों से जुड़े कई अहम विषयों पर विस्तार से चर्चा की। डॉ. रमन सिंह ने अपने व्यापक प्रशासनिक अनुभव और दूरदर्शी सोच के माध्यम से टीम को महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने व्यापारिक गतिविधियों को मजबूत करने नए अवसरों को अपनाने और संगठित प्रयासों के जरिए प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने पर जोर दिया। उनका सकारात्मक दृष्टिकोण और सरल व्यक्तित्व टीम के सभी सदस्यों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहा। इस संवाद ने न केवल व्यापारिक मुद्दों पर स्पष्टता प्रदान की, बल्कि टीम में नई ऊर्जा और उत्साह का भी संचार किया। इस अवसर पर व्यापार प्रकोष्ठ के कई प्रमुख पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे जिनमें शामिल थे प्रदेश संयोजक सुभाष अग्रवाल, प्रदेश स्थाई आमंत्रित सदस्य आलोक बिंदल, जितेंद्र गोलछा, नवीन जी, संभाग प्रभारी आकाश चोपड़ा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य उत्तम गिड़िया, सागर गोलछा, शहर के व्यापार प्रतिनिधि जितेश पटेल, राजेश अग्रवाल, योगेश सारथी, चंकी अग्रवाल, सुमीत शर्मा, आकाश बालानी तथा राजनांदगांव के जिला संयोजक राजकुमार बाफ्ना। कार्यक्रम के अंत में व्यापार प्रकोष्ठ की टीम ने डॉ. रमन सिंह का उनके बहुमूल्य समय, आत्मीय स्वागत और प्रेरणादायी मार्गदर्शन के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया।

## एक नजर

### गोपनीय सामग्री सत्यापन के लिए अधिकारी नियुक्त

**बलौदाबाजार 6 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आगामी 10 अप्रैल को पुनः आयोजित होने वाली कक्षा 12 वी हिन्दी विषय की परीक्षा हेतु गोपनीय सामग्री का सत्यापन कराया जाना अवश्यक है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने थानों से केन्द्राध्यक्ष द्वारा निकाले जाने वाले प्रश्न पत्र की सत्यापन हेतु अधिकारी नियुक्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना बलौदाबाजार में राजस्व निरीक्षक देवेंद्र साहु,लवन में तहसीलदार पेखन टोंड्रे, भाटापारा (शहर) में तहसीलदार यशवंत राज,भाटापारा ग्रामीण में अतिरिक्त तहसीलदा प्रेमा मिंज,करही बाजार में नायब तहसीलदार अभिषेक अग्रवाल सिमगा में तहसीलदार अनुराग भट्ट, सुहेला में नायब तहसीलदार दिलीप सामल,पलारी में तहसीलदार लीलाधर कंवर,गिधपुरी में नायब तहसीलदार ईश्वर केवट, कसडोल में तहसीलदार विवके पटेल, गिधौरी में तहसीलदार युवराज कुर्रे, गिरौदपुरी में राजस्व निरीक्षक इस्लाम खान,बया में राजस्व निरीक्षक तेजपाल दुबे, राजादेवरी में राजस्व निरीक्षक तोषराम पटेल, सोनाखान में राजस्व निरीक्षक देवेश देवांगन की ड्यूटी लगाई गई है।

### अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाला गिरफ्तार

**बलौदाबाजार 6 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना ÷समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। समाधान सेल÷ के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 04.04.2026 को समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर चौकी बया की पुलिस टीम द्वारा ग्राम हरदी में घेराबंदी कर अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचिया से ?1600 कीमत मूल्य का 08 लीटर अवैध हांथ भट्ठी महुआ शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध चौकी बया में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।



### पुलिस ने 11 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त की



**बलौदाबाजार 6 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। ÷समाधान सेल÷ के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 04.04.2026 को समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा ग्राम रिसदा में घेराबंदी कर अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले 01 आरोपिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचिया से ?2200 कीमत मूल्य का 11 लीटर अवैध महुआ शराब जप्त किया गया है। आरोपिया के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### गांजा बिक्री करने वालों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार 6 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों, अवैध महुआ शराब बनाने वाले, जुआ सट्टा एवं अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले अंवैधानिक तत्वों की धरपकड कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में दिनांक 04.04.2026 को थाना सिटी कोतवाली एवं साइबर सेल की पुलिस टीम द्वारा विशेष अभियान चलाते हुए थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम करमदा, डमरू एवं रिसदा रोड बायपास में मादक पदार्थ गांजा की बिक्री करने वाले 04 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों द्वारा बेहद शातिर तरीके से अपने घर, दुकान एवं ढाबा में छोटे-छोटे पैकेट एवं पुड़िया बनाकर गांजा की बिक्री की जा रही थी। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा आरोपियों एवं उनके घर, दुकान एवं ढाबा का सुक्ष्मतापूर्वक निरीक्षण किया गया, जिसमें आरोपियों से 04 अलग-अलग मामलों में ?15,000 कीमत मूल्य 1.497 ग्राम गांजा एवं बिक्री रकम ?170 जप्त किया गया है।

# अंतर्राज्यीय चोर गिरोह को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा

**हैदराबाद से 3 आदतन अपराधी गिरफ्तार, 5 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात बरामद**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 6 अप्रैल।** प्रार्थिया निवासी जीवन-ए कॉलोनी, राजनांदगांव द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि रात्रि लगभग 03:00 बजे अज्ञात 03-04 व्यक्ति उसके मकान का दरवाजा तोड़कर अंदर घुस आए। आरोपियों ने उसे डराकर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में अपराध क्रमांक 127/26 धारा 331(4), 305, 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसी क्रम में लक्ष्मीनगर निवासी प्रार्थी की मोटर सायकल ड्रीम योगा चोरी होने की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 128/26 धारा 303(3) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज किया गया। तथा लक्ष्मीनगर बी कॉलोनी निवासी एक अन्य प्रार्थी की रिपोर्ट पर घर का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात चोरी करने के संबंध में अपराध क्रमांक 130/26 धारा 331(4), 305 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन (भा.पु.से.) एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री अलेक्जेंडर किरो के मार्गदर्शन में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक विनय पम्मार एवं निरीक्षक एमन साहू, थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व में टीम गठित की गई।

टीम द्वारा घटना स्थल से लेकर राजनांदगांव शहर के 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का बारीकी से विश्लेषण किया गया। जांच के दौरान आरोपियों के दुर्ग की ओर जाने के साक्ष्य प्राप्त हुए।

इसके पश्चात दुर्ग-भिलाई, रायपुर एवं बिलासपुर के सीसीटीवी फुटेज तथा तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपियों के हैदराबाद में होने की पुष्टि हुई।

पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देश पर सायबर सेल एवं थाना बसंतपुर की संयुक्त टीम हैदराबाद रवाना की गई, जहां दो दिन तक सतत प्रयास के बाद संदेही आरोपियों की पहचान कर घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने राजनांदगांव के जीवन आवास कॉलोनी में एक ही रात में तीन स्थानों पर चोरी की घटनाएं कारित की थीं। घटना के बाद आरोपी दुर्ग-भिलाई होते हुए ट्रेन से बिलासपुर पहुंचे, जहां अगले दिन सरकंडा थाना एवं मोपका चौकी क्षेत्र में भी चोरी की घटना को अंजाम दिया और पुनः ट्रेन से हैदराबाद भाग गए।

#### सराहनीय भूमिका

इस कार्यवाही में सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक विनय पम्मार, निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर, उपनिरीक्षक नरेश सर्वा,सउनि मनमोहन साहू, प्रधान आरक्षक जी. सीरिल,बसंत राव,धीरज डडसेना आरक्षक अविनाश झा, परिवेश वर्मा, पुनेश साहू, आदित्य ठाकुर,प्रख्यात जैन,हेमंत साहू, आशीष मानिकपुरी की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही।

#### पुलिस की अपील

राजनांदगांव पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि यदि वे घर छोड़कर बाहर जा रहे हों या लंबी अवधि के लिए घर खाली रहने वाला हो, तो इसकी सूचना अपने पड़ोसियों एवं नजदीकी पुलिस थाना को अवश्य दें, ताकि क्षेत्र में प्रभावी निगरानी रखी जा सके और चोरी जैसी घटनाओं को रोका जा सके।

## मेडिकल दुकान से प्रतिबंधित टैबलेट, कफ सिरप एवं इंजेक्शन की बिक्री,संचालक गिरफ्तार



**बलौदाबाजार 6 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुखबिर से सूचना मिली थी की जय मां शारदा मेडिकल हाल सिमगा के संचालक द्वारा अपने मेडिकल दुकान में प्रतिबंधित टेबलेट, इंजेक्शन एवं कफ सिरप रखा गया है, जिसको संचालक द्वारा अवैध रूप से लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से इन प्रतिबंधित दवाइयां का नशे के रूप में उपयोग करने वाले विभिन्न लोगों को बिक्री किया जाता है। की सूचना पर पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिमगा पुलिस टीम द्वारा दिनांक 03.04.2026 को सुनियोजित योजना बनाकर जय मां शारदा मेडिकल हाल बेमेतरा रोड सिमगा में दबिश दिया गया। इस दौरान पुलिस टीम को अचानक अपने सामने देखकर दुकान संचालक हडबडा गया। तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा संपूर्ण दुकान का सूक्ष्मतापूर्वक निरीक्षण किया गया है, जिसमें दुकान में कई प्रतिबंधित टैबलेट, सिरप एवं इंजेक्शन होना पाया गया। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए आरोपी से प्रतिबंधित 04 पत्ता टैबलेट, 40 नग इंजेक्शन, 06 नग कफसिरप बरामद किया गया है, जिसका बाजार मूल्य ?2265 है। इसके साथ ही आरोपी से इन प्रतिबंधित दवाइयों से प्राप्त बिक्री रकम ?500 भी जप्त किया गया है। प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा बरामद दवाइयों का खाद्य एवं औषधि प्रसाधन विभाग से भी अवलोकन कराया गया जिसमें इन सभी दवाइयों का प्रतिबंधित होना एवं अवैध मादक पदार्थ के रूप में उपयोग होना पाया गया। कि प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध थाना सिमगा में अपराध 139/2026 धारा 21(क्) हृष्क्क एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण विवेचना में है।

## अवैध रूप से शराब परिवहन करने पर 3 लोगों को किया गया गिरफ्तार




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 6 अप्रैल।** श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदया सुश्री अंकिता शर्मा (भा0पु0से0) के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन व नगर पुलिस अधीक्षक अलेक्जेंण्डर किरो के पर्यवेक्षण में अपराध के रोकथाम व नियंत्रण तथा काननू व शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु नशे के खिलाफ चलाए जा रहे सतत अभियान कार्यवाही के तहत थाना प्रभारी सोमनी निरीक्षक उपेन्द्र कुमार के नेतृत्व में थाना सोमनी पुलिस की टीम गठित कर दिनांक 04.04.2026 को अवैध रूप से शराब परिवहन करने वाले आरोपी

1. समीर कुमार पारधी पिता चिन्नतु राम पारधी उम्र 19 साल निवासी ग्राम बोईरडीह पुलिस चौकी चिखली थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव छ0ग0, 02. रामा पारधी पिता अषोक पारधी उम्र 21 साल निवासी ग्राम स्टेशन मुढीपारा थाना सोमनी जिला राजनांदगांव छ0ग0

के कब्जे से 120 पौवा देशी शोले प्लेन शराब कुल मात्रा 21.6 लीटर कीमती 9600/- एवं बिना नंबर स्कूटी टीवीएस जूपीटर कीमती 80,000/- रूपये को जप्त कर अप0क्र0 68/2026 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत कार्यवाही कर गिरफ्तारी किया गया।।

इसी तारतम्य में आरोपी

1. प्रदीप पारधी पिता स्व0 प्रमोद पारधी उम्र 27 साल निवासी पुराना बस स्टैण्ड शारदा हॉस्पिटल के पास कैलाष नगर थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव छ0ग0 के कब्जे से 51 पौवा देशी शोले शराब 9.18 लीटर कीमती 4080/- एवं बिना नंबर स्कूटी टीवीएस जूपीटर कीमती 80,000/- को जप्त कर अप0क्र0 69/2026 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत कार्यवाही कर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह, प्र0आर0 भूपेन्द्र कौचे, डूलेश्वर साहू, हेमंत अनंत, आर0 नीरज विश्वकर्मा, बिरेन्द्र मण्डावी एवं समस्त स्टाफ थाना सोमनी पुलिस का महत्वपूर्ण व सराहनीय योगदान रहा है।



**बलौदाबाजार 6 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** थाना पलारी एवं रक्षित केंद्र बलौदाबाजार की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने तथा विजिबल पुलिसिंग के तहत ग्राम अमेरा एवं छेरकापुर में पैदल पेट्रोलिंग किया गया।

## निगम ने संपत्ति कर बढ़ाकर जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ाया: संतोष पिल्ले

■ कहा - डबल इंजन की सरकार ने महंगाई बढ़ाकर जनता को पहले ही परेशान कर दिया है

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 6 अप्रैल।** नगर निगम द्वारा संपत्ति कर में की गई बढ़ोतरी को लेकर राजनीतिक माहौल गरमा गया है। नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने इस फैसले की कड़ी आलोचना करते हुए इसे आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने वाला कदम बताया है। संपत्ति कर वृद्धि को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने निगम प्रशासन और सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता पहले से ही महंगाई की मार झेल रही है ऐसे में संपत्ति कर बढ़ाना पूरी तरह जनविरोधी निर्णय है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार के चलते पहले ही आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हुई है जिससे आम नागरिकों का बजट बुरी तरह प्रभावित हुआ है। ऐसे हालात में नगर निगम द्वारा संपत्ति कर में 6त्न से लेकर 20त्न तक की वृद्धि करना जनता पर दोहरी मार डालने जैसा है। श्री पिल्ले ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार और निगम प्रशासन जनहित की बात तो करते हैं लेकिन उनके फैसले इसके विपरीत दिखाई देते हैं। उन्होंने कहा कि इस कर वृद्धि से मध्यम वर्ग और छोटे व्यापारियों की आर्थिक स्थिति और कमजोर होगी। उन्होंने आगे कहा कि नगर निगम को जनता की समस्याओं को समझते हुए ऐसे फैसलों पर पुनर्विचार करना चाहिए। बढ़ा हुआ संपत्ति कर न केवल करदाताओं के लिए परेशानी का कारण बनेगा, बल्कि इससे उनके घरेलू बजट पर भी सीधा असर पड़ेगा। उन्होंने ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि निगम प्रशासन ने इस निर्णय को वापस नहीं लिया तो जनता के हित में आंदोलन किया जाएगा।



## पुलिस की तत्परता से 15 वर्षीय बालक के माता-पिता के चेहरे पर लौटी मुस्कान



**राजनांदगांव 6 अप्रैल।** पुलिस अधीक्षक महोदया सुश्री अंकिता शर्मा (भा.पु.से.) के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री एलेक्ज़ेंडर कीरो के पर्यवेक्षण में गुमशुदा व्यक्तियों की दस्तयाबी एवं सामाजिक सरोकार हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना सिटी कोतवाली को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम डोंगरगांव निवासी एक बालक देवेन्द्र कुमार (उम्र 15 वर्ष), जो अपने घर से बिना बताए कहीं चला गया था, लापता है। बालक के परिजनों की चिंता और मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस टीम द्वारा तत्काल बालक की पतासाजी शुरू की गई।

सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए अलग-अलग दिशाओं में तलाश प्रारंभ की। तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज एवं स्थानीय मुखबिरों की सहायता से अथक प्रयास करते हुए गुमशुदा बालक देवेन्द्र कुमार को रेलवे स्टेशन राजनांदगांव के पास से सुरक्षित दस्तयाब (बरामद) करने में सफलता प्राप्त की । बालक के मिलने के पश्चात उसके पिता संतोष कुमार (उम्र 40 वर्ष) एवं माता श्रीमती संतोषी बाई निवासी डोंगरगांव को थाना बुलाकर आवश्यक वैधानिक औपचारिकताएं पूर्ण की गई। बालक को सकुशल पाकर माता-पिता भावुक हो गए और उन्होंने राजनांदगांव पुलिस की त्वरित एवं संवेदनशील कार्रवाई हेतु सहृदय आभार व्यक्त किया। उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली एवं अधीनस्थ स्टाफ की विशेष एवं महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# 7 नए आयुष्मान आरोग्य मंदिर राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाणपत्र के लिए चयनित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव 6 अप्रैल।** राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के 7 नए आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का चयन राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र हेतु किया गया है। चयनित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में राजनांदगांव विकासखंड के सहसपुर दल्ली, पनिया एवं रेंगाकठेरा, छुरिया विकासखंड के आमगांव, हालेकोसा एवं भेजराटोला तथा डोंगरगांव विकासखंड के कम्हेरा शामिल हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) कार्यक्रम के तहत शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से यह प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक कुल 42 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को एनक्यूएएस प्रमाण पत्र प्राप्त हो चुका है, जबकि 83 स्वास्थ्य संस्थानों द्वारा तैयारी पूर्ण कर प्रमाण पत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इनमें से 24 स्वास्थ्य संस्थानों का निरीक्षण किया जा चुका है, जिनके प्रमाण पत्र प्राप्त होना शेष है। इस उपलब्धि पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जिले के सलाहकार डॉ. विकास राठौर, डॉ. स्नेहा जैन, डॉ. निहारिका टोपनो, खंड चिकित्सा अधिकारियों तथा चयनित स्वास्थ्य केंद्रों के समस्त कर्मचारियों को बधाई दी है।

## संपादकीय

# बुराई आ जाए तो संगठन को जनता नकारती है

संगठन चाहे राजनीतिक हो, गैर राजनीतिक हो, वह जितनी पुरानी होती जाती है। उसके नेता व सदस्य निरंतर पदों पर बने रहते हैं सत्ता में रहते हैं तो संगठन की अच्छाई कम होती जाती है और बुराई बढ़ती जाती है तो वह कमजोर होती जाती है और एक दिन जनता के पूरी तरह नकार देने के कारण समाप्त हो जाती है।देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस हो या वामपंथी दल हो या नक्सली संगठन यह वक्त के साथ संगठन में आई बुराई के कारण कमजोर हुए हैं, धीरे धीरे समाप्त हो रहे हैं। इसकी वजह यही है कि शुरू में इनका लक्ष्य जनता के भले के लिए काम करना था, इनमें वह अच्छाई थी जो जनता को दिखती थी। बरसों सत्ता के मद में यह भूल गए कि उनका लक्ष्य क्या था और वह क्या कर रहे हैं। वह मानकर चल रहे थे कि वह जो कुछ कर रहे हैं वह अच्छा कर रहे हैं जबकि जनता देख रही थी कि वह कितने बदल गए हैं, जनता देख रही थी उनका लक्ष्य पैसा कमाना हो गया था। इसलिए जनता ने अब उनको अस्वीकार कर दिया है।छत्तीसगढ़ नक्सलमुक्त हो रहा है तो अब नक्सलियों की पोल सरेंडर करने वाले नेता खोल रहे हैं। पूर्व वामपंथी नेता और वर्तमान में खुद को वरिष्ठ आदिवासी नेता मानने वाले मनीष कुंजाम खोल रहे हैं। इनकी बात को इसलिए सच माना जा सकता है कि उन्होंने बस्तर में नक्सलियों को बढ़ते और नष्ट होते देखा है। मनीष कुंजाम का कहना है कि भले ही यह माना जाता रहा हो कि नक्सली आदिवासियों की जल,जंगल व जमीन की लड़ाई लड़ते रहे हैं लेकिन हकीकत यह है कि नक्सली कभी जल,जंगल व जमीन की लड़ाई नहीं लड़े। उनका तो दो टूक कहना है कि एक समय बाद तो माओवाद की आड़ में कारपोरेट कंपनियों से वसूली का नेटवर्क चलाया जा रहा था।उनका कहना है कि यदि नक्सली जल,जंगल व जमीन की लड़ाई लड़ रहे तो उनके प्रभाव वाले क्षेत्र में कई खदानें शुरू नहीं हो पाती।उनका कहना है कि कई मामलों में कारपोरेट व अन्य तरह की वसूली के लिए आदिवासियों का भी उपयोग किया जाता था। आदिवासियों से विरोध प्रदर्शन करवाया जाता था और कंपनियों से होने वाली डील का रेट बढ़ाया जाता था।मनीष कुंजाम बस्तर में बरसों वामदलों की राजनीति कर चुके हैं और वह जमीनी हकीकत से वाकिफ है इसलिए वह जब कहते हैं कि सरेंडर कर चुके नक्सलियों का बस्तर में कोई राजनीतिक भविष्य नहीं है तो वह सच कह रहे होते हैं क्योंकि हाल के बरसों में नक्सलियों में आई बुराई के कारण उनके बड़े बड़े नेताओं की कोई स्वीकार्यता जमीन पर तो बची नहीं है।यही बात राज्य के वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल भी कहते हैं कि नक्सलियों की विचारधारा से प्रारंभ हुई क्रांति वसूली, लूटपाट व डकैती में बदल गई। इससे बरसों तक क्षेत्र का विकास, प्रशासनिक व्यवस्था और आम लोगों का जीवन कई दशकों तक प्रभावित रहा।बस्तर में नक्सलवाद को सामाजिक व आर्थिक समस्या बताकर उनको संरक्षण देने वाले भी अब बेनकाब हुए हैं। आज यह सच सामने आ गया है कि देश व बस्तर में गरीबी व पिछड़पन के कारण नक्सलवाद नहीं था बल्कि नक्सलवाद के कारण राज्य व देश के कई हिस्सों में गरीबी व पिछड़ापन रहा और यही वजह है कि देश के कई हिस्से विकास के मामले में पीछे रह गए हैं। इससे देश का विकास भी प्रभावित हुआ है।

# भारत में कैंसर से त्राहिमाम हो रहा बचपन

स्वास्थ्य

मनोज कुमार अग्रवाल



भारत में कैंसर से जीवन गंवाने वाले लोगों की तादाद लगातार बढ़ रही है इनमे भी बच्चों की तादाद सबसे ज्यादा है। तमाम कोशिश नाकाम बन रही है वहीं बच्चों के लिए कैंसर की बीमारी बेहद घातक बन रही है। दुनिया भर में बच्चों में कैंसर एक गंभीर और बढ़ती हुई चिंता बनता जा रहा है, लेकिन सबसे ज्यादा चिंता की बात यह है कि इसके ज्यादातर मामले और मौतें गरीब और मध्यम आय वाले देशों में हो रही हैं. द लैंसेट में पब्लिश ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज 2023 स्टडी ने इस असमानता को लेकर कई चौंकाने वाले आंकड़े सामने रखे हैं. रिपोर्ट के अनुसार, साल 2023 में दुनिया भर में बच्चों में कैंसर के लगभग 3.77 लाख नए मामले सामने आए, जबकि करीब 1.44 लाख बच्चों की मौत हो गई, यह बीमारी बच्चों में मौत के प्रमुख कारणों में शामिल हो चुकी है और खसरा, टीबी और एचआईवी एड्स जैसी बीमारियों से भी ज्यादा जान ले रही है।

आपको बता दें कि दुनिया कितनी भी तरक्की कर ले, लेकिन स्वास्थ्य सुविधाओं का अंतर आज भी मासूमों की जान ले रहा है। चिकित्सा जगत की प्रतिष्ठित पत्रिका 'लैंसेट' की एक ताजा रिपोर्ट ने वैश्विक स्वास्थ्य व्यवस्था की कलई खोल दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, बचपन में होने वाले कैंसर (कर्क रोग) के 85 प्रतिशत नए मामले कम और मध्यम आय वाले देशों में सामने आ रहे हैं, लेकिन डराने वाली बात यह है कि इन देशों में मौतों का आंकड़ा कुल वैश्विक मौतों का 94 प्रतिशत है। यानी संसाधनों के अभाव में गरीब देशों के बच्चे इलाज मिलने से पहले ही दम तोड़ रहे हैं।

दक्षिण एशिया इस संकट का बड़ा केंद्र बना हुआ है, जहां दुनिया के कुल चाइल्डहुड कैंसर से होने वाली मौतों का लगभग 20.5 प्रतिशत हिस्सा दर्ज किया गया. इसके अलावा, 1990 से 2023 के बीच इन मौतों में करीब 16.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी भी देखी गई है. हालांकि एक पॉजिटिव पहलू यह भी है कि वैश्विक स्तर पर मौतों में कुछ कमी आई है, लेकिन इसका लाभ सभी देशों तक समान रूप से नहीं पहुंच पाया है. उच्च आय वाले देशों में इलाज बेहतर होने से बच्चों के बचने की संभावना ज्यादा है, जबकि गरीब देशों में समय पर जांच और इलाज की कमी बड़ी बाधा बन रही है.

इस स्टडी की प्रमुख लेखक लिसा फोर्स कहती हैं कि स्वास्थ्य सेवाओं की असमानता के कारण ही यह अंतर पैदा हो रहा है. देर से डायग्नोसिस, जरूरी इलाज की कमी और स्वास्थ्य प्रणाली की कमजोरियां बच्चों की जान जोखिम में डाल रही हैं. रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि चाइल्डहुड कैंसर के 85 प्रतिशत नए मामले और 94 प्रतिशत मौतें इन्हीं लो और मिडिल इनकम देशों में होती हैं. इसके अलावा डिसएबिलिटी एडजस्टेड लाइफ ईयर्स का भी 94 प्रतिशत हिस्सा इन्हीं देशों में दर्ज किया गया, जो यह दिखाता है कि बीमारी का असर सिर्फ मौत तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों की जिंदगी की क्वालिटी पर भी पड़ता है.



हाल ही में आइ ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीजेज' रिपोर्ट के आंकड़ों का विश्लेषण बताता है कि साल 2023 में दुनिया भर में बचपन में कैंसर के 3,77,000 नए मामले आए, जिनमें से 1,44,000 बच्चों की मौत हो गई। यह बीमारी आज वैश्विक स्तर पर बच्चों की जान लेने वाला आठवां सबसे बड़ा कारण बन चुकी है।

आपको हैरत होगा कि मौतों के मामले में भारत दुनिया में पहले स्थान पर है। 2023 में बच्चों की मौतों का वैश्विक आंकड़े के मुताबिक सबसे ज्यादा भारत 17,000 मौतें चीन 16,000 मौतें नाइजीरिया में 9,000 मौतेंपाकिस्तान मे 9,000 मौतें हुई है। अध्ययन में एक हैरान करने वाला तथ्य सामने आया है। 1990 के मुकाबले वैश्विक स्तर पर बच्चों में कैंसर से होने वाली मौतों में 27 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है।इस वैश्विक रिपोर्ट में एक सकारात्मक पहलू भी है। 1990 में बचपन के कैंसर से लगभग 1.97 लाख मौतें हुई थीं। तब से लेकर अब तक दुनिया भर में मौतों के इस आंकड़े में 27 प्रतिशत की कमी आई है, लेकिन एक बड़ी चिंता यह भी है कि जहां पूरी दुनिया में मौतों का ग्राफनीचे गिरा है, वहीं अफ्रीका में इसमें 55.6 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। विश्लेषण कहता है कि यह सुधार समान नहीं है। जहां विकसित देशों में बेहतर तकनीक से बच्चों को बचाया जा रहा है, वहीं अफ्रीका में संसाधनों की भारी कमी के चलते कैंसर से होने वाली मौतों में 55.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। संसाधनों की कमी वाले इलाकों में बचपन का कैंसर अब बच्चों की मौत का आठवां सबसे बड़ा कारण बन चुका है।

रिपोर्ट के अनुसार, बच्चों में कैंसर से होने वाली मौतों के पीछे मुख्य रूप से तीन प्रकार के कैंसर जिम्मेदार पाए गए हैं। ल्यूकेमिया (ब्लड कैंसर) यह सबसे घातक साबित हुआ, जिससे दुनिया भर में 45,900 बच्चों की मौत हुई। दूसरा मस्तिष्क और तंत्रिका तंत्र इस कैंसर की वजह से 23,200 मासूमों ने जान गंवाई। तीसरा नॉन हॉजकिन लिंफोमा लसीका तंत्र के इस कैंसर से 15,200 मौतें दर्ज की गईं।

शोधकर्ताओं का कहना है कि यह रिपोर्ट केवल आंकड़े नहीं, बल्कि एक चेतावनी है। भारत जैसे देशों में, जो निम्न-मध्यम आय वर्ग में आते हैं, कैंसर मौतों में बचपन के कैंसर का योगदान 11वें स्थान पर है। इसका सीधा मतलब है कि अगर इन देशों में समय पर जांच (अर्ली डायग्नोसिस) और बुनियादी उपचार की सुविधाएं सुधारी जाएं, तो हजारों बच्चों को मौत के मुंह से निकाला जा सकता है। फिलहाल, संसाधनों की सीमित उपलब्धता ही इन मासूमों के जीवन और मृत्यु के बीच की सबसे बड़ी दीवार बनी हुई है।

भारत में कैंसर के बढ़ते मामलों के पीछे जागरूकता और सख्त नियमन की कमी तथा हर स्तर पर बरती जा रही अनदेखी जिम्मेदार है। सामान्यतः एक भारतीय जो भोजन ग्रहण करता है, उसकी सटीक जांच की न तो कोई फिक्र है और न ही कोई ऐसी व्यवस्था उसके आसपास मौजूद है, जिससे वह आसानी से भोजन में छिपे जहर की पड़ताल कर सके।हाल में बंगलुरु स्थित 'गट-हेल्थ स्टार्टअप माइक्रोबायोटीएक्स' के कराए गए शोध में सामने आया है। देश के नौ राज्यों और 14 शहरों के 200 शहरी भारतीयों के रक्त नमूनों के विश्लेषण में पाया गया कि 78 फीसद लोग कीटनाशक अवशेषों के संपर्क में हैं।

इस अध्ययन में शामिल लोगों में से 36 फीसद में तीन या अधिक कीटनाशकों का मिश्रित असर देखा गया, जो गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों की ओर संकेत करता है। विषाक्त पदार्थ भूजल और वायु प्रदूषण के रास्ते शरीर में प्रवेश कर रहे हैं। जांच के बाद आई रपट में कहा गया है कि 54 फीसद नमूनों में एंटीबायोटिक्स और 39 फीसद में स्टेरायड पाए गए। यह हार्मोन के असंतुलन और कैंसर जोखिम बढ़ा सकता है। किसानों को इस बारे में जानकारी नहीं दी गई है कि किसी फसल पर कितनी मात्रा में कीटनाशकों का छिड़काव किया जाना चाहिए। विशेषज्ञ कहते हैं कि अनाजों और फल-सब्जियों में यह मात्रा इतनी रहनी चाहिए कि मनुष्यों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर न पड़े। इस तरह से 'एमआरएल' कीटनाशकों के अंधाधुंध और गलत प्रयोग पर बंदिश लगाने वाली पहली शर्त है, लेकिन सिर्फमुनाफा कमाने के लिए तमाम फलों को कार्बेट से पकाया जा रहा है यहां तक कि देश में बिकने वाले कॉल्ड ड्रिंक और ब्रेड में भी खतरनाक स्तर तक रसायन का इस्तेमाल धडल्ले से किया जा रहा है ऐसे हालात में भारत में कैंसर की महामारी का बढ़ता खतरा नियंत्रित करना संभव नहीं है। सरकार और आमजन सभी को जागरूक होना होगा।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं पिछले 38 वर्ष से लेखन और पत्रकारिता से जुड़े हैं)*

# लोकसभा में 816 सीट होंगी चुनाव आयोग का परिसीमन का फैसला




अहम फैसला

अजय दीक्षित

2011 की जनगणना के आधार लोकसभा, राज्यसभा, राज्यों की विधानसभा की सीट का होगा परिसीमन केंद्रीय चुनाव आयोग ने केंद्र सरकार से अनुरोध किया है और संसद से बिल पारित करने का अनुरोध किया है।इस आशय की प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेज दिया है। केंद्र सरकार का गृह मंत्रालय बिल तैयार करने में लगा है। संभवतः केंद्र सरकार 29 अप्रैल के 05 राज्यों के विधानसभा चुनाव के बाद परिसीमन आयोग और महिला आरक्षण संबंधी विधेयक संसद के समक्ष प्रस्तुत करे । परिसीमन आयोग की सिफ़रशे मिलने के बाद संभवतः लोकसभा में 816 और उसके अनुसार ही राज्यसभा और राज्य विधानसभा सीटों में परिवर्तन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि सरकार 2027 के जनगणना के आधार पर पूर्व में परिसीमन कर ना चाहती थी लेकिन आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु,केरल, कर्नाटक पूर्वोत्तर राज्यों के मुख्यमंत्री की अपत्ति के बाद 2011 की जनगणना को आधार मानकर परिसीमन का निर्णय लिया है ।

उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान,दिल्ली,बिहार, गुजरात, महाराष्ट्र,पश्चिमी बंगाल, छत्तीसगढ़, ओडिशा, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश,असम, झारखंड,में अच्छी खासी सीट की बढ़ोत्तरी हो सकती है। क्योंकि इन राज्यों जनसंख्या की बढ़ने की गति अधिक है।कुल लोकसभा में 271 सीट बढ़ रही हैं।इसी आधार पर राज्यों की विधानसभा सीटों बढ़ेगी। बताया जा रहा है कि बिहार और उत्तर प्रदेश में सीटों की संख्या काफी बढ़ सकती है।दोनों राज्यों जनसंख्या अधिक है। इसी प्रकार महाराष्ट्र और दिल्ली तीसरे चौथे स्थान पर है।

लोकसभा परिसीमन में सीटों की प्राकृति भी बदल सकती है। अनुसूचित जाति, जनजाति के लिए आरक्षित सीट बढ़ सकती हैं और बदल भी सकती हैं। प्रत्येक वर्ग की तीस फीसदी सीट महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी।यही स्थिति राज्य विधानसभा सीटों में लागू होगी। लोकसभा सीट में अंतिम बार बढ़ोत्तरी 1967 में की गई थी तत्कालीन समय से सीटें 489 से 545 की गई थी।542 सीट पर चुनाव होते थे और एक सीट इंग्लोइंडियन के लिए आरक्षित थी जबकि 2 पर राष्ट्रपति द्वारा मनोनयन किया जाता था। अब 816 सीट होंगी । परिसीमन का अर्थ होता है पत्तो के राजनीतिक रूप से फेंटना या कहे कि किसी लोकसभा,या विधानसभा क्षेत्र में जातियों का संयोजन करना है।

मोटे तौर पर देखा जाय तो उत्तर प्रदेश में 80 लोकसभा और 403 विधानसभा क्षेत्र है।तथा जिला जैसे 50 है तो जनसंख्या के आधार पर प्रत्येक जिले में एक सीट बढ़ रही है इसका मतलब है 500 सदस्यता वाली विधानसभा बनी तो एक लोकसभा 05 विधानसभा क्षेत्र किए कुल लोकसभा सीटों संख्या 100 होशकती है। यह अनुमान है।

## राशिफल

**मेष:** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आप जिस भी काम को करना चाहेंगे, वो काम बड़े आराम से पूरा हो सकता है। आपको बस थोड़ा संयम रखने की जरूरत है। आज आपको अपनी मान-प्रतिष्ठा बनाये रखने के लिए समाज के कार्यों में सहयोग देना चाहिए। असहज शाम किसी दोस्त की बर्थडे पार्टी में जाएंगे।

**वृष:** आज आपका दिन फायदेमंद रहेगा। आज बहुत जरूरी काम बड़े बेटे की मदद से पूरा हो जाएगा। माता-पिता के साथ किसी दर्शनीय स्थल पर जाने प्रोग्राम बनाएंगे। किसी करीबी रिश्तेदार के यहां से आपको बड़ी खुशखबरी मिल सकती है। आज कोर्ट-कचहरी के मामले में किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेना आपके लिए फायदेमंद रहेगा।

**मिथुन:** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज आपका बहुत महत्वपूर्ण कार्य बिगड़ते-बिगड़ते बन जाएगा। कारोबार में उतार-चढ़ाव की स्थिति बन सकती है। आज कार्य करने से पहले अपने से बड़े अनुभवी लोगों की राय जरूर लेनी चाहिए , इससे आने वाले समय में आपको अधिक लाभ होगा।

**कर्क:** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। किसी काम में भागदौड़ थोड़ी अधिक हो सकती है। बच्चों के स्कूल-कॉलेज से जुड़े कुछ कागज बनवाने पड़ सकते हैं। आज आपको अपने बिजनेस विस्तार के लिए किसी से आर्थिक मदद लेनी पद सकती है। परिवार के किसी सदस्य से आपकी थोड़ी बहुत अनबन होने की संभावना है।

**सिंह:** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। रोजमर्रा के पेंडिंग पड़े कार्य से निपटा लेने के बाद आप रिलेक्स महसूस करेंगे। आपको किसी महत्वपूर्ण मामले में बहुत बड़ा निर्णय लेना पड़ सकता है। आप अपने दोस्तों के साथ बाहर जाकर कुछ खुशी के पल बिता सकते हैं।

**कन्या:** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज आपके सारे काम मन-मुताबिक पूरे जाएंगे। बीजी शेड्यूल होने के बावजूद भी आप बच्चों के साथ खुशी के पल बितायेंगे। पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। इस राशि के जो छात्र इंजीनियरिंग कर रहे हैं, उनके लिए आज का दिन शुभ है आपको किसी कंपनी से जॉब का ऑफर आने वाला है।

**तुला:** आज का दिन आपके लिए दिन ठीक-ठाक रहेगा। किसी पुरानी बात को लेकर आप थोड़े परेशान हो सकते हैं, लेकिन शाम तक सब ठीक हो जाएगा। घर पर अचानक से मित्र आ सकता है। आप उसके साथ घर पर लंच का आनंद ले सकते हैं। आप किसी टूर पर जाने का प्लान भी बना सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आपके कुछ नए दोस्त बन सकते हैं। आपका सामाजिक दायरा काफी हद तक बढ़ जाएगा। आसपास के लोगों से आपको मदद मिल सकती है। आपको व्यवसाय के क्षेत्र में भी लाभ मिलने की पूरी उम्मीद है। असंभव से लगने वाले कार्यों में भी आपको पूर्ण रूप से सफलता मिलेगी।

**धनु:** आज आपका दिन शानदार रहेगा। बच्चों द्वारा शुभ समाचार मिलने से घर में खुशी का माहौल रहेगा। साथ ही पिछ्ले कुछ समय से चल रही किसी दुविधा का भी समाधान मिल सकता है। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनी रहेगी। आपके आत्मविश्वास के सामने चुनौती टिक नहीं पायेगी। आपको किसी सेमिनार में बतौर अतिथि बुलाया जा सकता है।

**मकर:** ऑफिस के काम में आपके सामने कई चुनौतियां आ सकती हैं। आप अपने काम में किसी मित्र का सहयोग ले सकते हैं। धैर्य से निर्णय लेने पर सफलता के नए आसार खुल सकते हैं। जीवनसाथी का सहयोग आपको फायदा दिला सकता है। आपको अपने भविष्य की योजनाओं के बारे में थोड़ा विचार करने की जरूरत है।

**कुंभ :** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आपको बड़ी खुशखबरी मिलेगी, जिससे परिवार में सबके चेहरे खिल उठेंगे। घर में किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति के आने से कुछ खास मुद्दों पर सकारात्मक विचार विमर्श होगा। आज अपनी योजनाओं तथा गतिविधियों को सीक्रेट रखें। अनुभवी लोगों का सहयोग और मार्गदर्शन आपके लिए सहायक रहेगा।

**मीन:** दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। माता-पिता अपने बच्चों के साथ कहीं आस-पास पिकनिक स्पॉट पर जा सकते हैं। ऑफिस में माहौल थोड़ा गंभीर रह सकता है। आपको अपने बॉस की बातों को ध्यान से सुनने के बाद ही अपनी राय देनी चाहिए। आज आपको थोड़ा आलस्य भी महसूस होगा। आज कुछ मामलों में आप थोड़े भावुक हो सकते हैं।

# चांद की ओर मानव वापसी : नासा का आर्टेमिस-II मिशन

विज्ञान

सुनील कुमार महला



अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का आर्टेमिस II मिशन चंद्रमा की ओर अग्रसर है। उल्लेखनीय है कि नासा ने 1 अप्रैल 2026 को (भारतीय समयानुसार 2 अप्रैल सुबह 3:54 बजे) इस मिशन का सफल प्रक्षेपण किया। यहां पाठकों को बताता चलूं कि वर्ष 1972 में अपोलो कार्यक्रम(प्रोग्राम) के बाद यह पहला अवसर है जब मानव को इतनी लंबी अंतरिक्ष यात्रा पर भेजा गया है। आर्टेमिस-2 के चारों अंतरिक्ष यात्री 3 अप्रैल को पृथ्वी की कक्षा छोड़कर चंद्रमा की ओर बढ़ चुके हैं। उपलब्ध जानकारी अनुसार यह पूरा अभियान 10 दिनों का निर्धारित है। इस अभियान के अंतर्गत शक्तिशाली स्पेस लांच सिस्टम (प्रक्षेपण यान) को फ्लोरिडा स्थित कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किया गया, जो ओरियन स्पेसक्राफ्ट( यानी कि ओरियन यान) को लेकर गया है। इस महत्वपूर्ण अभियान में चार अंतरिक्ष यात्री शामिल हैं-एक महिला और तीन पुरुष। इनके नाम हैं-रीड वाइसमैन, विक्टर ग्लोवर, क्रिस्टीना कोच तथा कनाडाई अंतरिक्ष एजेंसी से जेरेमी हैनसेन। गौरतलब है कि क्रिस्टीना कोच के नाम पहले ही सबसे लंबी एकल अंतरिक्ष उड़ान का कीर्तिमान दर्ज है। जानकारी के अनुसार ये चारों ही अंतरिक्ष यात्री चंद्रमा की परिक्रमा करेंगे। प्रक्षेपण के बाद अंतरिक्ष यात्रियों ने लगभग 25 घंटे पृथ्वी के चारों ओर एक ऊँची और असमान कक्षा में चक्कर लगाया। इसके बाद ओरियन यान का मुख्य इंजन उन्हें लगभग 2,44,000 मील (3,93,000 किलोमीटर) दूर चंद्रमा की ओर ले जाएगा। यह यान चंद्रमा से लगभग 5,000 मील (8,000 किलोमीटर) आगे बढ़ते हुए पृथ्वी से अपनी अब तक की सबसे अधिक दूरी तय करेगा, जिससे अपोलो 13 का दूरी कीर्तिमान भी टूट जाएगा। इस प्रकार आर्टेमिस-2 के यात्री अब तक के सबसे दूर जाने वाले मानव बन जाएंगे। यहां पाठकों को यह भी जानकारी देता चलूं कि अपोलो-13 ने मानव अंतरिक्ष इतिहास में एक महत्वपूर्ण दूरी का कीर्तिमान स्थापित किया था। वास्तव में, यह




मिशन मूल रूप से चंद्रमा पर उतरने के लिए भेजा गया था, लेकिन उड़ान के दौरान हुए विस्फोट के कारण इसे बीच में ही वापस लौटना पड़ा। वापसी के दौरान अंतरिक्ष यान चंद्रमा के पीछे से घूमते हुए पृथ्वी की ओर आया, जिसे 'फ्री-रिटर्न ट्राजेक्टरी' कहा जाता है। इस मिशन के दौरान अंतरिक्ष यात्रियों ने पृथ्वी से लगभग 4,00,171 किलोमीटर (248,655 मील) की अधिकतम दूरी तय की, जो उस समय तक किसी भी मानव द्वारा अंतरिक्ष में तय की गई सबसे अधिक दूरी थी। इस प्रकार, अपोलो 13 भले ही अपने मुख्य उद्देश्य में सफल नहीं रहा, लेकिन उसने दूरी के मामले में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। हाल फिलहाल, आर्टेमिस-2 अभियान की योजना के अनुसार, अंतरिक्ष यात्री चंद्रमा से कई हजार मील दूर जाकर वापस मुड़ेंगे और फिर पृथ्वी की ओर लौटेंगे। चंद्रमा के पीछे से निकलने के बाद, उड़ान के दसवें दिन- अर्थात प्रक्षेपण के नौ दिन, एक घंटे और 46 मिनट बाद-वे पृथ्वी पर लौट आएंगे। यह वापसी अपोलो अभियानों की तरह प्रशांत महासागर में जल-अवतरण के रूप में होगी।इस अभियान के दौरान अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा के सुदूर भाग के ऐसे क्षेत्रों को देखने का अवसर मिलेगा, जिन्हें पहले कभी नहीं देखा गया। लगभग छह घंटे की निकटतम परिक्रमा के दौरान चंद्रमा एक बास्केटबॉल के आकार का दिखाई देगा। यहां यह उल्लेखनीय है कि जेरेड इसाकमैन के नेतृत्व में इस अभियान में प्रेरक तस्वीरें लेने के लिए स्मार्टफोन भी शामिल किए गए हैं। नासा द्वारा साझा की गई तस्वीर में चंद्रमा की सतह पर स्थित ओरिएंटेल बेसिन स्पष्ट दिखाई देता है, जो अब तक अनदेखा क्षेत्र माना जाता रहा है-यह एक महत्वपूर्ण वैज्ञानिक उपलब्धि है। मीडिया में उपलब्ध जानकारी के अनुसार यह अभियान लगभग 4,00,000 किलोमीटर की दूरी तय करेगा। यान चंद्रमा की सतह पर नहीं उतरेगा और न ही उसकी कक्षा में प्रवेश करेगा, बल्कि बाहरी पथ से उसकी परिक्रमा करेगा। इस पूरे अभियान का उद्देश्य चंद्रमा के सुदूर और रहस्यमय भाग का अध्ययन करना तथा भविष्य में मानव बसावट की संभावनाओं को परखना है। अच्छी बात यह है कि लगभग 53 वर्षों बाद इस प्रकार का मानवयुक्त चंद्र अभियान संभव हो पाया है तथा वर्ष 1972 के बाद ये चारों अंतरिक्ष यात्री चंद्रमा की यात्रा करने वाले पहले मानव हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि इससे मानव समाज में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति नया आकर्षण उत्पन्न होगा। ऐतिहासिक दृष्टि से, शीत युद्ध के दौरान संयुक्त राज्य अमेरिका और सोवियत संघ के बीच चंद्रमा पर पहुंचने की होड़ लगी थी, जिसमें अमेरिका सफल रहा। बाद में यह प्रतिस्पर्धा धीमी पड़ गई और दशकों तक कोई बड़ा मानवयुक्त अभियान नहीं हुआ। वर्तमान में हमारे देश का पड़ोसी चीन इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है, जिससे प्रतिस्पर्धा फिर तेज हो गई है। यदि आर्टेमिस-2 अभियान सफल होता है, तो अगला कदम मानव को चंद्रमा की सतह पर उतारना होगा। 'नासा' की दीर्घकालिक योजना चंद्रमा पर स्थायी मानव उपस्थिति स्थापित करने की है, जिससे अन्य ग्रहों तक पहुंच आसान हो सके। वर्तमान अंतरिक्ष केंद्र इस प्रकार के प्रक्षेपण के लिए उपयुक्त नहीं हैं, इसलिए चंद्रमा पर आधार स्थापित करना महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यहां यह गौरतलब है कि नासा का लक्ष्य वर्ष 2028 तक चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के निकट अंतरिक्ष यात्रियों को उतारना है। वहीं चीन 2030 तक अपने मानव अभियान की तैयारी में जुटा है, जबकि 'इसरो'(भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी) ने वर्ष 2040 तक मानव को चंद्रमा पर भेजने का लक्ष्य रखा है। भारत ने चंद्रयान-3 की सफलता के साथ चंद्रमा पर उतरने की क्षमता प्राप्त कर ली है और अब वहां से सुरक्षित वापसी की दिशा में कार्य कर रहा है। भारतीय वैज्ञानिक इस दिशा में पूर्ण तत्परता से कार्यरत हैं और उनके प्रयासों में निरंतरता बनी रहनी चाहिए। अंत में यही कहूंगा कि 'नासा' का आर्टेमिस प्रोग्राम मानवता के अंतरिक्ष इतिहास में एक नई शुरुआत का प्रतीक है। इसका मुख्य उद्देश्य केवल चंद्रमा तक पहुंचना नहीं, बल्कि वहां स्थायी मानव उपस्थिति स्थापित करना और भविष्य में मंगल जैसे ग्रहों तक जाने की तैयारी करना है।निष्कर्षतः यह बात कही जा सकती है कि आर्टेमिस मिशन न केवल वैज्ञानिक खोजों को नई दिशा देगा, बल्कि यह तकनीकी प्रगति, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और अंतरिक्ष में मानव विस्तार की संभावनाओं को भी मजबूत करेगा। यह मिशन दर्शाता है कि आने वाला समय अंतरिक्ष में मानव सभ्यता के विस्तार का है, जहां चंद्रमा एक महत्वपूर्ण पड़ाव बनेगा।

*(लेखक फ्रीलांस राइटर, कॉलमिस्ट व युवा साहित्यकार, हैं)*

## शब्द-सामर्थ्य 365

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

**ऊपर से नीचे**

1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. शृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 364 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मै | दा | न | | स | र | ग | म | |
| त्री | | सी | | | क्षा | | धु | र्रा |
| | सा | ह | स | | | | र | |
| स्वा | ग | त | | स | म | झौ | ता | |
| व | र | | | र | | | | म |
| लं | | वि | ला | स | | | दा | म |
| बी | न | | ज | | सा | मा | न | ता |
| | ज | | वा | हि | या | त | | |
| त | र | की | ब | | ना | | खा | ली |

## सु-दोकू 365

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.364 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

# नानगुर में महतारी सदन का लोकार्पण, मांझीगुड़ा में 40 लाख से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 6 अप्रैल।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा–मातृशक्ति को सशक्त बनाने और ग्रामीण विकास को गति देने के लिए सरकार प्रतिबद्धजगदलपुर। जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में रविवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इस दौरान नानगुर में महतारी सदन का उद्घाटन किया गया, वहीं मांझीगुड़ा में डोम शेड, सीसी सड़क और नाली निर्माण सहित कई कार्यों की आधारशिला रखी गई।नानगुर में आयोजित कार्यक्रम में किरण देव ने लगभग 29 लाख 20 हजार रुपए की लागत से निर्मित महतारी सदन का फीता काटकर लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने हल्बी बोली में संबोधित करते हुए ग्राम पंचायत की महिलाओं को बधाई दी और कहा कि मातृशक्ति को सशक्त बनाने के उद्देश्य से इस सदन का निर्माण किया गया है, जहां महिलाएं अपने सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर सकेंगी। उन्होंने सदन



की नियमित साफ-सफाई और बेहतर उपयोग पर भी जोर दिया। साथ ही उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया जा रहा है।इसके बाद ग्राम मांझीगुड़ा में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। यहां दुलारदई माता गुड़ी में 20 लाख रुपए की लागत से डोम शेड निर्माण, 300 मीटर नाली निर्माण (9.50 लाख रुपए), सीसी सड़क निर्माण (6 लाख रुपए) तथा अन्य शेड निर्माण (5 लाख रुपए) सहित कुल लगभग 40 लाख 50 हजार रुपए के कार्यों की शुरुआत की गई।इस अवसर पर किरण देव ने कहा कि क्षेत्र की जनता की मांग के अनुरूप लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। दुलारदई माता गुड़ी में वर्षों से डोम शेड निर्माण की मांग की जा रही थी, जिसे अब पूरा किया जा रहा है। इन कार्यों के पूर्ण होने से ग्राम पंचायत मांझीगुड़ा के लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।कार्यक्रम में नानगुर मंडल प्रभारी सुब्रतो विश्वास, जनपद अध्यक्ष पदलाम नाग, उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम कश्यप, जनपद सदस्य शांति बघेल, धंसे भारती, सरपंच रेदू नाग, मंगलसाय बघेल, मंडल अध्यक्ष हरिराम मंडावी, लखीधर बघेल, पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष नीलांबर सेठिया, सतीश सेठिया, चंद्रकांत सेठिया, जयमोहन सेठिया, श्रीमती रंजीता सहित मंडल पदाधिकारी, कार्यकर्ता और ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## भाजपा स्थापना दिवस पर किरण देव ने कार्यकर्ताओं को दी बधाई

**जगदलपुर, 6 अप्रैल (तछसं.)।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने सभी कार्यकर्ताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है और जन सेवा को प्रभु सेवा मानकर कार्य करता है।किरण देव ने पार्टी के पितृ पुरुषों को नमन करते हुए श्यामाप्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय, कुशाभाऊ ठाकरे, विजयाराजे सिंधिया तथा अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान को स्मरण किया। उन्होंने कहा कि इन महान नेताओं की राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका रही है और उनके आदर्श आज भी कार्यकर्ताओं को प्रेरित करते हैं।प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि भाजपा का गठन 6 अप्रैल 1980 को हुआ था, जिसका इतिहास भारतीय जनसंघ से जुड़ा हुआ है। स्वतंत्रता और देश विभाजन के बाद उत्पन्न राजनीतिक परिस्थितियों में एक मजबूत वैचारिक दल की आवश्यकता महसूस हुई, जिसके परिणामस्वरूप इस विचारधारा का विकास हुआ।उन्होंने कहा कि भाजपा का अपना संविधान है और इसके तहत पूरे वर्ष विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। आज भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है, जिसका कार्यकर्ता होना गर्व का विषय हैकिरण देव ने आगे कहा कि भाजपा एक सुदृढ़, समृद्ध, स्वावलंबी और शक्तिशाली भारत के निर्माण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। पार्टी एक ऐसे राष्ट्र की कल्पना करती है जो आधुनिक सोच के साथ प्रगतिशील समाज का प्रतिनिधित्व करे और साथ ही भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति के मूल्यों से प्रेरणा लेकर 'विश्व गुरु' के रूप में स्थापित हो। इसके साथ ही विश्व शांति और न्यायपूर्ण अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था स्थापित करने की दिशा में भी भारत की भूमिका को सशक्त बनाने का लक्ष्य है।



## एक नजर

### भाजपा स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर किरण सिंह देव ने किया दीप प्रज्वलन



**जगदलपुर, 6 अप्रैल (तछसं.)।** जगदलपुर। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर जगदलपुर विधायक एवं प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने स्थानीय विधायक कार्यालय में दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रसेवा के संकल्प को पुनः दृढ़ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह दीप केवल प्रकाश का प्रतीक नहीं, बल्कि अंत्योदय, सुशासन और 'राष्ट्र प्रथम' की विचारधारा का उजास है, जो निरंतर जनसेवा के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। किरण सिंह देव ने कहा कि समर्पण, सेवा और संगठन की भावना ही भाजपा की पहचान है, और इसी मूल विचार के साथ कार्यकर्ता निरंतर समाज और राष्ट्र की सेवा में जुटे रहते हैं। उन्होंने स्थापना दिवस के पावन अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया

### बस्तर परिवहन संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से किरण सिंह देव की भेंट

**जगदलपुर,6 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव ने बस्तर परिवहन संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों से आत्मीय भेंट की।इस दौरान उन्होंने सभी पदाधिकारियों को उनके नवीन दायित्व के लिए शुभकामनाएं देते हुए सफल कार्यकाल की कामना की। किरण सिंह देव ने कहा कि परिवहन संघ क्षेत्र की व्यवस्था और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है तथा जनसेवा में उनकी भागीदारी सराहनीय है।उन्होंने उम्मीद जताई कि नई टीम अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी और समर्पण के साथ करेगी तथा क्षेत्र के हित में बेहतर कार्य करेगी। इस अवसर पर संघ के सदस्य एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

### कोंडागांव वन विभाग ने 45 नग साल, बीजा, सागौन की अवैध लकड़ी जब्त की

**कोंडागांव, 6 अप्रैल।** जिले के रेंज माकड़ी अंतर्गत ग्राम मगेड़ा हीरापारा में वनमंडलाधिकारी कोंडागांव के निर्देश और उपवनमंडलाधिकारी पूर्व कोंडागांव के मार्गदर्शन में आरोपी मानक राम यादव ने अपने मकान की बाड़ी में अवैध रूप से साल, बीजा और सागौन की लकड़ी का भंडारण किया था। उड़नदस्ता टीम ने आज अवैध लकड़ी भंडारण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 45 नग लकड़ी जब्त की है। जब्त की गई लकड़ी में साल, बीजा और सागौन शामिल हैं, जिसकी अनुमानित कीमत 1,35,000 रुपये बताई गई है। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध लकड़ी कटाई और भंडारण के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जब्त अवैध लकड़ी में 20 साल चौखट कड़ी, 19 साल चिरान और 6 सागौन फारा शामिल हैं। कुल 45 लकड़ियों का घनत्व 0.830 घन मीटर आंका गया है। इस मामले में भारतीय वन अधिनियम के तहत अपराध प्रकरण क्रमांक 18465/04 दर्ज कर विधिवत कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई में उड़नदस्ता प्रभारी मोतीलाल बेलसरिया, सहायक प्रभारी राकेश शुक्ला, वनपाल तारावती कोर्राम, अलका नाग, वनरक्षक वासुदेव डहरिया, सरस्वती मरकाम और वाहन चालक मंजीत चव्हाण शामिल थे।

### बीपीएस चुनाव में अपना पैनल के प्रदीप पाठक अध्यक्ष निर्वाचित

**जगदलपुर,6 अप्रैल।** बस्तर परिवहन संघ के सदस्यों ने शनिवार की रात घोषित नतीजों में अपना पैनल के प्रत्याशियों ने सभी पदों पर जीत दर्ज की है। प्रदीप पाठक अध्यक्ष पद के लिए चुने गए हैं। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कन्हैया झा को करीब 472 मतों से हराया। अध्यक्ष पद पर प्रदीप पाठक ने 932 वोट हासिल कर अपने प्रतिद्वंदी को बड़े अंतर से हराते हुए लगातार दूसरी बार जीत दर्ज की।बीती रात 12.30 बजे अंतिम परिणाम जारी होते ही संघ दफ्तर के सामने आतिशबाजी और मिठाईयां खिलाने का दौर शुरू हुआ। देर रात तक वहां जश्न का माहौल रहा। सभी एक दुसरे को गले लगाकर जीत की बधाई देते रहे। बस्तर परिवहन संघ के अध्यक्ष पद जीत हासिल करने के बाद प्रदीप पाठक ने कहा कि पद संभालने के बाद सबसे पहले उनका लक्ष्य परिवहन व्यवसाय को प्रगति पर लाना है। परिवहन व्यवसाय से जुड़े लोगों के लिए परिवहन के नए रास्ते तलाशने जरूरी हैं। सचिव पद पर सुखदेव सिंह (948 वोट) और कोषाध्यक्ष पद पर जगन झनवार (879 वोट) ने भी शानदार जीत हासिल की। सभी प्रमुख पदों पर अपना पैनल का कब्जा रहा, जिससे संगठन में उनकी मजबूत पकड़ साफ दिखाई दी। वहीं उपाध्यक्ष पद पर कड़ी टक्कर के बीच महेंद्र सिंह नयन (889 वोट) और संयुक्त सचिव पद पर संतोष सिंह (951 वोट) ने सबसे अधिक मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। कुल मिलाकर हर पद पर अपना पैनल के उम्मीदवारों का प्रदर्शन प्रभावशाली रहा ।

## जगदलपुर नगर निगम ने कर वसूली में जुटाए 19 करोड़ से अधिक, 30 अप्रैल तक पेनल्टी में राहत



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 6 अप्रैल।** नगर पालिक निगम जगदलपुर द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत चलाए जा रहे कर वसूली अभियान में अब तक 19 करोड़ 11 लाख 27 हजार रुपए का राजस्व एकत्र किया जा चुका है। निगम ने इस वर्ष कुल 24 करोड़ 21 लाख 37 हजार रुपए का लक्ष्य निर्धारित किया था, जिसके मुकाबले बड़ी मात्रा में वसूली हो चुकी है।राज्य सरकार द्वारा करदाताओं को राहत देते हुए टैक्स जमा करने की अंतिम तिथि 31 मार्च से बढ़ाकर 30 अप्रैल कर दी गई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव के निर्णय के अनुसार 31 मार्च के बाद लगने वाले अधिभार में एक माह की छूट दी गई है। अब 30 अप्रैल के बाद कर जमा करने पर 10 प्रतिशत पेनल्टी के साथ टैक्स वसूला जाएगा।निगम द्वारा संपत्ति कर में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की गई है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 6 करोड़ 76 लाख 58 हजार रुपए का लक्ष्य निर्धारित था, जिसके विरुद्ध 31 मार्च तक 6 करोड़ 63 लाख 31 हजार रुपए, यानी 98.04 प्रतिशत वसूली की जा चुकी है। वहीं बकाया मांग सहित 8 करोड़ 37 लाख 14 हजार रुपए के लक्ष्य के विरुद्ध 7 करोड़ 96 लाख 53 हजार रुपए, यानी 95.15 प्रतिशत वसूली की गई है।जल कर के मामले में 8 करोड़ 25 लाख 9 हजार रुपए का लक्ष्य रखा गया था, जिसके मुकाबले अब तक 2 करोड़ 48 लाख 18 हजार रुपए की वसूली हो सकी है।इसके अलावा नगर निगम द्वारा दुकानों के किराए के रूप में वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान 1 करोड़ 80 लाख 54 हजार रुपए की वसूली की गई है।नगर निगम प्रशासन ने करदाताओं से अपील की है कि वे 30 अप्रैल तक बिना किसी पेनल्टी के अपना कर जमा कर सुविधा का लाभ उठाएं।

### पीओएस मशीन से अनियमित यूरिया वितरण पर 106 प्रतिष्ठानों को कारण बताओ नोटिस

**महासमुंद, 6 अप्रैल।** भारत सरकार के उर्वरक मंत्रालय के निर्देशानुसार जिले में उर्वरकों के वितरण में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में 16 मार्च 2026 से 29 मार्च 2026 के दौरान पीओएस मशीन के माध्यम से यूरिया के अनियमित वितरण के मामलों में जिले के कुल 106 प्रतिष्ठानों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उप संचालक कृषि श्री एफ आर कश्यप ने बताया कि इनमें 86 निजी तथा 20 सहकारी संस्थाएं शामिल हैं, जिनके द्वारा उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 का उल्लंघन करते हुए यूरिया का विक्रय अनियमित रूप से किया गया। इस पर संबंधित संस्थाओं को नोटिस जारी कर 7 दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

### भाजपा के 47 वें स्थापना दिवस पर

## जनजागरण अभियान के साथ हर बूथ पर होगा सप्ताह भर होगा कार्यक्रम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 6 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला दंतेवाड़ा द्वारा 6 अप्रैल से 12 अप्रैल तक विविध संगठनात्मक एवं जनहितकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस स्थापना सप्ताह के माध्यम से पार्टी अपनी विचारधारा, रीति-नीति एवं राष्ट्र निर्माण के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेगी।

स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय में विधिवत ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। इस दौरान



कार्यकर्ताओं के मध्य भारतीय जनता पार्टी के गौरवशाली इतिहास, सिद्धांतों एवं संगठनात्मक मूल्यों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

भाजपा द्वारा इस वर्ष स्थापना दिवस को बूथ स्तर तक व्यापक रूप से मनाने का निर्णय लिया गया है। प्रत्येक बूथ पर ध्वजारोहण, विचार गोष्ठी एवं जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे आमजन तक पार्टी की नीतियों एवं उपलब्धियों को पहुंचाया जा सके। साथ ही कार्यकर्ता अपने-अपने घरों में भाजपा का ध्वज फहराकर संगठन के प्रति अपनी निष्ठा प्रदर्शित करेंगे।6 अप्रैल से प्रारंभ होकर 12 अप्रैल तक चलने वाले कार्यक्रमों में स्थान दिवस मनाना, स्व'छता अभियान, गांव-गांव संपर्क अभियान तथा महापुरुषों की जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम जैसे विविध आयोजन शामिल रहेंगे।जिले के अंतिम छोर तक संगठन की पहुंच सुनिश्चित करने हेतु विशेष कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं। जिले के सुदूर एवं अंतिम छोर व शक्तिकेंद्र चेरपाल में भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता के नेतृत्व में स्थापना दिवस मनाया जाएगा, जिलाध्यक्ष के साथ विशेष रूप से महामंत्री मुन्ना मरकाम,मंडल अध्यक्ष बैसू मंडावी, मंडल महामंत्री संध्या शुक्ला, राजेश नाग एवं जिला व मंडल के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे 7 इसी क्रम में क्षेत्रीय विधायक चैतराम अटामी कासोली में स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुडामी पालनार में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएंगे। भारतीय जनता पार्टी दंतेवाड़ा संगठन ने सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों से अपील की है कि वे इन कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने में अपना योगदान दें।

## शासन ने 31 मार्च टैक्स जमा करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 30 अप्रैल किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर,6 अप्रैल।** नगर पालिका निगम जगदलपुर द्वारा वित्तीय वर्ष 2025.26 मार्च 31 तक के लिए कर वसूली अभियान के तहत बड़े पैमाने पर राजस्व एकत्र किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव ने समस्त करदाताओं को 31 मार्च जमा करने की तारीख को बढ़ाकर 30 अप्रैल 2026 तक टैक्स जमा करने की छूट दी है। 31 मार्च के बाद लगने वाले अधिभार से राज्य सरकार ने एक माह की छूट प्रदान की है। 30 अप्रैल के बाद 10ः पेनल्टी के साथ टैक्स वसूली की जाएगी।नगर पालिका निगम जगदलपुर इस वर्ष टैक्स वसूली का लक्ष्य 24 करोड़ 21 लाख 37 हजार निर्धारित किया गया था इसमें से अब तक 19 करोड़ 11 लाख 27 हजार रुपए की वसूली की जा चुकी है। संपत्ति कर मे वित्तीय वर्ष 2025.26 टेक्स वसूली का लक्ष्य 6 करोड़ 76 लाख 58 हजार निर्धारित किया गया था 31 मार्च 2026 तक 6 करोड़ 63 लाख 31 हजार यानि 98ण्04ः की वसूली की गई। बकाया मांग के साथ इस वित्तीय वर्ष में 08 करोड़ 37 लाख 14 हजार निर्धारित किया गया था जिसमें 07 करोड़ 96 लाख 53 हजार यानि 95ण्15ः नगर निगम द्वारा संपत्ति कर की वसूली की गई। जल कर मे वित्तीय वर्ष 2025त्र 26 टेक्स वसूली का लक्ष्य 08 करोड़ 25 लाख 09 हजार निर्धारित की गई थीए 31 मार्च तक 02 करोड़ 48 लाख 18 हजार की वसूली यानि 30ण्08ः की जलकर में वसूली की गई। नगर निगम द्वारा दुकानों के किराया मे वित्तीय वर्ष 2025.26 में 01 करोड़ 80 लाख 54 हजार की वसूली की गई महापौर संजय पांडे ने सभी करदाताओं को अधिभार से बचने हेतु 30 अप्रैल तक टैक्स जमा करने की अपील की हैं। उन्होंने कहा है कि अधिक से अधिक लोग राज्य सरकार के द्वारा दी गई छूट से लाभ उठावे।जल कर अप्रैल माह में पटाकर अधिभार से बचें। राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा ने छत्तीसगढ़ सरकार के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव का धन्यवाद प्रेषित किया है जिन्होंने करदाताओं को 01 महीने का छूट दी है।

### बस्तर हैरिटेज मैराथन के विजेताओं को पुरस्कार राशि वितरित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर,6 अप्रैल ।** बस्तर जिले में खेल एवं फिटनेस को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दिनांक 22 मार्च 2026 को श्बस्तर हैरिटेज मैराथन 2026श् का सफल आयोजन किया गया। यह दौड़ प्रतियोगिता लालबाग मैदानए जगदलपुर से चित्रकोट जलप्रपात तक आयोजित की गईए जिसमें देश.विदेश के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों में दौड़ आयोजित की गईए जिनमें 42 किमी महिला एवं पुरुष तथा ओपन वर्ग 21 कि.मी.महिला एवं पुरुष तथा ओपन वर्ग 10 कि.मी.महिला एवं पुरुष तथा ओपन वर्गद्धए तथा 5 किण्मीण् ;सब.जूनियरए जूनियर एवं सीनियर महिला एवं पुरुष वर्गद्ध शामिल रहे।सभी वर्गों में विजेता घोषित भारतीय एवं विदेशी प्रतिभागियों को पुरस्कार राशि का वितरण किया गया। विदेशी प्रतिभागियों को देय पुरस्कार राशि का भुगतान उनकी सहमति के अनुसार दिनांक 25 मार्च 2026 को किया गयाए जिसमें आयकर अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार आवश्यक कटौतियां की गईं। इसी प्रकारए भारतीय विजेता प्रतिभागियों को शेष राशि का भुगतान 4 अप्रैल 2026 को उनके बैंक खातों में किया गयाए जिसमें आयकर अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार आवश्यक कटौतियां की गईं। कटौती की गई समस्त कर राशि शासन के खजाने में विधिवत जमा कर दी गई है।उक्त प्रतियोगिता में 130 प्रतिभागी विजेता घोषित हुए जिसमें विदेशी प्रतिभागी 19 थेए जिनमें सभी को पूर्ण राशि भुगतान कर दी गई है। भारतीय 111 विजेता प्रतिभागियों में से 105 प्रतिभागियों से खाता क्रमांक प्राप्त करके उन्हे भुगतान किया गया है शेष 6 प्रतिभागियों से खाता क्रमांक प्राप्त करने की कार्यवाही की जा रही हैं।

## मैं हा भूख में मर जहूं तैसे लागथे बेटा,मोला मार्च महीना में कोटा वाले मन राशन नई दिस

**अंवरी, 6 अप्रैल।** राशन कार्ड क्या कागजों तक सिमट कर रह गया है।रजिस्टर्ड राशन दुकान के अलावा अन्य स्थानों पर राशन देने का चोचला महज दिखावा है।यह मै नहीं कह रहा यह बात बोल रही है बोरझरा में रह रही लक्षणी बाई कह रही है।

दरअसल लक्षणी बाई दिल्लीराजहरा में अकेली रहती थी उनका राशन कार्ड बालोद जिले का है।अचानक उनका स्वास्थ्य खराब होने के कारण अपनी पारिवारिक गांव बोरझरा आ गई है पिछले दो महीनों से वह यहीं रह रही है। लक्षणी अत्यंत गरीब महिला है और उनका स्वास्थ्य भी लगातार खराब चल रहा है। मार्च महीने में बोरझरा राशन दुकान संचालक ने 31 मार्च तक राशन कार्ड दुकान में जमा रखा और आखिरी समय बीत जाने के बाद अन्य राशन दुकान से चावल लेने की सलाह दी।ऐसे परिस्थिति में एक गरीब के पेट में लात मारने वालों के खिलाफ कोई कार्यवाही होगी क्या....?अपने मूल स्थान से अन्यत्र मजदूरी करने गए लोगों को फूड सिक्योरिटी देने के लिए वन नेशन वन




राशन कार्ड का फार्मूला लागू किया गया है लेकिन यह फार्मूला धरातल में फेल होते दिख रहा है।वही उक्त पीड़ित महिला के लिए भोजन का अधिकार अधिनियम भी अनुपयोगी साबित हो रहा है।भोजन का अधिकार अधिनिया ह्स्र्न्न 2013 के प्रावधानों के बावजूद एक गरीब महिला भूखों मारने मजबूर है।

**रियायती अनाज** - लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत पात्र परिवारों को प्रति व्यक्ति 5 किलोग्राम खाद्यान्न प्रतिमाह रियायती दरों पर मिलता है।

अंत्योदय अन्न योजना सबसे गरीब परिवारों को 35 किलोग्राम अनाज प्रति परिवार प्रतिमाह दिया जाता है।गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताएं- गर्भावस्था के दौरान और प्रसव के बाद 6 महीने तक पौष्टिक भोजन और 6,000 की नकद सहायता (मातृत्व लाभ) पाने की हकदार हैं।

**बच्चों के लिए पोषण**- 6 महीने से 14 वर्ष तक के बच्चों के लिए आंगनवाड़ी के माध्यम से निशुल्क भोजन और स्कूलों में मध्याह्न भोजन की व्यवस्था है।

**खाद्य सुरक्षा भत्ता**- यदि सरकार अनाज उपलब्ध नहीं करा पाती है, तो लाभार्थियों को खाद्य सुरक्षा भत्ता पाने का अधिकार है।

महिला सशक्तिकरण- राशन कार्ड घर की 18 वर्ष या उससे अधिक आयु की सबसे बुजुर्ग महिला के नाम पर जारी किया जाता है, जिसे परिवार का मुखिया माना जाता है।

**शिकायत निवारण**- अधिनियम के तहत जिला स्तर पर शिकायत निवारण अधिकारी और राज्य खाद्य आयोग की स्थापना की गई है।

**मुख्य उद्देश्य**- इसका उद्देश्य कुपोषण को दूर करना और एक गरिमापूर्ण जीवन सुनिश्चित करना है।

वहीं लक्षणी बाई की पीड़ा बताने उनके समस्याओं का समाधान करने के लिए फूड इंस्पेक्टर नीतू नेताम से बात करने के लिए उन्हें कॉल किया परन्तु बार बार कॉल करने बावजूद फूड इंस्पेक्टर नीतू नेताम ने कॉल रिसीव नहीं किया।वहीं इससे पता चलता है कि फूड इंस्पेक्टर नीतू नेताम का संवेदनशील मामलों में उनकी कार्यशैली कैसी है।

## समाचार संक्षेप

### मिशन 'गांव चलो' के तहत कांग्रेस की बैठक में बूथ व पंचायत कमेटी गठन पर जोर



**जगदलपुर, 6 अप्रैल (तछसं.)।** नगरनार ब्लॉक में संगठन विस्तार और जमीनी मजबूती को लेकर बनी रणनीतिजगदलपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार 'मिशन गांव चलो अभियान' के तहत बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने नगरनार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अंतर्गत बूथ एवं पंचायत कमेटी गठन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में संगठन विस्तार, बूथ स्तर पर मजबूती और आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक को संबोधित करते हुए शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति-नीति और आगामी रणनीति से अवगत कराया। उन्होंने जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी द्वारा संचालित 'मिशन गांव चलो अभियान' के तहत संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करना है। सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर पार्टी की पहुंच बढ़ाने और संगठन को सशक्त बनाने का संकल्प लें।उन्होंने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ना और आगामी चुनावों के लिए मजबूत आधार तैयार करना है।बैठक में वरिष्ठ कांग्रेसी उमाशंकर शुक्ला, नगरनार ब्लॉक अध्यक्ष संतोष सेठिया, रविशंकर तिवारी, वीरेंद्र साहनी, नीलुराम बघेल, दयाराम कश्यप, महामंत्री नीतीश शर्मा, सचिन खरे, मनु सेन, भुवन झा, खीरमनी, भोजराज नाग, दिलीप साहू, तिलक यादव, फूलमणि कश्यप, महारुराम कश्यप, दयालुराम कश्यप, ललित राऊत, मन्नू, धर्मादास नाग, सोनाई कश्यप, रामधर बघेल, रामसिंह कश्यप, बालूराम मंडावी, वट्टी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### नगर में धूमधाम से मनाया गया ईस्टर, यीशु मसीह के पुनरुत्थान की खुशियों में डूबा मसीही समाज



**जगदलपुर, 6 अप्रैल (तछसं.)।** ईस्टर के अवसर पर रविवार को शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में मसीही समाज ने यीशु मसीह के पुनरुत्थान दिवस को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया। गुड फ्राइडे के तीसरे दिन मनाए जाने वाले इस पर्व पर सुबह से ही चर्चों में विशेष प्रार्थना सभाएं और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।मसीही मान्यता के अनुसार, भोर के समय मरियम मगदलीनी और सलोमी जब यीशु की कब्र पर पहुंचे तो पाया कि पत्थर हटा हुआ है और कब्र खाली है। स्वर्गदूतों ने उन्हें बताया कि यीशु मसीह जी उठे हैं। इसके बाद वे 40 दिनों तक अपने अनुयायियों को दर्शन देते रहे। इसी घटना की स्मृति में ईस्टर पर्व मनाया जाता है।शहर के चंदैया मेमोरियल मेथोडिस्ट एपिस्कोपल लाल चर्च में तड़के महिला समिति के तत्वावधान में यीशु मसीह के पुनरुत्थान का दृश्य प्रस्तुत किया गया। आराधना का संचालन वेरोनिका दानी ने किया। इसके पश्चात मसीही समाज के लोग जुलूस के रूप में रेव्ह लॉरेंस दास और रत्नेश बेंजामिन के नेतृत्व में भजन गाते हुए शांति नगर स्थित मसीही कब्रिस्तान पहुंचे। वहां दिवंगत परिजनों की कब्रों पर फूल-माला अर्पित कर मोमबत्तियां और अगरबत्तियां जलाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।करकापाल मसीही कब्रिस्तान में भी सुबह से श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा। मोमबत्तियों की रोशनी से जगमगाता कब्रिस्तान बेहद आकर्षक दिखाई दे रहा था। शहर के ऐतिहासिक लाल चर्च में भी विशेष आराधना संपन्न हुई, जिसका संचालन रेव्ह लॉरेंस दास ने किया, जबकि प्रमुख वक्ता के रूप में बिशप डॉ. एस. सुना ने ईस्टर के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बाइबल के उदाहरणों के माध्यम से पुनरुत्थान की घटना को समझाया और क्षेत्र में अमन-चैन के लिए विशेष प्रार्थना की।आराधना के उपरांत श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को ईस्टर की शुभकामनाएं दीं।ईस्टर के उपलक्ष्य में सोमवार को लाल चर्च मैदान में महिला समिति द्वारा प्रतिवर्ष की भांति ईस्टर मिलन एवं भव्य मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला 6 अप्रैल को शाम 4 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें समाज के सदस्य विभिन्न व्यंजन तैयार कर शामिल होंगे। प्रवेश निशुल्क रखा गया है।

### विधायक कार्यालय में विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों से किरण सिंह देव ने किया संवाद





**जगदलपुर, 6 अप्रैल (तछसं.)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव ने आज स्थानीय विधायक कार्यालय में कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज, गुजराती समाज सहित विभिन्न समाजों के प्रमुखजनों, सदस्यों एवं विभिन्न क्षेत्रों से आए आगंतुकों से आत्मीय भेंट कर संवाद किया।इस दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों के विचार, सुझाव एवं अनुभव सुने और कहा कि समाज के विभिन्न वर्गों से मिलने वाले सुझाव जनसेवा के मार्ग को और अधिक सशक्त बनाने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि आपसी समन्वय, सहयोग और सहभागिता ही समाज और क्षेत्र के समग्र विकास की आधारशिला है।किरण सिंह देव ने सभी समाजों की सक्रिय भागीदारी को सराहते हुए कहा कि जनप्रतिनिधि और समाज के बीच संवाद से विकास कार्यों को नई दिशा मिलती है। इस अवसर पर विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि और नागरिक उपस्थित रहे।

एक नजर

### हाइड्रोपोनिक गांजा,1 और गिरफ्तार



**भिलाई, 6 अप्रैल (तछसं.)।** छत्तीसगढ़ में उच्च गुणवत्ता वाले हाइड्रोपोनिक गांजा मामले में भिलाई नगर थाने पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 1.4 ग्राम हाइड्रोपोनिक गांजा जब्त कर कार्रवाई की है? भिलाई नगर टीआई जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि पूर्व में अप्रैल को बोरसी रोड स्थित बीज विकास निगम, रुआबांधा क्षेत्र से आरोपी विक्रम साहू एवं यश विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से गांजा एवं हाइड्रोपोनिक गांजा सहित नशा सेवन सामग्री जब्त कर धारा 20 (ख), 27(ए), 29 एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था। प्रकरण की विवेचना के दौरान मादक पदार्थ के स्रोत एवं अन्य संलिप्त व्यक्तियों की पतासाजी की जा रही थी। इसी क्रम में एक अन्य आरोपी आयुष विश्वकर्मा (29 साल ) निवासी एमआईजी 01/ 982 हुडको को चिन्हित कर गिरफ्तार किया गया आरोपी के कब्जे से हाइड्रोपोनिक विधि से उगाया गया गांजा बरामद किया जो उच्च गुणवत्ता का मादक पदार्थ है एवं नशे के लिए उपयोग में लाया जाता है।

### मोर गांव, मोर पानी, मोर तरिया अभियान के अंतर्गत मगरलोड विकासखंड में नए तालाब निर्माण की पहल

**धमतरी,6 अप्रैल।** जिले के मगरलोड विकासखंड में जल संरक्षण और भूजल स्तर को बढ़ाने के उद्देश्य से मोर गांव मोर पानी मोर तरिया अभियान (नवा तरिया आय के जरिया) के तहत नए तालाबों के निर्माण की महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। यह अभियान ग्रामीण क्षेत्रों में जल संसाधनों के संरक्षण, वर्षा जल संचयन और पानी की स्थायी उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में चलाया जा रहा है। मगरलोड विकासखंड की विभिन्न ग्राम पंचायतों में क्लार्ट जोन के आधार पर तालाब निर्माण की योजना तैयार की गई है, जिससे स्थानीय स्तर पर जल संकट की समस्या को दूर करने में मदद मिलेगी।

इस योजना के अंतर्गत मगरलोड विकासखंड की सात ग्राम पंचायतों में कुल सात नए तालाबों के निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इन तालाबों का कुल क्षेत्रफल लगभग 12 एकड़ रखा गया है। तालाबों के निर्माण से न केवल वर्षा जल का संचयन होगा, बल्कि इससे खेती, पशुपालन और अन्य ग्रामीण गतिविधियों को भी लाभ मिलेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में लंबे समय से जल संरक्षण की आवश्यकता महसूस की जा रही थी और इस अभियान के माध्यम से इस दिशा में ठोस कदम उठाया जा रहा है।मगरलोड विकासखंड के अंतर्गत कोरगांव ग्राम पंचायत में लगभग 3 एकड़ क्षेत्र में तालाब निर्माण का प्रस्ताव रखा गया है। यह क्षेत्र क्लार्ट जोन के आधार पर चयनित किया गया है जहां जल संचयन की अत्यधिक आवश्यकता है। तालाब बनने से आसपास के खेतों में सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध होगा और भूजल स्तर में भी सुधार आएगा। ग्रामीणों का मानना है कि इस तरह के जल संरक्षण कार्यों से गांव के विकास को नई दिशा मिलेगी। इसी प्रकार मोहंदी ग्राम पंचायत में भी तालाब निर्माण का कार्य प्रस्तावित है। यहां लगभग 1 एकड़ क्षेत्र में तालाब बनाया जाएगा। यह क्षेत्र भी क्लार्ट जोन में शामिल है जहां जल संरक्षण की दृष्टि से यह कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। तालाब निर्माण से वर्षा के दौरान बहकर जाने वाला पानी संरक्षित होगा और इसका उपयोग खेती तथा अन्य जरूरतों के लिए किया जा सकेगा। मोहंदी के अंतर्गत आने वाले जामली क्षेत्र में भी एक तालाब के निर्माण का प्रस्ताव है। यहां लगभग 1 एकड़ क्षेत्र में तालाब बनाया जाएगा।

# हरी खाद से बदल रही खेती की तस्वीर: कम लागत, ज्यादा मुनाफा और बेहतर मिट्टी की सेहत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**रायगढ़, 6 अप्रैल।** जिले में हरी खाद आधारित खेती अब किसानों की पहली पसंद बनती जा रही है। यह पद्धति न केवल मिट्टी की सेहत सुधार रही है, बल्कि कम लागत में बेहतर मुनाफा भी दे रही है। प्राकृतिक और टिकाऊ खेती की ओर किसानों का रुझान लगातार बढ़ रहा है। लैलूंगा विकासखंड के प्रगतिशील किसान जतिराम भगत पिछले 22 वर्षों से हरी खाद आधारित खेती कर रहे हैं। उनका अनुभव बताता है कि शुरुआत में उत्पादन थोड़ा कम लग सकता है, लेकिन समय के साथ मिट्टी की गुणवत्ता सुधरने पर उत्पादन बेहतर और स्थायी हो जाता है। वे मूंग, ढैंचा और सनई जैसी फसलों का उपयोग हरी खाद के रूप में करते हैं, जिससे मिट्टी में जैविक तत्व बढ़ते हैं और जमीन अधिक उपजाऊ बनती है। इस वर्ष उन्होंने 2 एकड़ में श्री विधि और लाइन कतार पद्धति अपनाकर खेती की, जिससे उन्हें प्रति एकड़ लगभग 15 क्विंटल धान उत्पादन प्राप्त हुआ और लगभग 9 क्विंटल चावल मिला। लागत 15,000 रुपए से 20,000 रूपये प्रति एकड़ रही, जबकि शुद्ध मुनाफा लगभग 80,000 रूपये तक पहुंचा।

कृषि विभाग के अधिकारियों के अनुसार, यदि किसान पूरी तरह जैविक खेती करना चाहते हैं और रासायनिक उर्वरकों से बचना चाहते हैं, तो हरी खाद सबसे बेहतर विकल्प है। खरीफ सीजन में धान की रोपाई से पहले 15 मई के बाद खेतों में हरी खाद की बुआई करना उपयुक्त समय माना जाता है। हरी खाद के लिए किसान सन (सनई), ढैंचा और मूंग जैसी फसलों का उपयोग कर सकते हैं। जब ये फसलें 45 से 50 दिन की हो जाती हैं, तब इन्हें खेत में ही जोतकर मिट्टी में मिला दिया जाता है। इससे मिट्टी में जैविक पोषक तत्वों की मात्रा बढ़ती है और यूरिया एवं डीएपी जैसे रासायनिक उर्वरकों की आवश्यकता काफी हद तक समाप्त हो जाती है। साथ ही उत्पादन पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता और जमीन की उर्वरता लंबे समय तक बनी रहती है। लैलूंगा विकासखंड में हरी खाद का प्रचलन तेजी से बढ़ रहा है। कृषि विभाग ने आगामी खरीफ सीजन में 2000 एकड़ में हरी खाद की बुआई कराने का लक्ष्य रखा है। हरी खाद आधारित खेती आज किसानों के लिए एक टिकाऊ और लाभकारी विकल्प बनकर उभर रही है। यह न केवल आय बढ़ा रही है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जमीन को सुरक्षित और उपजाऊ बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

# पंचायत समाधान मंच से 27,705 वर्गफीट शासकीय भूमि कराई गई अतिक्रमण मुक्त



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 6 अप्रैल।** तहसील पुसौर के ग्राम बोंदाटिकरा में शासकीय भूमि एवं नाले पर किए गए अतिक्रमण को हटाने में जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण सफलता मिली है। विगत कई दिनों से प्राप्त शिकायतों के आधार पर एसडीएम रायगढ़ के निर्देशानुसार पंचायत समाधान मंच के माध्यम से संबंधित पक्षों के साथ संवाद एवं समझाइश की प्रक्रिया अपनाई गई। प्रशासन की इस पहल का सकारात्मक परिणाम सामने आया, जब सभी अतिक्रमणकर्ताओं ने आपसी सहमति से अतिक्रमण हटाने का निर्णय लिया। इसके पश्चात आज तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं राजस्व अमले की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर विधिवत कार्रवाई करते हुए शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। कार्रवाई के दौरान देवप्रसाद पिता ठगवा द्वारा 24,757 वर्गफीट, पैत राम पिता घसिया द्वारा 1,680 वर्गफीट, तिहारू पिता जेठू द्वारा 161 वर्गफीट, डमरू पिता प्रिंजलाल द्वारा 269 वर्गफीट, जयलाल द्वारा 258 वर्गफीट, सुशील कुर्रे द्वारा 258 वर्गफीट तथा परसेदिन द्वारा 322 वर्गफीट भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। इस प्रकार कुल 27,705 वर्गफीट शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कर पुनः सार्वजनिक उपयोग के लिए उपलब्ध कराया गया है। पंचायत समाधान मंच के माध्यम से यह कार्रवाई सरल और सहमति के साथ पूरी की गई।

# गर्मी में स्काउट-गाइड्स ने प्याऊ घर खोलकर राहगीरों को दी राहत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**किरंदुल,6 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार नगर में सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ किया गया। नगर पालिका परिषद की अध्यक्षा श्रीमती रूबी शैलेंद्र सिंह ने फीता काटकर इसका विधिवत उद्घाटन किया ।इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि एवं भूतपूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्री शैलेंद्र सिंह तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री शशि भूषण महापात्र की गरिमा मयी उपस्थिति रही।भीषण गर्मी के बीच भारत स्काउट्स एंड गाइड्स, छत्तीसगढ़ इकाई एवं डीएवी पब्लिक स्कूल, किरंदुल के छात्र-छात्राओं ने समाज सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। आम नागरिकों और राहगीरों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से लगाए गए इस प्याऊ में ठंडा एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया गया, जिससे लोगों को तेज गर्मी में बड़ी राहत मिली। प्याऊ घर एवं आवश्यक सामग्री की व्यवस्था नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती रूबी शैलेंद्र सिंह एवं नगर पालिका के सहयोग से हुआ ।प्राचार्य श्री एस. के. श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में स्काउट-गाइड्स के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ सेवा कार्य में भाग लिया। स्कूल परिसर के बाहर लगाए गए प्याऊ घर में मिट्टी के घड़ों के माध्यम से राहगीरों को पानी पिलाया गया, जिसे लोगों ने खूब सराहा।रेंजर लीडर तृप्ति प्रसाद, स्काउट कैप्टन नारायण प्रसाद सहित कब, बुलबुल, स्काउट एवं गाइड के बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल को मानवता, सेवा भावना और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रेरणादायक उदाहरण बताया।

# जीके होंडा ने लकी ड्रॉ स्कीम का अनावरण किया



**रायपुर 6 अप्रैल।** विश्वसनीय होंडा टू-व्हीलर के अधिकृत एवं रायपुर के प्रख्यात डीलर जीके होंडा ने नवरात्रि में लकी ड्रॉ का आजोयन किया था, जिसका अनावरण 5 अप्रैल को ग्राहकों के उपस्थिति में किया गया और सुचारु रूप से विजेताओं के नाम की घोषणा करते हुए उन्हें पुरुस्कार के रूप में फ्रिज, वाशिंग मशीन, एलईडी टीवी और माइक्रोवेव ओवन जैसे बड़े उपहार प्रदान किए तथा उनके निरंतर विश्वास के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। यह जीके होंडा की पारदर्शिता को प्रदर्शित करता है जिसे ग्राहकों सराहा। इस खास अवसर पर जीके होंडा के डायरेक्टर श्री पुनीत पारवानी एवं श्रीमती अनमोल पारवानी ने उपस्थित होकर सभी विजेताओं को सम्मानित किया और साथ ही इस आयोजन के लिए पूरी जीके टीम को इसका श्रेय दिया ढ़ यह अवसर और भी खास था क्यूंकि जीके होंडा ने इस वर्ष 10000+ वाहनों की बिक्री पूरी की है। पुनीत पारवानी जी ने यह आश्वासन दिया की जीके हमेशा ग्राहकों को बेहतर सेवा, भरोसेमंद उत्पाद एवं उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है और आगे भी इसी विश्वास के साथ सेवा करता रहेगा और सभी ग्राहकों एवं सहयोगियों से भविष्य में भी इसी प्रकार के सहयोग और विश्वास की अपेक्षा रहेगी।

# भारतीय मजदूर संघ की रीति-नीति से प्रभावित होकर सदस्यता ग्रहण करने वाले साथियों का विधायक ने केसरिया गमछा से किया स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता






**किरंदुल,6 अप्रैल।** विश्व की सबसे बड़ी श्रम संघ भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध खदान मजदूर संघ शाखा किरंदुल की रीति-नीति से प्रभावित होकर अन्य यूनियन की सदस्यता का त्याग करके खदान मजदूर संघ की सदस्यता ग्रहण करने वाले नए सदस्यों को दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी के कर कमलों से केसरिया गमछा द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया तथा केंद्र सरकार द्वारा लागू किये गए नए लेबर कोड के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए भारतीय खदान मजदूर संघ को मजबूती प्रदान करने एवं व्यापक सदस्यता अभियान चलाने का संकल्प लिया गया। अवगत हो कि दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी के किरंदुल प्रवास के दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष धर्मपाल मिश्रा, मंडल अध्यक्ष विजय सोढ़ी, महामंत्री विक्रम नाहक, वरिष्ठ नेता आर.सी. नाहक, रविन्द्र सोनी, सदानंद साहू , राजेश राव, के साथ खदान मजदूर संघ के यूनियन कार्यालय का दौरा किया गया तथा समस्त आनुषांगिक संगठनों को और भी अधिक सशक्त बनाने हेतु आवश्यक रणनीति तैयार की गई तथा विधायक एवं वरिष्ठ नेताओं द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस दौरान खदान मजदूर संघ की नवीन सदस्यता ग्रहण करने वाले कर्मचारी साथियों में से उपस्थित साथी लक्ष्मीनाथ पोयाम एवं धर्मेंद्र सिन्हा का विधायक द्वारा स्वागत किया गया तथा ट्रेड यूनियन के लिए खुलकर कार्य करने एवं सदैव ही सहयोग का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर खदान मजदूर संघ शाखा किरंदुल के अध्यक्ष बी. दिल्ली राव, सचिव महेंद्र कुमार, राजेंद्र यादव, दानेश्वर जोशी, लिशांष सिँह, उपेंद्र नाथ त्रिपाठी सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित थे।

# खरसिया से परमालकसा तक नई रेल लाइन के लिए सर्वे शुरू



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 6 अप्रैल (तछसं.)।** खरसिया से नया रायपुर होकर परमालकसा के बीच प्रस्तावित नई रेलवे लाइन का निर्माण करने आज से सर्वे का काम शुरू हो गया है। पहले ही दिन सर्वे के लिए दुर्ग जिले के पुरई गांव में पहुची राजस्व, रेलवे और संबंधित अन्य विभागों की टीम को ग्रामीण किसानों के आक्रोश का सामना करना पड़ा। इस रेल परियोजना में जमीन अधिग्रहण के बदले में मिलने वाले मुआवजा की राशि को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं होने से किसानों में नाराजगी देखने को मिली। सर्वे टीम के सामने इस बात पर तनातनी उभरने से माहौल बिगड़ता देख पुलिस टीम कुछ ग्रामीणों को उठाकर उतई थाना ले गई खरसिया - नया रायपुर - परमालकसा रेल लाइन परियोजना के लिए दुर्ग जिले में आज सर्वे का काम शुरू कर दिया गया। 18 हजार 658 करोड़ की इस परियोजना को साकार करने दुर्ग जिले के लगभग 14 गांव की जमीन अधिग्रहित की जानी है। आज रेलवे लाइन प्रभावित भूमि का सर्वे करने संबंधित विभागों के अधिकारियों की टीम पटवारी हल्का नंबर 54 पुरई पहुंची। सर्वे टीम के सामने ग्रामीणों की अच्छी खासी भीड़ जुट गई। ग्रामीणों की ओर से मुआवजे की राशि और अन्य शर्तों पर किसी तरह का स्पष्टीकरण नहीं दिए जाने को लेकर नाराजगी देखने को मिली। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर बैठक आयोजित कर भू अर्जन अधिनियम के तहत चार गुना मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को रेलवे में नौकरी देने की मांग से प्रशासन को अवगत कराया है। वहीं मुआवजा हेक्टेयर के बजाय वर्ग फीट के हिसाब से देने की मांग रखी है। सर्वे शुरू करने से पहले इस मांग पर सहमति देने की मांग रखी गई। इस दौरान माहौल बिगड़ता देख पुलिस टीम ने कुछ ग्रामीणों को डग्गे में बिठाया और उतई थाना लेकर चली गई बोरीगारका के किसान प्रदीप कुमार गजपाल ने मौके पर बताया कि उनकी तीन एकड़ कृषि भूमि रेलवे की परियोजना के रास्ते आ रही है। रेलवे की ओर से मुआवजे को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं होने से किसानों में संशय बना हुआ है। उन्होंने कहा कि सर्वे करने के साथ ही मुआवजा राशि को लेकर लिखित में स्थित स्पष्ट किया जाना चाहिए इस मामले में पुरई गांव के सरपंच डोमार सिंह साहू ने कहा कि अभी मुआवजा राशि क्लियर नहीं हुआ है गाइडलाइन नहीं जारी किया गया है कोई भी लिखित आश्वासन नहीं दिए जाने से किसानों में उहापोह की स्थिति बनी हुई है। अभी प्रारंभिक सर्वे का काम पूरा होने के बाद पता चलेगा कि किस किसान की कितनी जमीन अधिग्रहित हो रही है। इसके बाद ही मुआवजे की बात पर चर्चा हो सकती है वैसे नौकरी को लेकर रेलवे बोर्ड द्वारा नियम को खत्म कर दिए जाने की बात अधिकारी कह रहे हैं

# बस्तर में विकास नहीं विनाश की बन रही रणनीति, विरोध को दबाने नहीं हटाया जा रहा बल:विनोद

**महासमुंद,6 अप्रैल।** पूर्व संसदीय सचिव छ.ग. शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने भाजपा की साय सरकार के उस दावे पर सवाल उठाए हैं, जिसमें छत्तीसगढ़ को 100 फीसदी नक्सल मुक्त होने की बात कही है। श्री चंद्राकर ने कहा कि यदि छत्तीसगढ़ पूरी तरह से लाल आतंक मुक्त हो चुका है तो अतिरिक्त 60 हजार सुरक्षा बलों की तैनाती अभी भी बस्तर क्षेत्र में क्यों है। इन 60 हजार सुरक्षा बलों में 40 हजार केंद्रीय रिजर्व फोर्स है। जिन्हें अब वापस भेज देना चाहिए। लेकिन, सरकार एक साल तक और फोर्स की तैनाती बस्तर में करने की बात कह रही है। इसका अर्थ है कि या तो अभी भी छत्तीसगढ़ पूरी तरह नक्सल मुक्त नहीं हुआ है, या फिर हसदेव की तरह अबूझमाड़ के जल, जंगल जमीन को भी अडाणी को सौंपने की योजना भाजपा द्वारा बनाई जा रही है। ताकि, विरोध होने पर आसानी से फोर्स की मदद से उन्हें नियंत्रित की जा सके।

चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में लाल आतंक की समाप्ति से अबूझमाड़ के विकास में तेजी आएगी। छत्तीसगढ़ नक्सलमुक्त होकर शांति का टापू बने यह सभी चाहते हैं। लेकिन, विकास के नाम पर विनाश की जो रणनीति भाजपा बना रही है, वह प्रदेश के वनवासियों के साथ छल है। क्योंकि, 60 हजार बल की तैनाती अभी भी बस्तर में है। सरकार का तर्क है कि स्थिति सामान्य होने तक तथा विकास कार्यों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए बल की नियुक्ति की गई है। अब सवाल यह उठता है कि गृहमंत्री अमित शाह के डेडलाइन अनुसार जब 31 मार्च 2026 तक प्रदेश पूरी तरह नक्सल मुक्त हो चुका है, ऐसे में बस्तर के विकास में कोई बाधा उत्पन्न नहीं होना चाहिए। क्योंकि, वनांचल क्षेत्र के भोलेभाले आदिवासी भला विकास कार्यों में क्या अवरोध उत्पन्न करेंगे। विरोध तब होगा जब आदिवासियों से उनका जल, जंगल, जमीन छीना जाएगा। क्योंकि, पहले ही भाजपा की साय सरकार ने अडानी के लिए हसदेव अरण्य के लाखों हेक्टेयर क्षेत्र में फैले हरे-भरे जंगल को काटकर आदिवासियों की मूल भावनाओं को ठेस पहुंचाई है।पूर्व संसदीय सचिव ने कहा कि हसदेव अरण्य देवभूमि से जहां आदिवासियों की संस्कृति, सभ्यता जुड़ी है। यही नहीं, जिस दंडकारण्य में प्रभु श्रीराम ने अपने वनवास काल के सबसे अधिक समय बीताए थे, उसे भी भाजपा की सरकार ने अडानी प्रेम का भेंट चढ़ा दिया।

चावल महोत्सव




**धमतरी।** शासन के निर्देशों के अनुपालन में दिनांक 7 अप्रैल 2026 को प्रदेश की समस्त ग्राम पंचायतों में चावल महोत्सव के साथ रोजगार दिवस एवं आवास दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जिला पंचायत धमतरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गजेन्द्र सिंह ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन के पूर्व ग्राम पंचायत, विकासखंड एवं जिला स्तर पर दोनों योजनाओं से संबंधित लंबित विषयों एवं समस्याओं का निराकरण करते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना से उपभोक्ताओं को बड़ी राहत

**धमतरी, 6 अप्रैल।** मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना.2026 के अंतर्गत जिले में आर्थिक रूप से कमजोर एवं बकाया बिजली बिल से परेशान उपभोक्ताओं को उल्लेखनीय राहत मिल रही है। विष्णु देव साय के नेतृत्व में संचालित यह योजना राज्य शासन की एक जनहितकारी पहल हैए जिसका उद्देश्य उपभोक्ताओं को बढ़ते विद्युत बकाया के बोझ से मुक्त कर उन्हें पुनः नियमित भुगतान की मुख्यधारा में जोड़ना है।

धमतरी निवासी श्री बीण् एसण् विशाल के परिवार के लिए बढ़ता हुआ बिजली बिल गंभीर चिंता का विषय बन गया था। सीमित आय एवं आर्थिक परिस्थितियों के कारण समय पर बिल का भुगतान संभव नहीं हो पा रहा थाए जिससे बकाया राशि में निरंतर वृद्धि हो रही थी। इसी दौरान शासन द्वारा संचालित इस समाधान योजना की जानकारी मिलने पर उनके पुत्र श्री डेनियल विशाल ने तत्परता दिखाते हुए आवेदन प्रक्रिया पूरी की। विभागीय सहयोग एवं सरल प्रक्रिया के कारण उन्हें शीघ्र ही योजना का लाभ प्राप्त हुआ।योजना के तहत परिवार को बकाया मूल राशि में पर्याप्त छूटए अधिभार ;सरचार्जद्ध की 100 प्रतिशत माफी तथा शेष राशि को आसान किस्तों में जमा करने की सुविधा मिली। इससे परिवार को आर्थिक राहत मिली है और वे अब नियमित रूप से बिजली बिल का भुगतान करने की स्थिति में आ गए हैं। लाभान्वित हितग्राही श्री डेनियल बिशाल ने योजना को आम जनता के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है जिले में योजना की प्रगति भी उल्लेखनीय है। केवल धमतरी अब तक कुल 4ए652 हितग्राहियों की पहचान की गई हैए जिनमें से 4ए115 उपभोक्ता ऑफलाइन आवेदन प्रक्रिया में शामिल हो चुके हैं तथा 537 उपभोक्ताओं को प्रत्यक्ष लाभ प्रदान किया जा चुका है। यह आंकड़े दर्शाते हैं कि योजना तेजी से आम जनता तक पहुंच रही है और लोगों को वास्तविक राहत मिल रही है।इस योजना के अंतर्गत पात्रता के रूप में बीण्पीण्एलण् ;गरीबी रेखा से नीचेद्धए घरेलू एवं कृषि श्रेणी के उपभोक्ताओं को शामिल किया गया है। बीण्पीण्एलण् उपभोक्ताओं को बकाया राशि पर अधिकतम 75 प्रतिशत तक छूट प्रदान की जा रही हैए जबकि घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं को 50 प्रतिशत तक की राहत दी जा रही है। इसके अतिरिक्त सभी श्रेणियों के लिए सरचार्ज की पूर्ण माफी का प्रावधान है। उपभोक्ता न्यूनतम 10 प्रतिशत राशि का भुगतान कर शेष राशि को निर्धारित अवधि में आसान किस्तों में जमा कर सकते हैं। योजना की अवधि 12 मार्च 2026 से 30 जून 2026 तक निर्धारित की गई है।

# राज्यपाल रमेन डेका ने जशपुर के केरेगांव होम-स्टे का किया अवलोकन



**रायपुर, 6 अप्रैल।** राज्यपाल श्री रमेन डेका ने जशपुर प्रवास के दौरान शनिवार को जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल देशदेखा के समीप स्थित केरेगांव में विकसित होम-स्टे का अवलोकन किया। इस दौरान वे स्थानीय आदिवासी संस्कृति, जनजीवन और पारंपरिक आतिथ्य परंपरा से रूबरू हुए। होम-स्टे प्रवास के दौरान उन्होंने देशदेखा समूह की महिलाओं द्वारा पारंपरिक विधि से तैयार किए गए व्यंजनों का स्वाद चखा। राज्यपाल श्री डेका ने ग्रामीण परिवेश में विकसित होम-स्टे को प्रेरणादायक कदम बताया और कहा कि यह प्रयास न केवल ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देते हैं, बल्कि स्थानीय महिलाओं और ग्रामीण परिवारों की आजीविका को सशक्त बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाते हैं। इस दौरान स्व-सहायता समूहों की महिलाओं ने 'जसक्राफ्ट' ब्रांड के तहत छिंद एवं कांसा से निर्मित पारंपरिक आभूषण माला एवं झुमके राज्यपाल को भेंट किए। राज्यपाल श्री डेका ने स्थानीय महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल कौशल विकास, रोजगार सृजन तथा आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति प्रदान करेगी। इस दौरान 'देशदेखा क्लाइंबिंग कम्पनी' के सदस्यों ने भी राज्यपाल से भेंट की। उन्होंने क्षेत्र में एडवेंचर स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के प्रयासों की जानकारी देते हुए बताया कि यहां नियमित रूप से रॉक क्लाइंबिंग जैसे खेलों का आयोजन किया जाता है। राज्यपाल ने अधिकारियों को ऐसे खेलों को निरंतर सहयोग और प्रोत्साहन देने को कहा, ताकि पर्यटन को बढ़ावा मिले और अधिक से अधिक युवा इन गतिविधियों की ओर आकर्षित हों। इस दौरान कलेक्टर श्री रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक कुमार,वनमंडलाधिकारी श्री शशि कुमार सहित अन्य अधिकारीगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## एक नजर

### कुत्तों के हमले से घायल हिरण की जान ग्रामीणों ने बचाई



**राजिम 6 अप्रैल।** गरियाबंद जिले के पांडुका वन परिक्षेत्र से मानवता और सतर्कता की एक मिसाल सामने आई है। आवारा कुत्तों के झुंड ने एक हिरण पर हमला कर उसे बुरी तरह घायल कर दिया, लेकिन ग्रामीणों की तत्परता और वन विभाग की फुर्ती से उसकी जान बचा ली गई।घटना पांडुका वन परिक्षेत्र की है, जहां कुत्तों के झुंड ने एक हिरण को घेर लिया और उसके पैर को बुरी तरह काट लिया। गंभीर रूप से घायल हिरण जमीन पर गिर पड़ा और भागने में असमर्थ हो गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत हालात को समझा और बिना देर किए वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से घायल हिरण का रेस्क्यू कर जुनवानी नाका लाया गया, जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया।ग्रामीणों की जागरूकता और वन विभाग की तत्परता की बदौलत एक बेजुबान वन्यजीव की जान बचाई जा सकी।

### अवैध खनन के मामले में जेसीबी सहित 5 वाहन जब्त

**रायपुर, 6 अप्रैल।** बेमेतरा जिले में खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के मामले में जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में राजस्व एवं खनिज विभाग के संयुक्त दल द्वारा तहसील थान खमरिया अंतर्गत ग्राम कुरदा एवं जेवरा में अवैध खनन एवं परिवहन में संलिप्त 1 जेसीबी मशीन, 2 हाईवा वाहन तथा ईंट से भरा 1 स्वराज माजदा वाहन जब्त किया गया। इन वाहनों को सुरक्षार्थ थाना थान खमरिया में रखा गया है। इसके अतिरिक्त अवैध परिवहन के एक अन्य प्रकरण में रेत से भरा 1 हाईवा वाहन भी जब्त कर थाना बेरला में सुरक्षित रखा गया है, जिस पर नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब है कि बीते दिनों भी प्रशासन द्वारा गिट्टी से भरी 2 हाईवा गाड़ियां जब्त कर थाना बेरला में खड़ी कराई गई थीं, जिन पर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा तथा आम नागरिकों से भी ऐसी गतिविधियों की सूचना देने की अपील की गई है।

### पीएम आवास से साकार हुआ कांति का पक्का घर का सपना

**रायपुर, 6 अप्रैल।** हर व्यक्ति के मन मे एक पक्का आवास का सपना रहता जिसमे वह सुकून की नींद ले सके. मुंगेली विकासखंड के ग्राम पचौटिया की निवासी कांति के जीवन में प्रधानमंत्री आवास योजना ने एक नया अध्याय जोड़ दिया है। वर्षों से पक्के घर का सपना देख रही कांति के लिए यह योजना किसी वरदान से कम नहीं रही। पहले कांति अपने परिवार के साथ कच्चे मकान में निवास करती थीं, जहां हर मौसम में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। बरसात के दिनों में छत से पानी टपकना, गर्मी में अत्यधिक गर्मी और सर्दी में ठंड से जूझना उनकी दिनचर्या का हिस्सा था। ऐसे में सुरक्षित और मजबूत घर की आवश्यकता लगातार महसूस होती थी। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उन्हें पक्का मकान स्वीकृत हुआ, जिसके बाद उन्होंने अपने सपनों का घर तैयार किया। अब कांति और उनका परिवार पक्के घर में सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन व्यतीत कर रहे हैं। कांति बताती हैं कि अब उन्हें मौसम की मार का सामना नहीं करना पड़ता और घर की सुरक्षा से उन्हें मानसिक शांति मिली है। उनके बच्चों को भी पढ़ाई के लिए बेहतर वातावरण मिल रहा है, जिससे उनके भविष्य की नींव मजबूत हो रही है। उन्होंने शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना उनके जीवन में खुशियां लेकर आई है और उन्हें सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर मिला है।



# चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज का रहा है गौरवशाली अतीत-उप मुख्यमंत्री विजय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर,6 अप्रैल।** उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा आज दुर्ग जिले के पाटन विकासखंड के ग्राम जामगांव (एम) में चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज दुर्ग राज के 56 वें वार्षिक अधिवेशन में शामिल हुए। इस अवसर पर उनके साथ दुर्ग ग्रामीण विधायक एवं राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री ललित चंद्राकर भी अधिवेशन में विशिष्ट अतिथि मौजूद थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज का गौरवशाली अतीत रहा है। छत्रपति शिवाजी महाराज और सरदार वल्लभ भाई पटेल जैसे इस समाज के पुरोधाओं ने देश को दिशा दिखाई है। समाज के सामाजिक संगठन की मजबूती के लिए ऐसे अधिवेशन होते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज मैं अपने आप को कुर्मी समाज के बीच पाकर कृतज्ञ हुआ हूं।

अधिवेशन में समाज की महिलाओं की बड़ी सहभागिता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि महिलाओं की प्रतिभा को स्थान व सम्मान दिलाने देश के प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के मंशा के अनुरूप विधानसभा एवं लोकसभा तथा अन्य सभी जगह महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने आगामी 16, 17 एवं 18 तारीख को संसद का विशेष सत्र का आयोजन किया जा रहा है।



उन्होंने बस्तर सहित छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त राज्य बनाने का श्रेय जवानों को देते हुए बस्तर में शांति स्थापना में शासन के संकल्प से सिद्धि तक के सफर को साझा किया। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने समाज के उन्नत कृषक श्रीमती पूजा चंद्राकर, सफल व्यवसायी श्री विनोद चंद्राकर और कलाकार श्री पप्पू चंद्राकर को साल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने समाज की मांग पर सामाजिक भवन जामगांव (एम) में डोम शेड और मंच निर्माण तथा ग्राम तर्रा में कुर्मी सामाजिक भवन हेतु 12 लाख रूपए की घोषणा की।

कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक श्री ललित चंद्राकर ने कहा कि समाज के विकास के लिए शिक्षा और संगठन दोनों आवश्यक है। संगठित प्रयास से हर कार्य संभव होता है। वहीं सामाजिक जागरूकता के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। उन्होंने समाज के विकास के लिए माताओं एवं बहनों को आगे आने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज के केन्द्रीय एवं प्रदेश स्तर के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में समाज के सदस्य उपस्थित थे।

## भानुप्रतापपुर के ईरागांव में तेंदुए का आतंक, ग्रामीणों में दहशत का माहौल

**भानुप्रतापपुर 6 अप्रैल।** वन परिक्षेत्र भानुप्रतापपुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम ईरागांव में तेंदुए की उपस्थिति ने ग्रामीणों में भय का माहौल बना दिया है। रविवार को तेंदुए ने भैया लाल कावड़े की छह बकरियों पर हमला कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया, जिससे क्षेत्र में दहशत फैल गई है। घटना के बाद से ही ग्रामीण और वन विभाग की टीम इस मामले की जांच में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम ईरागांव निवासी भैया लाल कावड़े रविवार को अपनी बकरियों को चराने के लिए जंगल की ओर गए थे। बकरियों को चराने के बाद वह पास ही मछली पकड़ने चले गए। इसी दौरान, बकरियां चरते-चरते उनके नजरों से ओझल हो गईं। अचानक ही तेंदुए ने इन बकरियों पर हमला कर दिया, जिससे ग्रामीणों में हड़कंप मच गया।

देर शाम को जब भैया लाल बकरियों को वापस लाने के लिए पहुंचे, तो उन्हें कुछ बकरियां सुरक्षित मिलीं, लेकिन छह बकरियों का कोई पता नहीं था। घर लौटने पर पता चला कि, इनमें से छह बकरियों को तेंदुए ने अपना शिकार बना लिया है। बाकी बकरियां सुरक्षित हैं, लेकिन घटना से ग्रामीणों में भारी चिंता व्याप्त है।

### मौके पर पहुंची वन विभाग और ग्रामीणों की खोजबीन जारी

घटना की सूचना मिलते ही पूरे गांव में हड़कंप मच गया। लापता बकरियों की खोज और तेंदुए की मौजूदगी की पुष्टि के लिए ग्रामीण और वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंच गए हैं। वन विभाग की टीम इलाके का निरीक्षण कर रही है और अवशेषों की तलाश कर रही है, ताकि तेंदुए के मूवमेंट का पता चल सके। ग्रामीण भी अपने स्तर पर खोजबीन कर रहे हैं।

### सावधानी बरतने और सतर्क रहने की अपील

वन विभाग ने ग्रामीणों से आग्रह किया है कि वे जंगल की ओर जाने से बचें, खासकर शाम के समय। वन विभाग ने मवेशियों को सुरक्षित स्थानों पर रखने और जंगल के आसपास सतर्क रहने की सलाह दी है। ग्रामीणों को भी विशेष रूप से सावधानी बरतने और अपने जानवरों की देखरेख करने की हिदायत दी गई है, ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके। इस घटना ने पूरे क्षेत्र में तेंदुए की मौजूदगी और उसके खतरे को उजागर किया है।

## सुकमा के चिकित्सकों की टीम ने दिखाई तत्परता और महिला की जान बचाई



**रायपुर, 6 अप्रैल।** सुकमा जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सेवा की तत्परता और आधुनिक संसाधनों की उपलब्धता का एक सराहनीय उदाहरण सामने आया है। सिविल सर्जन डॉ. एमआर कश्यप से प्राप्त जानकारी के अनुसार छिंदगढ़ विकासखंड के कुन्ना निवासी 38 वर्षीय श्रीमती पाली कवासी को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल सुकमा में भर्ती कराया गया। देरी से अस्पताल पहुंचने के कारण स्थिति अत्यंत जोखिमपूर्ण थी और तत्काल सर्जरी आवश्यक हो गई। अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुजा ने बिना समय गंवाए तुरंत एलएससीएस (सीजर) ऑपरेशन कर मरीज का उपचार प्रारंभ किया। हालांकि ऑपरेशन के दौरान मृत बच्चा पैदा होने से महिला की स्थिति और अधिक जटिल हो गई। महिला की हालत लगातार बिगड़ती चली गई और रेफर करने की तैयारी की जा रही थी। इसी दौरान महिला का श्वास बंद सा हो गया, साथ ही नाड़ी और हृदय की धड़कन भी थम सी गई। ऐसे संकट की घड़ी में जिला अस्पताल की मेडिकल टीम ने त्वरित निर्णय लेते हुए महिला को दो बार सीपीआर दिया और तत्काल वार्ड में शिफ्ट कर आधुनिक वेंटीलेटर की सहायता से उपचार शुरू किया गया। इसके बाद महिला को दो यूनिट रक्त चढ़ाया गया। डॉक्टरों की सतर्कता और उपलब्ध संसाधनों के कारण महिला की जान बचा ली गई।

## उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने सर्व यादव समाज की नवीन कार्यकारिणी को दिलाई शपथ

**रायपुर, 6 अप्रैल।** उद्योग मंत्री श्री लखन लाल देवंगन ने सर्व यादव समाज की नई कार्यकारी समिति को शपथ दिलाई।रायपुरः उद्योग मंत्री श्री लखन लाल देवंगन ने सर्व यादव समाज की नई कार्यकारी समिति को शपथ दिलाई। कोरबा - बालकोनगर के न्यू शांति नगर स्थित राधाकृष्ण मंदिर परिसर में सर्व यादव समाज के नवीन पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में कोरबा विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री श्री लखन लाल देवांगन, चंद्रपुर के विधायक श्री रामकुमार यादव, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत की मुख्य आतिथय में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री लखन लाल देवांगन एवं सभी अन्य अतिथियों ने राधा कृष्ण मंदिर में पूजा अर्चना की। शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि एवं कैबिनेट मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने संबोधित करते हुए कहा कि यादव समाज आज एकजुटता की नई मिशाल पेश कर रहा है। अलग-अलग क्षेत्र के सभी यादव समाज के भाइयों एवं बहनें मिलकर समाज की उन्नति एवं प्रगति हेतु कार्य कर रहे हैं।

समाज की पहचान सच्चे सरल एवं सहजता के तौर पर जानी जाती है। मंत्री श्री देवांगन ने जय यादव-जय माधव का उद्घोष करते हुए सभी नवीन पदाधिकरियों को नवीन दायित्व की शपथ दिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने कहा यादव समाज का स्नेह और आशीर्वाद मुझे सदैव प्राप्त होता रहा है। समाज की मांग पर कोरबा नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत चार स्थानों पर विभिन्न निर्माण कार्यों की स्वीकृत कराकर कार्यों को पूर्ण किया जा रहा है। इसमें वार्ड क्रमांक 13 स्थित रामकृष्ण मंदिर में यादव समाज की मांग पर ऊपरी तल का निर्माण कार्य लागत 10 लाख, वार्ड क्रमांक 54 जमनीपाली में सामुदायिक भवन लागत 10 लाख, वार्ड क्रमांक 67 बलगी दशहरा मैदान में सामुदायिक भवन निर्माण लागत 10 लाख, वार्ड क्रमांक 39 बालकों के राधा कृष्ण मंदिर में ऊपरी तल का निर्माण कार्य 10 लाख का कार्य पूर्णता की ओर है, आप सभी की उपस्थिति में बहुत जल्द कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा। इस अवसर पर समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्री रमेश यदु, संरक्षक कमलेश यादव, अनूप यादव नाथू यादव केदार यादव हीरालाल यादव, राम रतन यादव, चंद्रमणि यादव, सुखीराम यादव, कमल नारायण यादव, शिवलाल यादव, रामायण यादव, सतीश यादव, विनोद यादव, सत्यनारायण यादव, सुखीराम यादव, शिवलाल यादव, रामायण यादव, सतीश यादव विनोद यादव, श्री रमेश यादव, श्री शारदा यादव, श्री अजय यादव, श्री पुरुषोत्तम यादव , बुधवार यादव, भोजपुर जिला उपाध्यक्ष श्री प्रफुल्ल तिवारी, पार्षद श्री मंगल बंदे, अनिल यादव, उत्तम देवांगन सहित अधिक संख्या में समाज के वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।




## दूरस्थ गांवों तक बैंकिंग सुविधाएं पहुंचा कर बदलाव ला रही हैं रिंगो

**रायपुर,6 अप्रैल।** कोंडागांव जिले के मर्दापाल तहसील के अंतर्गत अंतिम छोर पर स्थित सुदूर ग्राम कुधुर, जो कभी माओवाद के प्रभाव के कारण विकास की मुख्यधारा से दूर था, आज परिवर्तन की नई कहानी लिख रहा है। जहां कभी ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं की राशि निकालने के लिए लगभग 20 किलोमीटर दूर मर्दापाल के बैंक तक जाना पड़ता था, वहीं अब गांव में ही बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। यह परिवर्तन संभव हुआ है राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की पहल और बीसी सखी के रूप में कार्यरत श्रीमती रिंगो कश्यप के प्रयासों से। ग्राम पंचायत कुधुर के गुमियापाल पारा की निवासी रिंगो कश्यप न केवल कुधुर, बल्कि तुमड़ीवाल और टेकापाल के ग्रामीणों को भी घर-घर बैंकिंग सेवाएं प्रदान कर रही हैं। रिंगो कश्यप ने वर्ष 2020 में मां पार्वती स्व सहायता समूह से जुड़कर अपनी यात्रा शुरू की। इसके बाद वर्ष 2024 में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर उन्होंने बीसी सखी के रूप में कार्य प्रारंभ किया। आज उनके माध्यम से ग्रामीणों को महतारी वंदन योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी विभिन्न शासकीय योजनाओं की राशि गांव में ही आसानी से प्राप्त हो रही है। इसके साथ ही बिजली बिल भुगतान और अन्य वित्तीय लेनदेन भी सरल हो गए हैं। अब तक रिंगो कश्यप द्वारा 355 से अधिक सफल लेनदेन किए जा चुके हैं, जिनकी कुल राशि 6 लाख 75 हजार रुपये से अधिक है। इस कार्य ने न केवल ग्रामीणों की समस्याओं को कम किया है, बल्कि रिंगो कश्यप के लिए भी स्व-रोजगार का सशक्त माध्यम बना है।

उन्होंने स्व-सहायता समूह से ऋण लेकर एक छोटा किराना दुकान भी शुरू किया है, जिससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। वर्तमान में उन्हें प्रतिमाह लगभग 10 हजार रुपये की आय हो रही है, और भविष्य में वे अपने व्यवसाय को और विस्तार देना चाहती हैं। रिंगो कश्यप जैसी महिलाओं की सक्रिय भागीदारी और शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से दूरस्थ क्षेत्रों में विकास को नई दिशा मिल रही है।

# विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवारों के लिए प्रत्येक माह लगाए मेडिकल कैंप: राज्यपाल

**रायपुर, 6 अप्रैल।** राज्यपाल श्री रमेन डेका ने रविवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों और जशपुर विकासखंड के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित किए एक पेड़ मां के नाम अभियान का बेहतर क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने जिले के संभावित टीबी मरीजों की जानकारी ली और मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी को मरीजों का बेहतर इलाज करवाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के स्तन कैंसर की भी विशेष जांच और इलाज की सुविधा उपलब्ध कराए जाए मरीजों को मेडिकल कॉलेज रायपुर अम्बिकापुर और एम्स रायपुर भेजकर ईलाज की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

राज्यपाल श्री रमेन डेका ने सिकल सेल बीमारी और रेड क्रॉस सोसायटी की गतिविधियों की भी जानकारी ली ?। उन्होंने कहा कि रेड क्रॉस सोसायटी विशेष पिछड़ी जनजाति बसाहटों और




गांव गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर कलेक्टर श्री रोहित व्यास वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.लाल उमेद सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक कुमार, वनमंडला अधिकारी श्री शशि कुमार और जिला स्तरीय और विकास खंड अधिकारी उपस्थित थे।

उन्होंने विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा और बिरहोर परिवार के लिए प्रत्येक माह मेडिकल कैंप लगाकर स्वास्थ्य परीक्षण करने के लिए कहा है और उनके जीवन शैली में बदलाव लाने के लिए शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने विशेष पिछड़ी जनजाति बसाहटों में शाम के समय विभिन्न गतिविधियों में शामिल करके उनका बौद्धिक और कौशल विकास करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिले में नावाचार को भी बढ़ावा देने के लिए कहा है और संरक्षित जनजाति परिवारों के लिए पायलेट प्रोजेक्ट चालू करने के निर्देश दिए हैं। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने बच्चों को नशापान से दूर रखने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने समीक्षा के दौरान जशपुर जिले की लखपति दीदी श्रीमती लालमणि प्रजापति को सम्मानित करने की बात कही उन्होंने कहा लखपति दीदी ने बढ़िया काम किया है उन्हें राजभवन में सम्मानित किया जाएगा।

राज्यपाल श्री रमेन डेका ने जशपुर जिले के स्व सहायता समूह की महिलाओं का आत्मनिर्भर बनाने के लिए और हस्तकला में पारंगत बनाने के लिए समूहों की दीदियों को आसाम और उड़ीसा राज्य भेजने के निर्देश दिए है? ताकि समूह की महिलाएं बाजार की मांग के अनुसार नया डिजाइन के साड़ी,साल और अन्य सामग्री तैयार कर सके। छोटे और बड़े किसानों के खेतों में डबरी निर्माण और पुराने कुआं का जिर्णोद्धार करने के निर्देश दिए हैं। योग को बढ़ावा देने के लिए नियमित अभ्यास को बढ़ावा देने के निर्देश दिए हैं। समीक्षा के दौरान उन्होंने वरिष्ठ नागरिक और 75 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजनों का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कहा है।

किसानों का आर्थिक विकास हो इसके लिए खेती के आधुनिक तकनीक की जानकारी देने के लिए कहा है। किसानों को वरमी कम्पोस्ट खाद और आर्गेनिक खेती के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने जानकारी देते हुए बताया कि जल संरक्षण संवर्धन के तहत रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, अमृत सरोवर,सोकपिट और मैजिक पिट बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों को जैविक खेती के प्रति प्रेरित किया जा रहा है।

## बस्तर राइडर्स मीट 2026 : रोमांच, संस्कृति और पर्यटन का अद्भुत संगम

**रायपुर, 6 अप्रैल।** देशभर के राइडर्स का जगदलपुर में जमावड़ा, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल की पहल से बस्तर को मिली नई पहचान बस्तर की धरती एक बार फिर रोमांच, ऊर्जा और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर नजर आई, जब बस्तर राइडर्स मीट 2026 का भव्य आयोजन गरुड़ा राइडर क्लब के तत्वावधान में किया गया। देश के विभिन्न राज्यों से आए बाइकर्स और एडवेंचर प्रेमियों ने इस आयोजन को यादगार बना दिया। देशभर के राइडर्स का जगदलपुर में जमावड़ा, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल की पहल से बस्तर को मिली नई पहचान इस आयोजन में बाइक स्टंट्स, राइडिंग शो और एडवेंचर एक्टिविटीज ने युवाओं में जबरदस्त उत्साह भर दिया। राइडर्स ने अपनी बेहतरीन स्किल्स का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को रोमांचित कर दिया। जहां एक ओर एडवेंचर का जोश था, वहीं दूसरी ओर बस्तर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत भी पूरे शबाब पर दिखी। लोकनृत्य, संगीत और पारंपरिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। यह आयोजन आधुनिकता और परंपरा का बेहतरीन संगम बनकर उभरा। कार्यक्रम में उन प्रभावशाली व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने बस्तर की पहचान को सकारात्मक रूप से आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसमें इन्फ्लुएंसर्स, कलाकार, लेखक और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल रहे। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल द्वारा होटल एम्बिशन में विशेष स्टॉल लगाया गया, जहां बस्तर के प्रमुख पर्यटन स्थलों, संस्कृति और स्थानीय उत्पादों की जानकारी दी गई। यह पहल राज्य सरकार की उस सोच को दर्शाती है, जिसके तहत स्थानीय पर्यटन को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।




**एक नजर**

## रायपुर में खुलेगा फिक्की फ्लो का 22वां चैप्टर

**रायपुर 6 अप्रैल।** फिक्की की महिला विंग,फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन , 9 अप्रैल 2026 को रायपुर में अपने 22वें चैप्टर का शुभारंभ करने जा रही है।1983 में स्थापित फ्लो एक अखिल भारतीय नेटवर्क है, जो महिला उद्यमिता, नेतृत्व और आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। वर्तमान में 21 चैप्टर्स के माध्यम से इसके 15,000 से अधिक सदस्य हैं। रायपुर चैप्टर मुख्य रूप से महिला नेतृत्व वाले उद्यमों को मजबूत करने, जमीनी स्तर पर संपर्क बढ़ाने और बाजार तक पहुंच के अवसर पैदा करने की दिशा में कार्य करेगा। इसका विशेष ध्यान फूड एंड एग्रो, टेक्सटाइल, हस्तशिल्प और स्टार्टअप्स जैसे क्षेत्रों पर होगा। इस नए चैप्टर का नेतृत्व चेयरपर्सन सुश्री पूनम अग्रवाल अपनी कोर टीम के साथ करेंगी। इस लॉन्च इवेंट में क्षेत्र के उद्यमी, सदस्य और प्रमुख स्टेकहोल्डर्स शामिल होंगे, जो छत्तीसगढ़ की महिलाओं के लिए एक सहयोगात्मक और विकासोन्मुखी मंच की शुरुआत का प्रतीक बनेगा।

## छत्तीसगढ़िया नेता जागेश्वर प्रसाद अस्वस्थ



**रायपुर 6 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण आंदोलन के भीष्म पितामह जागेश्वर प्रसाद मोतीपुर पाटन के सर्व छत्तीसगढ़िया किसान समाज के मंच से लोगों को संबोधित करते समय हेडस्टॉक के शिकार हो गए थे। उन्हे नारायणा अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनका आपरेशन किया गया है।

## बिजली बिल ने आम जनता का बजट बिगाड़ दिया: कांग्रेस

**रायपुर 6 अप्रैल।** बढ़े बिजली बिल ने आम जनता का बजट बिगाड़ दिया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि चार महिने से आ रहे बेतहाशा बढ़ा बिजली बिल से राज्य का हर नागरिक परेशान है। 200 यूनिट हाफ बिजली योजना से भी कोई राहत नहीं है। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि सरकार भूपेश सरकार के समय शुरू की गयी बिजली बिल हाफ योजना को फिर शुरू करें, ताकि जनता को बढ़े बिजली बिल में कुछ राहत मिल सके। बिजली बिल हाफ योजना बंद करने के कारण जनता बिजली के बिल नहीं पटा पा रही उनकी लाईन काटी जा रही। प्रदेश में हजारो उपभोक्ताओं की बिजली कनेक्शन काट दिया गया है।

## रीति रिवाज से मनाया गया ईस्टर

**रायपुर 6 अप्रैल।** प्रभु यीशु का पुनरुत्थान पर्व ईस्टर रविवार को परंपरागत उत्साह और धार्मिक रीति रिवाज से मनाया गया। सुबह पाँच बजे कबरस्थानों में सन राइज सर्विस हुई। मसीहियों ने अपने परिजनों को समाधि पर श्रद्धांजलि दी और प्रार्थना की। इसमें हजारों मसीही शामिल हुए। सीएनआई प्रार्थना भवन खड़वा नवा रायपुर , बिलीवर्स चर्च , सेंट पीटर चर्च ज़ोरा में , ग्रेस चर्च, मैथ्यूज़ चर्च आराधना हुई । सेंट पॉल्स कैथेड्रल में पादरी असीम प्रकाश विक्रम ने आराधना संपन्न की । । सेंट पॉल्स कैथेड्रल में जबलपुर के पास्टर नवीन मसीह मुख्य वक्ता थे । छत्तीसगढ़ डायसिस की बिशप सुषमा कुमार, सचिव नितिन लॉरेंस और कोषाध्यक्ष जयदीप रॉबिंसन विशेष आराधना में शामिल हुए।

## निधन

### उमेश कुमार शर्मा



**रायपुर।** सत्यम विहार रायपुरा निवासी सेवानिवृत्ति विद्युत मंडल कर्मी 65 वर्षीय उमेश कुमार शर्मा पसौद वाले का कल 4 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेव घाट मुक्ति धाम में किया गया। वे श्रीमती लक्ष्मी के पति सनत, विनोद, अश्वनी के भाई एवं अनिरुद्ध, गौरव, प्रियांशु के पिता थे।

# चावल उत्सव के नाम पर प्रोपेगंडा कर रही राज्य सरकार: दीपक बैज

**रायपुर 6 अप्रैल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि सरकार 3 महीने का चावल एक साथ देकर चावल उत्सव मनाने जा रही है। अभी तक जितने चावल की जरूरत है उसका 30 प्रतिशत भी चावल राशन दुकानों में नहीं पहुंचा है। 31 लाख उपभोक्ताओं का राशन कार्ड केवाईसी के नाम पर काट दिया। 5 माह से राशन नहीं मिल रहा। अब चावल उत्सव मनाने का ढकोसला कर रहे है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रदेश के संग्रहण केन्द्रों में 20 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान खुले में पड़ा है बेमौसम बारिश से कुछ जगह धान भीग गया। बारिश और भी हो सकती है। धान भीगने से खराब होगा इसकी जवाबदारी कौन लेगा? धान का उठाव क्यों नहीं करवाया जा रहा है, मिलरों को



धान क्यों नहीं दे रही सरकार? यह धान खराब होना बताकर भ्रष्टाचार करने का षडयंत्र रचा जा रहा है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार ने घोषणा किया था कि जो ग्राम पंचायतें नक्सल मुक्त हो जायेगी उनको एक करोड़ रू. विकास कार्य के लिये दिया जायेगा। सरकार ने 31 मार्च को यह मान लिया है कि पूरा छत्तीसगढ़ नक्सल मुक्त हो गया है, अतः सरकार बस्तर संभाग के सभी 7 जिलों की सभी ग्राम पंचायतें बलरामपुर, मोहला-मानपुर, खैरागढ़, राजनांदगांव की नक्सल प्रभवित रही पंचायतों को 1 करोड़ रू. तत्काल जारी करे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि 1 अप्रैल से नई शराब नीति लागू हो गयी है। सरकार ने इस वर्ष शराब से राजस्व बढ़ाने का टारगेट लिया है। लेकिन चुनाव में पूर्ण शराबबंदी की बात करने वाली भाजपा बताये राज्य में शराबबंदी कब से लागू होगी? सरकार शराब की खपत बढ़ाने में लगी है, शराब की दुकाने बढ़ा रही लेकिन शराबबंदी पर चुप है।

# ई-कॉमर्स की मनमानी पर लगे अंकुश : कैट

**रायपुर 6 अप्रैल।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य श्री अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन श्री जितेन्द्र दोशी, श्री विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष श्री परमानंद जैन, महामंत्री श्री सुरेन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष श्री अजय अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष श्री राजेंद्र जग्गी, श्री राम मंथन, श्री वासु माखीजा, श्री भरत जैन, श्री राकेश ओचवानी, श्री शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि कैट ने सरकार से ई-कॉमर्स एवं क्विक कॉमर्स कंपनियों की बढ़ती मनमानी और अनुचित व्यापारिक गतिविधियों पर तुरंत सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। श्री अमर पारवानी ने संसद द्वारा पारित जन विश्वास विधेयक 2.0 का स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह कदम व्यापार में विश्वास और सुगमता को बढ़ाने वाला है। इससे देश के व्यापारियों और उद्यमियों को मजबूती मिलेगी और एक सकारात्मक कारोबारी माहौल बनेगा। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि विदेशी पूंजी से संचालित कुछ ई-कॉमर्स कंपनियां भारत के व्यापारिक संतुलन को बिगाड़ रही हैं। देश के 9 करोड़ से अधिक व्यापारी, जो आपूर्ति श्रृंखला और रोजगार का मुख्य आधार हैं, उनके सामने गंभीर चुनौती खड़ी हो रही है।

श्री पारवानी ने बताया कि प्रिडेटरी प्राइसिंग, अत्यधिक छूट (डीप डिस्काउंटिंग), डार्क पैटर्न्स, मार्केटप्लेस के नाम पर इन्वेंट्री मॉडल, चुनिंदा विक्रेताओं को बढ़ावा देना और डार्क स्टोर्स का तेजी से विस्तार–ये सभी प्रथाएं निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा के खिलाफ हैं और छोटे व्यापारियों के लिए खतरा बन रही हैं।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि ऐसी कंपनियों को भारत में मनमानी करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। ऑफलाइन और ऑनलाइन व्यापार के बीच समान अवसर जरूरी है, तभी देश की अर्थव्यवस्था संतुलित और मजबूत बनेगी। कैट ने सरकार से मांग की कि राष्ट्रीय ई-कॉमर्स नीति को जल्द लागू किया जाए, सख्त और पारदर्शी नियम बनाए जाएं तथा इन गतिविधियों पर निगरानी के लिए मजबूत व्यवस्था तैयार की जाए।

# सरकार अब एक्स,वाय और जेड टर्न ले रही: दीप्ति

**रायपुर 6 अप्रैल।** सरकार और निगम को अब तक यू टर्न की आदत पड़ी थी अब तो एक्स ,वाय, और जेड टर्न भी देखने को मिल रहा है। महापौर प्रत्याशी रही दीप्ति दुबे ने कहा है राज्य सरकार एवं नगर निगम ने तीन फ्लाई ओवर के निर्णय को ठंडा बस्ता में डाल दिया है। राज्य सरकार के मंत्री बिना किसी से बात किए नई योजना भी बना ली और टेंडर भी कर दिया गया है। इसके बाद याद आया कि दाल में कुछ काला है। बाद में समझ आया कि पूरी दाल काली है। शारदा चौक तत्यापारा का फ्लाई ओवर तो गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज करने लायक निर्णय था। इसी प्रकार गांधी उद्यान का फ्लाई ओवर तेलीबांधा तक सीमित कर दिया गया है। अब तीनों योजनाओं पर विधायक एवं महापौर के अलग-अलग बयान है।कांग्रेस से महापौर प्रत्याशी रही दीप्ति दुबे ने सरकार और विधायक तथा महापौर पर निशाना साधते हुए कहा कि पूर्व में डीपीआर इंन प्रतिनिधियों से राय लेकर ही तैयार किया गया रहा होगा। अगर नहीं लिया तो अधिकारियों की सोच का नतीजा था क्या ? इसका जवाब किसी के पास नहीं है। ढाई साल केवल कहां बनाना है कहां नहीं बनाना है उसमें निकाल दिए ।ढाई साल बाद प्रोजेक्ट बना वो भी आश्चर्य करने वाला है। संभवतः विश्व का सबसे छोटा फ्लाई ओवर तात्या



पारा शारदा चौक का होगा। रायपुर शहर वालों को इस बीच सरकार ने केवल 2 बड़ा तोहफा दिया है। एक अधूरे स्काईवॉक के पुनर्निर्माण और दूसरा विश्वविद्यालय के पास स्थित चौपाटी को तोड़ना,,। इससे बेहतर होता कि रायपुरा जाने वाले अंडर ब्रिज को चौड़ा करते,, साथ ही कुशालपुर एवं राजेंद्र नगर के अंडर ब्रिज को भी भाटा गांव ओवर ब्रिज जितना चौड़ा कर देते। तत्यापारा और शारदा चौक के चौड़ीकरण पर तो भाजपा के मेनिफेस्टो में 6 माह के अंदर उक्त काम को पूर्ण कर लेने की बात अटल विश्वास पात्र में किया गया था। अब स्थिति यह है की वर्तमान में निगम द्वारा जारी बजट में शारदा चौक से तत्यापारा केचौड़ीकरण का कोई उल्लेख ही नहीं किया गया जो जनता के साथ सरासर धोखा है। जनता के साथ इस प्रकार के व्यवहार भाजपा के जनप्रतिनिधि करेंगे ऐसा किसी ने सोचा भी नहीं था,,लगता है कि अब भाजपा को जनता के कामों से कोई लेनादेना नहीं है महतारी वंदन के 1000 को ही सबसे बड़ा काम मान लिए हैं।

**PICTURE-स्टोरी**



रायपुर 6 अप्रैल। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ रायपुर के जिला अध्यक्ष जी स्वामी , जिला आयुक्त एवं जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय के निर्देशानुसार तथा जिला सहायक आयुक्त एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा के मार्गदर्शन में , और स्काउट मास्टर रोहित वर्मा के नेतृत्व में भगत सिंग स्काउट दल अमेरी के स्काउट्स ने मेन रोड अमेरी में शरबत वितरण कर प्याऊ घर का शुभारंभ किया । प्याऊ घर का शुभारंभ अमेरी के सरपंच श्री सूरज शर्मा के द्वारा किया गया।

## विश्व नवकार दिवस पर महामंत्र का जाप 9 को

**रायपुर 6 अप्रैल।** आचार्य श्री जिनमणिप्रभ सूरीश्वर जी द्वारा प्रतिष्ठित श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी , भैरव सोसायटी में विश्व नवकार दिवस 9 अप्रैल को प्रातः 8 . 30 बजे से नवकार महामंत्र का जाप किया जावेगा । श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि विश्व में युद्ध की आग भड़की हुई है ऐसे समय में नवकार महामंत्र के नव पदों के उच्चारण की ध्वनि तरंगों से विश्व शांति , अहिंसा , जीव दया के वातावरण का निर्माण होगा । भयावह युद्ध , हिंसा के वातावरण में विश्व नवकार दिवस पर नवकार महामंत्र का जाप अहिंसा व शांति का संदेश देगा । पूरे भैरव सोसायटी , दावड़ा , वालफोर्ड , जैनम , आम्रपाली व आसपास के सभी जैन भाई बहनों से आग्रह है कि मंदिर जी में आकर अथवा अपने घरों में 8 . 30 बजे से नवकार महामंत्र का उच्चारण पूर्वक जाप करें । ध्वजा महोत्सव के अवसर पर मूक पशु पक्षियों की सेवा व मानव सेवा के प्रकल्प हो रहे हैं , ट्रस्टी नीलेश गोलछा व टीकम जैन ने बताया कि प्रवर्तिनी श्री निपुणा श्री जी की सुशिष्या श्री स्नेहयशा श्री जी की निश्रा में श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी श्री जिन कुशल सूरि जैन दादाबाड़ी का नवम ध्वजा महोत्सव 12 अप्रैल को होगा । 9 से 11 अप्रैल महिलाओं व बच्चों का तीन दिवसीय जैन धार्मिक शिक्षण शिविर आयोजित किया गया है । इस अवसर पर श्री विनय मित्र मण्डल के सहयोग से जयपुर पैर वितरण किया जावेगा । अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने कहा कि अहिंसा सेवा करुणा ही जैन धर्म का मूलमंत्र है । भगवान महावीर स्वामी के जियो और जीने दो उपदेश पर चलकर ही विश्वशांति सम्भव है ।

**12 अप्रैल को मंदिर व दादाबाड़ी के शिखरों पर चढ़ेगी नई ध्वजा**

# भूपेश बघेल नहीं चाहते थे नक्सलवाद खत्म हो: साव

**रायपुर 6 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद और सुरक्षाबलों की तैनाती पर राजनीतिक घमासान तेज़ हो गया है। बस्तर से सुरक्षाबलों की वापसी को लेकर उठ रहे सवालों के बीच उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर तीखा हमला बोला है। साव ने सीधा आरोप लगाया है कि भूपेश बघेल कभी नहीं चाहते थे कि छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद पूरी तरह खत्म हो। उन्होंने कहा कि बघेल को प्रदेश के विकास और खुशहाली से कोई लेना-देना नहीं था।

उप मुख्यमंत्री साव ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भूपेश बघेल की सरकार में पुलिस और सुरक्षा जवानों के हाथ बांध दिए गए थे। सुरक्षाबलों को अपनी कार्रवाई करने की पूरी स्वतंत्रता नहीं दी गई, जिसके कारण नक्सल विरोधी अभियानों पर सीधा असर पड़ा। उन्होंने दावा किया कि जब कांग्रेस की सरकार बनी थी, तब नक्सलियों ने खुशी मनाई थी। साव ने आगे कहा कि आज भी भूपेश बघेल और उनकी पार्टी की मंशा बार-बार साफ हो रही है कि वे नक्सलवाद को खत्म करने के पक्ष में नहीं हैं। यह बयान ऐसे समय में आया है जब राज्य सरकार नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नई रणनीति के साथ काम कर रही है।

सुरक्षाबलों की वापसी के सवाल पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने स्थिति साफ की। उन्होंने कहा कि यह निर्णय परिस्थितियों का आकलन करने के बाद ही लिया जाएगा। जब बस्तर और अन्य नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में हालात पूरी तरह नियंत्रण में आ जाएंगे, तभी जवानों की वापसी पर विचार किया जाएगा। इसका मतलब है कि सरकार सुरक्षा स्थिति को मजबूत किए बिना कोई कदम नहीं उठाएगी। यह फैसला राज्य की सुरक्षा और शांति के लिए बेहद अहम माना जा रहा है।

नक्सल प्रभावित लोगों के पुनर्वास को लेकर भी सरकार की योजनाएं तैयार हैं। उप मुख्यमंत्री साव ने बताया कि सरकार ने आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के लिए एक बेहतर पुनर्वास नीति बनाई है। इस नीति का मुख्य उद्देश्य ऐसे लोगों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है, ताकि वे हिंसा का रास्ता छोड़कर सम्मानजनक जीवन जी सकें। इसमें शिक्षा, रोजगार और अन्य सामाजिक सहायता जैसे पहलू शामिल हैं। सरकार का मानना है कि पुनर्वास नीति से नक्सलियों को हथियार डालने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा और शांति बहाली में मदद मिलेगी।

इसके साथ ही, सरकार नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले आम नागरिकों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर भी जोर दे रही है। इन इलाकों में अक्सर विकास और सरकारी सुविधाओं की कमी रहती है। सरकार की कोशिश है कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाएं हर नागरिक तक पहुंचें। ऐसा करके सरकार का लक्ष्य है कि इन क्षेत्रों के लोगों का जीवन स्तर सुधरे और वे नक्सलियों के प्रभाव से बाहर निकलकर मुख्यधारा से जुड़ सकें।

## कृषक जीवन ज्योति योजना के नाम पर किसानों से धोखाधड़ी

**रायपुर 6 अप्रैल।** जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने छत्तीसगढ़ भाजपा सरकार को किसान विरोधी मानसिकता वाली सरकार बताते हुए कहा कि रायपुर ग्रामीण जिले के सैकड़ों गांवों में कृषक जीवन ज्योति योजना के तहत किसानों से प्राप्त शिकायतों के अनुसार, कृषि पंपों के लिए अलग-अलग फीडर और अलग लाइन होने के बावजूद रोजाना शाम 5 बजे से रात 11 बजे तक नियमित बिजली कटौती की जा रही है। कई बार यह कटौती 10 घंटे से बढ़कर 12 घंटे तक पहुंच जाती है। रात के समय जब किसान खेतों में पानी चढ़ाने की कोशिश करते हैं, तब बिजली गायब हो जाती है। ट्यूबवेल नहीं चल पाते, पानी की टंकियां नहीं भर पातीं और फसलें सूखने लगती हैं। इससे छोटे-सीमांत किसानों की मेहनत की कमाई बर्बाद हो रही है। धान, सब्जियां और अन्य फसलें सूखकर नष्ट हो रही हैं। किसान रात-दिन खेतों में तड़प रहे हैं, लेकिन विष्णु देव साय सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ रहा। अलग फीडर, अलग लाइन बिछी होने के बावजूद यह मनमानी कटौती साफ तौर पर साजिश और किसान विरोधी मानसिकता को दर्शाती है।

# बृजमोहन ने दिया समाज में बदलाव व बच्चों को संस्कार देने पर जोर

**रायपुर 6 अप्रैल।** आज अग्रसेन धाम रायपुर में अग्रवाल सभा द्वारा आयोजित 2 दिवसीय परिचय सम्मेलन ओर अग्र मंथन के कार्यक्रम का समापन हुआ।

अध्यक्ष विजय अग्रवाल ने बताया की दूसरे दिन आज सुबह भी परिचय सम्मेलन में युवक युवतियों की काफी उपस्थिति रही आज भी काफी प्रत्याशियों ने अपना परिचय दिया, कुल 691 प्रत्याशियों का रजिस्ट्रेशन किया गया , परिचय सम्मेलन का समापन के पश्चात अग्र मंथन के कार्यक्रम की शुरुआत की गई जिसमें मुख्य अतिथि श्री बृजमोहन अग्रवाल जी संसद रायपुर , श्री राजीव अग्रवाल एवं श्री राजकमल सिंघानिया जी पूर्व विधायक उपस्थित रहे , बृजमोहन अग्रवाल जी ने आज फिर समाज को शिक्षा स्वस्थ ओर कन्या विवाह पर ज्यादा ध्यान देने हेतु प्रोत्साहित किया, अपने उद्बोधन में बृजमोहन अग्रवाल ने समय के हिसाब से समाज में बदलाव एवं बच्चों में संस्कारों को ओर बढ़ाने पर बल दिया, साथ ही समाज को एकजुट हूकर हर परिस्थित का सामना करने पे जोर दिया, श्री राजीव अग्रवाल जी ने समाज के लोगों की समाज के कार्यक्रमों में संगठन एवं समाज को जोड़ने की आवश्यकता पे बहुत ज्यादा बल दिया , अग्रवाल समाज में उन्होंने हर परिवार में कम से कम तीन बच्चों की आवश्यकता पर जोर दिया ,बाहर से आए सभी सामाजिक प्रतिनिधियों ने अपने अपने विषयों पे अपनी बाते रखी जिसमें आज के एकांकी परिवार, समाज में बढ़ती मितव्ययिता, बच्चों के परिवार से दूरी, समाज की अन्य परेशानियों पे विशेष चर्चा की गई ,सभी विषयों पे सकारात्मक चर्चा कर आगे बढ़ने की अपील की गई

महामंत्री श्री मनमोहन अग्रवाल ने अग्रसेन भवन में शादी योग्य बच्चों का बायो डाटा सेंटर चालू करने की जानकारी दी एवं पूरे प्रदेश के अग्रवाल समाज को बायो डाटा शुरू करने हेतु बल दिया,जिसके बाद हर जिले में एक बायोडाटा सेंटर बनाने पर सहमति बनी जिस से समाज के युवक युवती के संबंध में आसानी हो सके, प्रचार प्रभारी योगेश अग्रवाल ने बताया कि पूरे प्रदेश के सभी जिलो व शहर गाव से आए लगभग 50 से ऊपर अग्रवाल संगठनों के सदस्यों ने अपनी अपनी बात रखी।

**व्याख्यान** | **समाज से अंधविश्वास एवं सामाजिक कुरीतियों का निर्मूलन आवश्यक है जो वैज्ञानिक सोच व जागरूकता से संभव**

# टोनही के संदेह में प्रताड़ना शर्मनाक: दिनेश मिश्र



**रायपुर 6 अप्रैल।** अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष व नेत्र विशेषज्ञ डॉ. दिनेश मिश्र ने सुभाषचन्द्र बोस राज्य पुलिस अकादमी, चन्द्रखुरी रायपुर में व्याख्यान देते हुए कहा समाज से अंधविश्वास एवं सामाजिक कुरीतियों का निर्मूलन आवश्यक है, जो वैज्ञानिक सोच व जागरूकता से संभव है.विज्ञान की शिक्षा, एवं प्रौद्योगिकी के कारण देश में वैज्ञानिक उपलब्धियां बढ़ रही हैं शिक्षा के क्षेत्र में भी तकनीक का प्रभाव बढ़ है ,पर उसके बाद भी देश में अंधविश्वास और सामाजिक कुरीतियों के कारण अक्सर अनेक निर्दोष लोगों को प्रताड़ना का शिकार होना पड़ता है जिनमे डायन /टोनही के संदेह में प्रताड़ित महिलाओं की संख्या अधिक है.जादू टोना ,टोनही जैसे अंधविश्वास से जिससे बचाव ,राहत के लिए आम जन में जागरूकता के साथ लिए शिकायतों पर संज्ञान लेकर तुरंत कार्यवाही आवश्यक हैं. प्रदेश में सन 2005 से राज्य टोनही प्रताड़ना निरोधक कानून बना हुआ है, जिसके गांव गांव में प्रचार,प्रसार तथा और शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही से पीड़ितों को राहत मिलेगी.

डॉ. दिनेश मिश्र ने कहा सामाजिक अंधविश्वासों पर चर्चा, तर्क और विश्लेषण जारी रहना समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के लिए जरूरी है.वैज्ञानिक दृष्टिकोण का सम्बंध तर्कशीलता से है, वैज्ञानिक दृष्टिकोण हमारे अंदर अन्वेषण की प्रवृत्ति विकसित करता है,तथा विवेकपूर्ण निर्णय लेने में सहायता करता है, इस लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास हमारे संविधान का महत्वपूर्ण अंश है

किसी भी काम को यदि सही ढंग से किया जाये, मेहनत, ईमानदारी से किया जाए तो सफलता जरूर मिलती है। उन्होंने कहा कि 18वीं सदी की मान्यताएं व कुरीतियां अभी भी जड़े जमायी हुई है जिसके कारण जादू-टोना, डायन, टोनही, बलि व बाल विवाह जैसी परंपराएं व अंधविश्वास आज भी वजूद में है। जिससे प्रतिवर्ष अनेक मासूम जिन्दगियां तबाह हो रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे में वैज्ञानिक जागरूकता को बढ़ाने और तार्किक सोच को अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने आगे कहा कि अंधविश्वास व कुरीतियों के विरूद्ध सभी को एकजुट होकर आगे आना चाहिए। पुलिस भी इसमें एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है.

# छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग तीन विश्वविद्यालयों का घेराव

**रायपुर 6 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ में छात्रसंघ चुनाव फिर से शुरू करने की मांग को लेकर ह्स्ढ्ढ के सैकड़ों कार्यकर्ता और पदाधिकारी आज सड़कों पर उतरे और तीन प्रमुख विश्वविद्यालयों का घेराव किया। प्रदर्शनकारियों ने पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय और आयुष विश्वविद्यालय का घेराव करते हुए छात्रसंघ चुनाव बहाल करने की मांग उठाई।

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में प्रदर्शन सबसे ज्यादा उग्र रहा, जहां बड़ी संख्या में छात्र जुटे और जमकर नारेबाजी की। ह्स्ढ्ढ के प्रभारी महामंत्री हेमंत पाल ने कहा कि उनकी एकमात्र मांग है कि प्रदेश में पिछले कई वर्षों से बंद छात्रसंघ चुनाव को फिर से शुरू किया जाए।

उन्होंने कहा कि छात्रहितों की आवाज बुलंद करने के लिए छात्रसंघ चुनाव बेहद जरूरी है। प्रदर्शन के चलते विश्वविद्यालय



परिसरों में सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ताओं और पुलिस जवानों के बीच झूमाझटकी भी हुई। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है, छात्रों का आंदोलन जारी है। ह्स्ढ्ढ ने चेतावनी दी है कि अगर मांग जल्द पूरी नहीं की गई तो आंदोलन और उग्र रूप लेगा] जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26